WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, रविवार, 21 सितंबर 2025 कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 216 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश में कुकुरमुत्तों की तरह उगने वाले राजनीतिक दलों पर चुनाव आयोग ने डंडा चला दिया है। दो चरणों में 808 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को चुनाव आयोग ने आरयूपीपी की सूची से बाहर कर दिया है। ये पार्टियां विगत छह सालों से कोई चुनाव नहीं लड़ रही थी और नियमों का उल्लंघन कर रही थी। इनमें कई ऐसी पार्टियां हैं जिनके राष्ट्रीय अध्यक्ष को उनके मोहल्ले के लोग ही नहीं जानते हैं। ऐसी पार्टियां सिर्फ चंदा उगाही और काले धन को सफेद करने का काम करती थी। चुनाव आयोग की सख्ती से अब इनका गंदा धंधा बंद हो गया है। देर आयद दुरुस्त आयद।

अमूल ने 700 उत्पादों के दाम घटाए, कल से लागू होगी नई कीमतें

नई दिल्ली(ए.)। जीएसटी दरों में होने जा रहे बदलाव का असर नजर आने लगा है। इस बीच अमूल की मार्केटिंग कंपनी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने 700 उत्पादों के दाम घटा दिए हैं। नए मूल्यों के तहत एक लीटर घी की कीमतों में 40 रुपये तक की कटौती की गई है। कंपनी ने कहा है कि नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। मक्खन, घी, यूएचटी दूध, आइसक्रीम, पनीर, चॉकलेट, बेकरी रेंज, फ्रोजन डेयरी और आलू स्नैक्स, कंडेंस्ड मिल्क, पीनट स्प्रेड, माल्ट-बेस्ड ड्रिंक जैसे उत्पादों के मूल्य में संशोधन हुआ है।

11 फीसदी बढ़ा राजस्व

अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचने वाली सहकारी संस्था जीसीएमएमएफ ने पिछले वित्त वर्ष में राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह 65,911 करोड़ रुपये रही। यह मुख्य रूप से सभी श्रेणियों में मात्रा में वृद्धि के कारण हुआ। इसके बाद अमूल ब्रांड का कुल अन-डुप्लिकेट राजस्व पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 90,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2023-24 में लगभग 80,000 करोड़ रुपये था। जीसीएमएमएफ के स्वामित्व में 36 लाख किसान हैं।

एक लीटर घी 40 रु. तक सस्ता

इससे पहले मदर डेयरी ने भी 22 सितंबर से अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की घोषणा की थी। **कीमतों के बारे में वितरकों को दी जानकारी:** अमूल ने पहले ही अपने वितरक, अमूल पार्लर और खुदरा विक्रेताओं को कीमतों में हुई कटौती के बारे में जानकारी दे दी है। कंपनी ने कहा कि हमारा मानना है कि कीमतों में कमी से डेयरी उत्पादों, विशेषकर आइसक्रीम, पनीर और मक्खन की व्यापक रेंज की खपत बढ़ेगी। भारत में प्रति व्यक्ति खपत अभी भी बहुत कम है, जिससे ◼ शेष पृष्ठ 6 पर

इन चीजों की कीमतों में इतनी कटौती

अमूल ने 22 सितंबर से हो रही जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देने का निर्णय लिया है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने कहा कि मक्खन (100 ग्राम) का एमआरपी 62 रुपये से घटकर 58 रुपये कर दिया गया है। घी की कीमत 40 रुपये घटकर 610 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। अमूल प्रसंस्कृत पनीर ब्लॉक (1 किग्रा) का मूल्य 30 रुपये घटकर 545 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। जबकि फ्रोजन पनीर (200 ग्राम) का नया एमआरपी 22 सितंबर से 95 रुपये होगा, जो अभी 99 रुपये है।

एच-1बी वीजा पाबंदियों के असर का अध्ययन जारी

नई दिल्ली(ए.)। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा पर लगाई गई हालिया पाबंदियों पर बयान जारी किया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी संभावित प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है। साथ ही चेतावनी दी कि इस कदम के मानवीय परिणाम हो सकते हैं और यह कई परिवारों के जीवन में व्यवधान पैदा कर सकता है। विदेश मंत्रालय अपने बयान में यह स्पष्ट किया है कि इस मुद्दे पर गंभीर रूप से विचार किया जा रहा है और किसी भी निर्णय से पहले सभी हितधारकों की राय को शामिल किया जाएगा।

रक्षा मंत्री कल से मोरक्को प्रवास पर

नई दिल्ली (आईएएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 22 सितंबर से 23 सितंबर तक मोरक्को की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह यात्रा मोरक्को रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के निमंत्रण पर होगी। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की मोरक्को की पहली यात्रा होगी, जो भारत और मोरक्को के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजनाथ सिंह की इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की नई निर्माण इकाई का उद्घाटन होगा, जो बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म 8x8 का निर्माण करेगी।

ताकाइची पीएम पद की दौड़ में प्रमुख नेता के रूप में उभरीं

टोक्यो (वार्ता)। जापान में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की कद्दावर नेता सनाए ताकाइची प्रधानमंत्री पद की दौड़ में एक प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रही है।मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ताकाइची चार अक्टूबर को होने वाले प्रधानमंत्री पद के चुनाव में एलडीपी की कद्दावर नेता और एक प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रहीं हैं। जापान में सत्ता के सर्वोच्च पद पर पहुंचना उनकी एक दुर्लभ उपलब्धि होगी। वह एक कट्टर रूढ़िवादी हैं।

पीएम मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मैरीटाइम सेक्टर में किया बड़ा ऐलान

भावनगर (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समुद्री क्षेत्र (मैरीटाइम सेक्टर) में कई बड़े ऐलानों की झड़ी लगा दी। उन्होंने हजारों करोड़ रुपये के शिपिंग और पोर्ट प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया, साथ ही भारत को वैश्विक समुद्री शक्ति बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मनसुख मांडविया, सीआर पाटिल, शांतनु ठाकुर समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल भावनगर का नहीं, बल्कि पूरे भारत का है, जो समुद्र से समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा दुश्मन कोई बाहरी ताकत नहीं, बल्कि दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता है। उन्होंने कहा, '100 दुखों की एक ही दवाई है, आत्मनिर्भर भारत।' पीएम ने विदेशी निर्भरता को खत्म करने और हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत

भारत में पिछले 11 वर्षों में पोर्ट की क्षमता दोगुनी हुई है

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत में पिछले 11 वर्षों में पोर्ट की क्षमता दोगुनी हुई है। शिप टर्नअराउंड टाइम दो दिन से घटकर एक दिन से कम हुआ है। देश में बड़े पोर्ट्स बन रहे हैं और सागरमाला जैसी स्कीमों से कनेक्टिविटी भी बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि शिपबिल्डिंग को मदर ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज कहा जाता है, क्योंकि इससे जुड़े सेक्टरों में भी बड़े स्तर पर रोजगार सृजन होता है। शिप इंडस्ट्री की एक जॉब से सप्लाई चेन में 6-7 नई नौकरियां बनती हैं। पीएम मोदी ने बताया कि भारत अब दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है जो सी-फेरर्स (नाविक) सप्लाई करता है। जहां एक दशक पहले इनकी संख्या 1.25 लाख थी, वहीं अब यह 3 लाख से ज्यादा हो चुकी है।

की क्षमताओं को नजरअंदाज किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने भारत के शिपिंग सेक्टर को बर्बाद कर दिया, जिससे भारत को 95 प्रतिशत समुद्री व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर हो गया। ◼ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम 27 को बरहामपुर में सेवा पर्व में होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 सितंबर को बरहामपुर के रंगीलुंडा में राष्ट्रीय स्तर के सेवा पर्व' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ओडिशा का दौरा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री देश भर के आठ आईआईटी के क्षमता विस्तार की घोषणा करेंगे। वह कोरापुट-बैगुडा और मनाबार-कोरापुट-गोरपुर रेलवे लाइनों के दोहरीकरण का लोकार्पण करेंगे, संबलपुर-सरला फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे और देश भर में बीएसएनएल की स्वदेशी रूप से विकसित 4जी नेटवर्क सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री एमकेसीजी और विमसार मेडिकल कॉलेजों के लिए विश्व स्तरीय सुपर-स्पेशलिटी मान्यता की भी घोषणा करेंगे और एक राष्ट्रव्यापी कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। मोदी अंत्योदय योजना के तहत 50 हजार लाभार्थियों को आवास सहायता वितरित करेंगे और कई अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

मिडिल क्लास की सवारी होगी बुलेट ट्रेन

पहले टिकट बुक करने की नहीं पड़ेगी जरूरत : वैष्णव

मुंबई (आईएएनएस)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर नया अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि घनसोली और शिलफाटा के बीच लगभग 5 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण पूरा कर लिया गया है। शनिवार सुबह मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सुरंग बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स (बीकेसी) स्टेशन और शिलफाटा के बीच प्रस्तावित 21 किमी लंबी अंडरसी टनल का हिस्सा है, जिसमें 7 किमी हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे से होकर गुजरता है। समुद्र के नीचे बनाई जा रही इस सुरंग के महत्वपूर्ण सेक्शन में शनिवार को ब्रेकथ्रू (सुरंग का मिलन) ◼ शेष पृष्ठ 6 पर

पहला चरण 2027 में चालू हो जाएगा

उन्होंने कहा कि पहला चरण 2027 में चालू हो जाएगा। यह सूरत से बिलिमोरा के बीच चालू होगा। 2028 में ठाणे तक बुलेट ट्रेन का सफर शुरू होगा और उसके बाद 2029 तक यह प्रोजेक्ट बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स (बीकेसी) पहुंच जाएगा। किराए को लेकर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बुलेट ट्रेन मिडिल क्लास की सवारी होगी। पूरा फेयर स्ट्रक्चर मिडिल क्लास का फेयर स्ट्रक्चर रहेगा।

आज लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण

ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सूर्य ग्रहण एक अद्भुत खगोलीय घटना है। सूर्य ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है और सूर्य का कुछ या पूरा हिस्सा ढक जाता है। वहीं धार्मिक दृष्टिकोण से सूर्य ग्रहण तब होता है, जब राहु और केतु सूर्य को अपना ग्रास बना लेते हैं, जिससे कुछ समय के लिए सूर्य का प्रकाश पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाता। 21 सितंबर 2025 को साल का आखिरी सूर्य ग्रहण लगेगा। यह आंशिक सूर्य ग्रहण होगा। भारतीय समयानुसार यह ग्रहण रात 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगा। मध्यकाल रात 1 बजकर 11 मिनट पर आएगा और समाप्ति सुबह 3 बजकर 23 मिनट पर होगी।

हालांकि, यह खगोलीय घटना भारत में दिखाई नहीं देगी, क्योंकि उस समय भारत में रात होगी।

यह ग्रहण मुख्य रूप से दक्षिणी गोलार्ध के क्षेत्रों जैसे ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका और कुछ प्रशांत द्वीपों में दिखाई देगा। चूंकि भारत में ग्रहण दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक नहीं लगेगा, जो आमतौर पर ग्रहण से 12 घंटे पहले लगता है। धार्मिक दृष्टि से सूर्य ग्रहण को अशुभ माना जाता है। इस समय भोजन नहीं करना, नए कार्य की शुरुआत न करना, पूजा और ध्यान करना शुभ माना जाता है। ग्रहण के दौरान तुलसी, जल, अक्षत और अन्य पवित्र वस्तुओं से तर्पण करना अत्यंत लाभकारी होता है।

छत्तीसगढ़ कांस्टेबल का रिजल्ट घोषित

हर्षित कुमार ने 91.500 अंकों के साथ किया टॉप

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने छत्तीसगढ़ कांस्टेबल के 200 पदों लिए आयोजित लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम सीजी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। यह परीक्षा 27 जुलाई को आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 2,16,307 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परिणाम के साथ ही सभी अभ्यर्थियों की प्राप्तांक सहित कंबाइंड मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है।

हर्षित कुमार देवानगन ने किया टॉप: सीजी व्यापम की लिखित परीक्षा में हर्षित कुमार देवानगन ने 100 में से 91.500 अंक हासिल कर टॉप किया। रितेश कुमार गवेल 89.500 अंकों के साथ दूसरे और राहुल वर्मा 88.750 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। **इस दिन हुई परीक्षाः** आवेदन प्रक्रिया ◼ शेष पृष्ठ 6 पर

इतनी मांगी गई हाइट

पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 167.5 सेमी निर्धारित की गई है, जबकि अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए यह 165 सेमी है। पुरुषों का सामान्य स्थिति में सीना 81 सेमी और फुलाने पर 86 सेमी होना अनिवार्य है। महिला कर्मचारियों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 152.4 सेमी निर्धारित की गई है।

गुरुश्री तेगबहादुर सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए दी अपनी शहादत : सीएम साय

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के सेरीखेड़ी में गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह हमारा सौभाग्य है कि आज छत्तीसगढ़ की धरती पर आयोजित कीर्तन यात्रा का दर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी की अगुवाई कर रहे पंच प्यारों का सम्मान ◼ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने शहीद जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बीते शुक्रवार शाम असम राइफल्स पर हुए घातक हमले में छत्तीसगढ़ के बस्तर के रहने वाले रायफलमैन रंजीत सिंह कश्यप समेत दो जवान शहीद हो गए। इस दुखद घटना पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हमले की निंदा करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मणिपुर में असम राइफल्स पर हुआ हमला निंदनीय है।

गरमा - गरम

हवाला का पैसा ... महाराष्ट्र पासिंग गाड़ी में मिले 6 करोड़ 60 लाख रुपए

दुर्ग पुलिस ने पकड़ी नोटों की बड़ी खेप

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को हवाला कारोबारियों ने सुरक्षित ठिकाना बना रखा है। यहां पूरे देश में हवाला के रकम को खपाने का काम बेरोकटोक जारी है। पिछले महीने ही खैरागढ़ में पुलिस चेकिंग के दौरान बिनादस्तावेजी करोड़ों की रकम पुलिस ने जब्त की थी, अब दुर्ग पुलिस ने कुम्हारी में चेकिंग के दौरान नोटों की बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी पाई है। रायपुर से गुजरात जा रही महाराष्ट्र पासिंग गाड़ी से पुलिस ने 6 करोड़ 60 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं। गाड़ी में सवार 4 व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, कुम्हारी थाने के अंतर्गत पुलिस ने आज सुबह जांच के दौरान महाराष्ट्र पासिंग दो स्कार्पियो गाड़ी से बड़ी मात्रा में नोट मिले। इस संबंध में गाड़ी में सवार लोगों जानकारी मांगी गई

तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। बड़ी खेप में गाड़ी से नोट मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी अलेक्जेंडर किरो के साथ कुम्हारी टीआई जनक कुर्रे पहुंच गए। पुलिस पकड़े गए लोगों से नोट के संबंध में पूछताछ कर रहा है।

हवाला का है पैसा- जानकारी के अनुसार, बड़ी मात्रा में मिले नोटों के साथ पकड़े गए चारों व्यक्ति मूलतः गुजरात के रहने वाले हैं। चारों शख्स इन नोटों को ऊपर से मिलने वाले निर्देश पर रायपुर से गुजरात जाते समय बीच रास्ते में बांटते हुए

आयकर की भी टीम पहुंची

रायपुर से गुजरात जा रहे लोगों से बड़ी मात्रा में नोट मिलने की पुलिस से मिली सूचना के बाद आयकर विभाग की भी टीम मौके पर पहुंच चुकी है। दो गाड़ियों में आयकर विभाग के अधिकारी पूछताछ करने के लिए कुम्हारी थाना पहुंचे हैं। आयकर विभाग की टीम नोट से स्त्रोत के साथ-साथ इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी पड़ताल करेंगी।

जाते। नोट के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाए जाने से इस बात की पूरी आशंका है कि यह पैसा हवाला का है, जिसे अलग-अलग जगह खपाया जाने वाला था।

ओमन चांडी मेमोरियल ऑडिटोरियम का राहुल-प्रियंका ने किया उद्घाटन

वायनाड (आईएएनएस)। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने केरल के वेंगोड की कोट्टथरा ग्राम पंचायत में ओमन चांडी मेमोरियल ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ऑडिटोरियम की सामुदायिक भागीदारी और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका की बात कही।

राहुल गांधी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब मेरे ऊपर हमले हो रहे थे, तब वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की। यही तो परिवार का फर्ज होता है। आप लोगों ने मेरे साथ वैसा ही व्यवहार किया, जैसा मेरी बहन या मां करती हैं। आपके व्यवहार से मेरे साथ आपका ◼ शेष पृष्ठ 6 पर

‘वोट चोरी कर सत्ता में आए पीएम मोदी, हमारे पास पक्के सबूत : राहुल गांधी

’सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं कई राष्ट्रीय नेता’

वायनाड (केरल)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक ‘हाइड्रोजन बम’ सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की।

उन्होंने वायनाड में कहा, हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं। हमारे पास सौ फीसदी जानकारी है कि जो कुछ हुआ है, वह सामने आने वाला है।

उन्होंने अपने पिछली दो प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए कहा, हमने महादेवपुरा और आलंद में मतदाता की गलत तरीके से जोड़ी और हटाई गई जानकारी दिखाई है। हम इसे इस तरह दिखाएंगे कि भारत में कोई भी यह शक नहीं करेगा कि नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर चुनाव जीता है।

राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयोग (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर ‘वोट चोरों की रक्षा’ करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र से छह हजार मतदाताओं के नाम हटाने की जांच चुनाव आयोग के प्रमुख के खिलाफएक स्पष्ट आरोप है।

’ज्ञानेश कुमार के खिलाफचल रही सीआईडी जांच’

उन्होंने कहा, हमने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में काले और सफेद (ब्लैक एंड व्हाइट) में सबूत पेश किए। कर्नाटक में सीआईडी जांच चल रही है। सीआईडी ने वोट चोरी में इस्तेमाल फोन नंबरों की जानकारी मांगी है। ज्ञानेश कुमार ही वह सीईसी हैं, जिनकी कर्नाटक सीआईडी जांच कर रही है। इससे बड़ा आरोप चुनाव आयोग के प्रमुख पर नहीं हो सकता। यह मेरा बयान नहीं, बल्कि तथ्य है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका ‘हाइड्रोजन बम’ प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से जुड़ा होगा, तो उन्होंने कहा कि मीडिया का काम अटकलें लगाना है, जबकि काम अपना कार्य करना है। उन्होंने यह, ये अटकलें आपको लगानी हैं, यह अटकलें आपको लगानी है, मैं अपना काम करूंगा, मैं अपना काम करके दिखाऊंगा।

राहुल गांधी ने वायनाड में कन्नथारा ग्राम पंचायत में ओमन चांडी मेमोरियल ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पूर्व केरल मुख्यमंत्री ओमन चांडी हमेशा विनम्र रहे जबकि कुछ राष्ट्रीय स्तर के नेता सत्ता मिलने पर अहंकारी हो जाते हैं। उन्होंने कहा, आप देखेंगे कि कुछ नेता, जब उन्हें थोड़ी सत्ता मिलती है, तो वे अहंकारी हो जाते हैं। भारत में कई बड़े नेता हैं जिनमें विनम्रता नहीं है। लेकिन ओमन चांडी विनम्र क्यों थे? क्योंकि उनका केरल के लोगों से गहरा जुड़ाव था।

राहुल गांधी ने कहा, जब मुझ पर हमला हुआ, वह बहुत ही क्रूर हमला था, तब वायनाड के लोगों ने मेरी रक्षा की। यही एक परिवार का सदस्य करता है। आपने मेरे साथ वैसा ही व्यवहार किया, जैसा मेरी बहन या मेरी मां करतीं। आपके व्यवहार ने मेरे साथ एक गहरा रिश्ता बना दिया।

’लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों की सीईसी ने की रक्षा’

18 सितंबर को राहुल गांधी ने नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में ज्ञानेश कुमार पर भारत के लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों का बचाव करने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि ‘हाइड्रोजन बम’ अभी सामने आना बाकी है, लेकिन एक समूह विशेष रूप से अल्पसंख्यक वोटों को काट रहा है जो खासतौर पर कांग्रेस को वोट देते हैं। चुनाव आयोग ने जवाब में कहा कि कोई भी आम व्यक्ति ऑनलाइन मतदाताओं के नाम नहीं हटा सकता है। आयोग ने साफकिया कि आलंद में किसी भी मतदाता का गलत तरीके से नाम नहीं हटाया गया है।

परिवारवाद को संविधान से ऊपर रखती है कांग्रेस : शहजाद पूनावाला

बेंगलुरु (आईएएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी परिवारवाद को संविधान और लोकतंत्र से ऊपर मानते हैं।

बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी का असल मुद्दा भारत का चुनाव आयोग नहीं है, बल्कि ‘ईएमआई’ है। उन्होंने कहा कि ये ईएमआई वो नहीं जो भरी जाती है।

इस ईएमआई का मतलब इंदिरा की आपातकालीन मानसिकता और इंदिरा के पोते की हकदारी वाली मानसिकता को बनाए रखना। गांधी परिवार मानता है कि परिवार तंत्र, लोकतंत्र से ऊपर है।

शहजाद पूनावाला ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और इंदिरा गांधी के करीबी सहयोगी देवकांत बरुआ ने कहा था कि भारत इंदिरा है, इंदिरा भारत है’, यह परिवार आज भी उसी सोच को अपनाए हुए है, जो संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों से ऊपर परिवारवाद को रखता है।

पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी को लगता है कि परिवार तंत्र संविधान तंत्र से ऊपर है। इसलिए अगर वे चुनाव हार जाते हैं तो चुनाव आयोग खराब हो जाता है। अगर कोर्ट में केस हार जाते हैं तो न्यायपालिका खराब है, लेकिन जब तेलंगाना में कांग्रेस चुनाव जीतती है तो उन्हें कोई परेशानी नहीं होती। झारखंड के चुनाव परिणाम के बाद भी राहुल गांधी को कोई शिकायत नहीं होती। जम्मू-कश्मीर में भी उन्हें कोई दिक्कत नहीं है।

पूनावाला ने आगे कहा कि राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट गए। कोर्ट ने उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को ‘निराधार’ करार दिया। उन्होंने कर्नाटक में कांग्रेस के शासन को ‘खटाखट गड्ढा मॉडल’ करार देते हुए इसे ‘लूट, झूठ और फूट’ का मॉडल बताया।

चिप हो या शिप... हमें बनाने होंगे

पीएम मोदी ने विदेशी निर्भरता को बताया दुश्मन

’कांग्रेस की नीतियों ने नौजवानों का बहुत नुकसान किया’

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत के हर सामर्थ्य को नजरअंदाज किया, इसलिए आजादी के 6-7 दशकों बाद भी भारत वो सफलता हासिल नहीं कर पाया, जिसके हम हकदार थे। इसके दो बड़े कारण रहे- लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा। दुनिया के बाजार से अलग-थलग रखा। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया।

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने ‘समुद्र से समृद्धि’ कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए आज इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत बहुत बधाई। 17 सितंबर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं... व्यक्तिगत तौर पर सबका धन्यवाद करना संभव नहीं है, लेकिन भारत के कोने-कोने से, विश्वभर से ये जो प्यार मिला है, आशीर्वाद मिले हैं। ये मेरी बहुत बड़ी संपत्ति है, ये मेरी बहुत बड़ी ताकत है। इसलिए मैं आज सार्वजनिक रूप से देश और दुनिया के सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2047 तक हमें विकसित होना है तो भारत को आत्मनिर्भर होना ही होगा... इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। 140 करोड़ देशवासियों का एक ही संकल्प होना चाहिए- चिप हो या शिप... हमें भारत में ही बनाने होंगे।

’100 दुखों की एक ही दवा आत्मनिर्भर भारत

पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। सच्चे अर्थ में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता...। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना ही होगा। जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता... उतनी ज्यादा देश की विफलता। विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए... दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। 140 करोड़ देशवासियों के भविष्य को हम दूसरों पर या उनकी निर्भरता पर नहीं छोड़ सकते। भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता है। 100 दुखों की एक ही दवा है और वह है आत्मनिर्भर भारत, इसलिए हमें चुनौतियों से टकराना होगा और भारत को आत्मनिर्भर बनकर दुनिया के सामने खड़ा होना होगा।

शिक्षा विभाग में 20.47 करोड़ की हेराफेरी, 134 खातों में गए गबन के पैसे

917 फर्जी बिलों का इस्तेमाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), इंदौर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने कमल राठौर और अन्य आरोपी व्यक्तियों द्वारा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय (बीईओ), कट्ठीवाड़ा, जिला अलीराजपुर, मध्य प्रदेश में फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में 917 फर्जी बिल लगाए गए। इसके जरिए 20.47 करोड़ रुपये की हेराफेरी कर 134 बैंक खातों में गबन की राशि जमा करा दी गई। गबन की राशि को सफेद करने के लिए वह पैसा कई जगहों पर निवेश कर दिया गया।

14 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया

ईडी ने बिलों की धोखाधड़ी से निकासी और सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 4.5 करोड़ रुपये मूल्य की 14 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई पुलिस स्टेशन कट्ठीवाड़ा, जिला अलीराजपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय, कट्ठीवाड़ा के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच के बाद की गई है। ईडी की जांच से पता चला है कि 917 फर्जी बिलों के जरिए 20.47 करोड़ रुपये की हेराफेरी कर 134 बैंक खातों में जमा किए गए।

अनुमोदित फर्जी बिलों से सरकारी धन की हेराफेरी

जांच में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) पर तैयार और अनुमोदित फर्जी बिलों के माध्यम से 2018-2023 के बीच बड़े पैमाने पर सरकारी धन की हेराफेरी का पता चला। इसके अलावा, मुख्य आरोपी व्यक्ति यानी कमल राठौर को ईडी ने 07.08.2025 को गिरफ्तार किया था और वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है।

कनाडा की एनएसए ने की अजित डोवाल से मुलाकात

सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं खुफिया सलाहकार नथाली जी. ड्रोइन ने नई दिल्ली म एनएसए अजित डोवाल से मुलाकात की। उनकी यह यात्रा दोनों पक्षों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा वार्ता का एक हिस्सा थी। बातचीत के दौरान दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को एक नए मुकाम पर ले जाने के लिए सहयोगात्मक नजरिया अपनाने पर सहमत हुए। भारतीय विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दोनों देशों के एनएसए के बीच हुई वार्ता की जानकारी दी। दोनों पक्षों ने राजनीतिक नेतृत्व के उच्चतम स्तरों पर विश्वास के पुनर्निर्माण और सहयोग के विस्तार की स्पष्ट गति को स्वीकार किया। उन्होंने आतंकवाद निरोध, अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान सहित दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए उपयोगी चर्चा की। दोनों देश सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और मौजूदा जुड़ाव तंत्र को और सुदृढ़ करने पर सहमत हुए। दोनों एनएसए ने भविष्य में सहयोग के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श किया और क्षेत्रीय एवं वैश्विक विकास पर विचार साझा किए। कनाडा की एनएसए नथाली जी. ड्रोइन की इस यात्रा को जून महीने में अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास माना जा रहा है। मार्क कार्नी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत-कनाडा के बीच संबंधों को सुधारने, व्यापार, ऊर्जा, कृत्रिम रूप से जीवनोपयोगी सामग्री समेत कई मुद्दों और क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत और कनाडा पारस्परिक सम्मान व साझा हितों के आधार पर मिलकर काम करेंगे।

रूस ने रातभर यूक्रेन पर दागे 500 से ज्यादा ड्रोन, ट्रंप से मुलाकात करेंगे जेलेंस्की

नई दिल्ली। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से मिलेंगे। इस बीच यूक्रेन पर रूस ने हमले तेज कर दिए हैं। ट्रंप रूस और यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए काफी समय से प्रयासरत हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली है। जेलेंस्की ने शनिवार को बताया कि रूस ने रात भर में अपने सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक को अंजाम दिया, जिसमें यूक्रेन पर 40 मिसाइलें और लगभग 580 ड्रोन दागे गए, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। जेलेंस्की ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बैठक करेंगे और ट्रंप के साथ बातचीत के दौरान वह यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी और रूस पर प्रतिबंधों पर चर्चा करेंगे। यूक्रेन ने भविष्य में रूसी हमलों को रोकने के लिए पश्चिमी समर्थित सुरक्षा गारंटी पर जोर दिया है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन में पश्चिमी सैनिकों की कोई भी टुकड़ी अस्वीकार्य और वैध निशाना होगी।

युद्ध को शीघ्र समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में चल रहा प्रयास रुक गया है और रूस ने पुतिन और जेलेंस्की के बीच बैठक की संभावना को प्रभावी रूप से खारिज कर दिया है - जिसे कीव शांति की दिशा में एकमात्र रास्ता मानता है। जेलेंस्की ने शनिवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा, ÷अगर नेताओं के बीच कोई बैठक नहीं होती है या, उदाहरण के लिए, कोई युद्धविराम नहीं होता है, तो हम प्रतिबंधों की उम्मीद करते हैं।

जेलेंस्की ने आगे कहा, हम पुतिन के साथ बैठक के लिए तैयार हैं। मैंने इस बारे में बात की है। द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय, दोनों ही स्तर पर। वह तैयार नहीं हैं। रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए नवीनतम हवाई हमले में, जेलेंस्की ने पहले सोशल मीडिया पर कहा था कि क्लस्टर हथियारों से लैस एक मिसाइल ने मध्य शहर दिनप्रो में एक अपार्टमेंट इमारत को सीधे निशाना बनाया। उन्होंने आग लगी कारों और एक इमारत की तस्वीरें और पास में बिखरे मलबे के बीच एक व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर ले जाते बचावकर्मियों की तस्वीरें पोस्ट कीं।

जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत की जनसुनवाई

जोधपुर(आईएएनएस)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र स्थित आवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस और विपक्षी नेताओं पर करारा प्रहार किया। शेखावत ने हाल ही में जोधपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा आरएसएस और भाजपा पर की गई टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि लोकतंत्र में अभद्र भाषा और अनर्गल बयानबाजी की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने लोकतंत्र में स्वच्छता की बात कही थी। महात्मा गांधी ने भी जीवन में संयम और वाणी में मर्यादा पर बल दिया था। लेकिन आज कांग्रेस के नेता इन्हीं महान विभूतियों के नाम पर राजनीति करते हुए अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह उनके संस्कार का परिचायक है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और उसके कार्यकर्ता इस तरह की भाषा का प्रतिकार कर सकते हैं, लेकिन यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। शेखावत ने कांग्रेस नेता सुपारस भंडारी को धन्यवाद भी दिया कि उन्होंने गलती स्वीकार करते हुए क्षमा याचना की और इसे लोकतंत्र की सच्ची भावना बताया। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों में तीन सीटों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जीत को केंद्रीय मंत्री शेखावत ने राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बताया।

पाक को झूठा साबित करने के लिए भारतीय एयरफोर्स दिखाए सभी रफाल : पवन

नई दिल्ली(आईएएनएस)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावों को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने झूठा बताया है। साथ ही कहा है कि उन्हें विश्वास है कि भारतीय वायुसेना निश्चित रूप से इस दावे का खंडन करेगी और सभी रफाल दिखाएगी। पवन खेड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ने कुछ टेल नंबर दिए हैं, जो संभवतः कल या परसों ही जारी किए गए होंगे। उन्होंने दावा किया है कि पाकिस्तान हमेशा झूठे दावे करता है और भारतीय वायुसेना हर बार उसके झूठ को बेनकाब करती है। अगर हमारी वायुसेना रफाल दिखाएगी तो चीजें स्पष्ट हो जाएंगी और पाकिस्तान का झूठ सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी एयरफोर्स पाकिस्तान का मुंह बंद कराना जानती है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ऐसी हरकतें कर हमारी सेना का मनोबल तोड़ने की कोशिश करता है। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि पाकिस्तान को तुरंत जवाब दिया जाए। सबूत के साथ पाकिस्तान के दावों को नष्ट करना चाहिए। अमेरिका की ओर से एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाए जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि अब हमारे उन बच्चों को, जो वहां काम कर रहे हैं, हर साल एक लाख डॉलर देने होंगे।

भारत समुद्री खाद्य निर्यात में एक ग्लोबल लीडर

- **2030 तक निर्यात को दोगुना कर 15 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य**

नई दिल्ली (आईएएनएस) । भारत वर्तमान में 132 देशों को आपूर्ति करने के साथ समुद्री खाद्य निर्यात में एक ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। देश ने 2030 तक अपने निर्यात को दोगुना कर 15 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। भारत ने 2024-25 के दौरान 16,98,170 टन सीफूड निर्यात किया, जिसकी कीमत 62,408.45 करोड़ रुपए (7.45 बिलियन डॉलर) थी, जबकि 2023-24 में 17,81,602 टन का निर्यात हुआ था, जिसकी कीमत 60,523.89 करोड़ रुपए (7.38 बिलियन डॉलर) थी। यह वैश्विक व्यापार में उतार-चढ़ाव के बावजूद इस क्षेत्र की मजबूत क्षमता को दर्शाता है। सीफूड एक्सपोर्टर्स एसोशिएशन ऑफ इंडिया ने एसईएआई के इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो 2025 से पहले जानकारी देते हुए कहा कि मत्स्य पालन क्षेत्र 3 करोड़ मछुआरों और फिश फार्मर की आजीविका को भी समर्थन देता है, जिसकी देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रतिबंध से छूट खत्म | टैरिफमुद्दे पर भारत-अमेरिका रिश्तों में आई खटास के बीच ईरानी स्वतंत्रता एवं प्रसार-रोधी अधिनियम

भारत को व्यापक नुकसान पहुंचाएगा चाबहार पर अमेरिकी फैसला

कनेक्टिविटी बढ़ाने की परियोजनाओं पर ब्रेक

नई दिल्ली। चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से छूट खत्म करने का अमेरिकी फैसला भारत को आर्थिक और रणनीतिक नुकसान पहुंचाने वाला साबित होगा। एक तरफ जहां भारत इस बंदरगाह के बुनियादी ढांचे के विकास पर 85 मिलियन डॉलर (749 करोड़ रुपये) का निवेश कर चुका है जबकि 120 मिलियन डॉलर (1057 करोड़ रुपये) की योजनाएं पाइपलाइन में हैं। वहीं यूरोप, रूस, अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया तक सीधी पहुंच के कारण इसे रणनीतिक स्तर पर चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का जवाब माना जाता रहा है।

टैरिफ मुद्दे पर भारत-अमेरिका रिश्तों में आई खटास के बीच ईरानी स्वतंत्रता एवं प्रसार-रोधी अधिनियम (आईएफसीए) के तहत चाबहार को प्रतिबंधों से मिली छूट 29 सितंबर से खत्म करने का फैसला भारत के लिए दोहरा झटका है। इस कदम से बंदरगाह पर भारतीय संचालकों के खिलाफ अमेरिका की तरफसे जुर्माने लगाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। इसने भारत की सबसे अहम क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं में से एक के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चाबहार न केवल भारत का सबसे नजदीकी ईरानी बंदरगाह है, बल्कि समुद्री दृष्टिकोण से भी एक उत्कृष्ट बंदरगाह है। भारत के 2018 में सरकारी कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लि. के माध्यम से चाबहार स्थित शाहिद बेहेस्ती टर्मिनल का संचालन नियंत्रण अपने हाथ में लिया था। तभी से यह बंदरगाह पाकिस्तान को दरकिनार कर अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया के लिए व्यापार मार्गों को सुरक्षित करने की नई दिल्ली की रणनीति का एक अहम हिस्सा बन गया है।

निवेश, विकास और कारोबार पर असर

विशेषज्ञों की मानें तो छूट खत्म होने से चाबहार पोर्ट से जुड़ी निवेश, उपकरण सप्लाई, रेल परियोजना जैसी तमाम गतिविधियों और वित्तीय लेन-देन पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हो सकते हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपकरण लाना महंगा और जटिल हो जाएगा। शिपिंग और फाइनेंस की लागत बढ़ने से भारतीय कंपनियों के ठेके और कारोबार पर सीधा असर पड़ेगा। 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाए तो भारत को अफगानिस्तान की आर्थिक और मानवीय सहायता के लिए चाबहार के इस्तेमाल को लेकर छूट मिली थी। छूट की वजह से ही भारत ने इस बंदरगाह के विकास पर खासा निवेश किया।

न्यूज गैलरी

आरक्षक भर्ती परीक्षा के माडल उत्तर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में आरक्षक भर्ती परीक्षा के माडल उत्तर जारी कर दिए गए है। इन उत्तरों को लेकर उम्मीदवार 23 सितंबर की शाम तीन बजे तक आनलाइन आपति दर्ज करा सकते हैं। व्यापम कार्यालय में जाकर या डाक के माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। हर प्रश्न पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए 50 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक (सिपाही), चालक और ट्रेडमैन के पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में व्यापमं द्वारा 14 सितंबर को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। यह परीक्षा प्रदेश के पांच जिलों में हुई, जिसमें लगभग 40 हजार अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। यह भर्ती प्रक्रिया अक्टूबर 2023 में शुरू हुई थी। पहले चरण में फिजिकल टेस्ट हो चुका है और अब पात्र अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

आइएफएस मेंस की परीक्षा 2025 का शेड्यूल जारी

रायपुर/नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इंडियन फारेस्ट सर्विस (आइएफएस) मुख्य परीक्षा 2025 का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह परीक्षा 16 से 23 नवंबर तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिये आइएफएस के कुल 150 पदों पर चयन किया जाएगा। वहीं एडमिट कार्ड परीक्षा से कुछ दिन पहले यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार, पैन, पासपोर्ट आदि) अनिवार्य रूप से लाना होगा। परीक्षा अंग्रेजी 300 अंक, सामान्य ज्ञान 300 अंक, विषय-विशेष के दो पेपर प्रत्येक 200 अंक (कुल 400 अंक), पर्सनैलिटी टेस्ट (साक्षात्कार) 300 अंक है। कुल 1,700 अंक होगा। इनमें मेस 1,400 और इंटरव्यू 300 अंक का होगा।

बीडी प्रसाद बने रायपुर रेल मंडल के समन्वयक

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस, बिलासपुर जोन के महामंत्री एल। पीताम्बर ने बी।डी। प्रसाद को रायपुर मंडल समन्वयक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से रायपुर मंडल मजदूर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। 19 सितंबर 2025 को बी।डी। प्रसाद ने इस पद को सहर्ष स्वीकार कर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण के बाद बी।डी। प्रसाद ने कहा कि वे रायपुर मंडल मजदूर कांग्रेस को और मजबूत करेंगे। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों की दैनिक समस्याओं को रेलवे प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाने और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहने का वादा किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वैरिशा शाखा सचिव शैलेश साहू, डीआरएम कॉम्प्लेक्स शाखा सचिव बी सुरेश, डीजल शेड शाखा सचिव मनोज राय, अर्थन बैंक डायरेक्टर भीमराव बोदलकर सहित विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह नियुक्ति रायपुर मंडल में रेलवे कर्मचारियों के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

301 भवन स्वामियों की 1.04 करोड़ की एफडीआर राशि राजसात

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम के जोन 9 के कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने बताया कि जोन के अंतर्गत 301 भवन स्वामियों द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित न करने के कारण उनकी जमा 1 करोड़ 4 लाख 1623 रुपये की एफडीआर राशि को राजसात करने की कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर की गई। जोन 9 के नगर निवेश विभाग के अनुसार, वर्ष 2012 से 2017 के बीच भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त करते समय इन भवन स्वामियों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए सुरक्षा राशि के रूप में एफडीआर जमा किया था। हालांकि, निर्धारित समयावधि बीतने के बाद भी इन 301 भवन स्वामियों ने अपने भवनों या भूमि पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किया और न ही जमा एफडीआर राशि को मुक्त करने के लिए जोन के नगर निवेश विभाग में आवेदन जमा किया।

प्रदेश में एक जनवरी से शुरू होगा एसआइआर

रायपुर/नवप्रदेश। बिहार और मध्य प्रदेश के बाद अब प्रदेश में भी वोटर लिस्ट के एसआइआर (विशेष सघन पुनरीक्षण) की तैयारी तेज हो गई है। प्रदेश में एक जनवरी 2026 से इसका काम शुरू होगा। प्रदेश के जिलों में 2003 की मतदाता सूची से 2025 की वोटर लिस्ट का मिलान शुरू हो गया है। प्रदेश में वोटर लिस्ट के विशेष सघन पुनरीक्षण को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है।

निधन

रीनू ठाकुर

रायपुर/ नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग की सहायक

संचालक श्रीमती रीनू ठाकुर का 19 सितम्बर को मुंबई में निधन हो गया है। वे अधिवक्ता सूरज मिश्रा की पत्नी और आदित्य व अनुराधा ठाकुर की बहन थी। उनका अंतिम संस्कार 21 सितम्बर रविवार को सुबह दस बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा।

2400 साल पुराने नोट, सिक्के देखने उमड़ी हजारों की भीड़

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में समता कॉलोनी के श्रीरामनाथ भीमसेन भवन में दक्षिण कौशल मुद्रा परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी ने लोगों का ध्यान खींचा है। शुक्रवार से शुरू हुई इस अनूठी प्रदर्शनी में 150 साल पुराने ब्रिटिश काल के टेलीफोन, फैंसी नंबर वाले नोट और सिक्के, पुराने कैसेट्स, कैमरे, पेजर, प्राचीन बर्तन, मूर्तियां, कंपास और रत्न जैसी दुर्लभ वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। आयोजकों के अनुसार, यह रायपुर में अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी है, जो 21 सितंबर तक सुबह 10.30 बजे से शाम 7.00 बजे तक खुली रहेगी।

आयोजक समिति के सदस्य अभिषेक बंसल ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को पुरानी और विलुप्त हो रही संस्कृति से जोड़ना और ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व की वस्तुओं के प्रति जागरूक करना है। प्रदर्शनी में मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, बेंगलुरु, नागपुर और छत्तीसगढ़ के संग्रहकर्ताओं ने

30 स्टॉल्स लगाए हैं, जहां दुर्लभ और प्राचीन वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। भूतल पर प्रदर्शित वस्तुओं को उचित मूल्य पर खरीदा भी जा सकता है, जबकि प्रथम तल पर रखी गई दुर्लभ वस्तुएं केवल देखने के लिए उपलब्ध हैं।

संग्रहकर्ता संजय चोपड़ा ने बताया कि प्रदर्शनी में एक लाख नोटों में से एक ही सीरियल नंबर वाले 20 से अधिक नोटों का संग्रह विशेष आकर्षण का केंद्र है। इन नोटों को जुटाने में वर्षों की मेहनत लगी है। प्रदर्शनी में शामिल वस्तुओं की दुर्लभता और ऐतिहासिक महत्व के आधार पर संग्रहकर्ताओं ने उनके मूल्य भी निर्धारित किए हैं।

यह प्रदर्शनी न केवल रायपुरवासियों के लिए, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर संग्रहकर्ताओं और इतिहास प्रेमियों के लिए भी एक अनूठा अवसर है, जहां वे पुरानी संस्कृति और दुर्लभ वस्तुओं की झलक देख सकते हैं और खरीद सकते हैं।

अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खमतराई के नहरपारा स्थित एक होटल से 5 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं, एक नाबालिग बालक और एक नाबालिग बालिका शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 15 किलो 100 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग 1।5 लाख रुपये है, जब्त किया है।

होटल के कमरे में रंगे हाथ पकड़े गए तस्कर

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ। लाल उमेद सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम को 19 सितंबर 2025 को सूचना मिली कि नहरपारा के एक होटल में कुछ लोग गांजा रखे हुए हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए होटल के कमरे की तलाशी ली, जहां तीन वयस्क और दो नाबालिग मौजूद थे। बैग की जांच में 15।1 किलो गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपियों में जितेंद्र कश्यप (27, राजस्थान), अस्मिता विजय ठाकुर (35, गुजरात), अम्बिका विजय परमार (45, गुजरात) और दो नाबालिग (विधि के साथ संघर्षरत) शामिल हैं। ये सभी राजस्थान और गुजरात के मूल निवासी हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ थाना गंज में अपराध क्रमांक 242/25, धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

करोड़ों के राशन घोटाले से जुड़ा मामला

यह कार्रवाई रायपुर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तस्करों ने राशन घोटाले से प्राप्त धन का उपयोग गांजा तस्करी में किया हो सकता है। खाद्य विभाग ने हाल ही में खमतराई की दो राशन दुकानों में 19 लाख रुपये के चावल और शक्कर गायब होने का खुलासा किया था, जिसके तार इस तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। कार्रवाई में थाना गंज के प्रभारी निरीक्षक भावेश गौतम, एसीसीयू प्रभारी परेश पांडे और उनकी टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क का पता लगा रही है।

19 लाख के राशन घोटाले का खुलासा, एफआईआर दर्ज

पुलिस की जांच के बाद गांजा तस्करी से जुड़े तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के खमतराई क्षेत्र में दो सरकारी राशन दुकानों में 19 लाख रुपये से अधिक की अनियमितता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मां कंकाली महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित इन दुकानों में 464।28 क्विंटल चावल (मूल्य 18।56 लाख रुपये) और 3।95 क्विंटल शक्कर (मूल्य 23 हजार रुपये) की कमी पाई गई। खाद्य विभाग ने तीन साल बाद इस मामले में शशि सोनी नामक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

दो दुकानों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

खाद्य विभाग की जांच में दुकान आईडी 441001194 में 222।69 क्विंटल चावल और 3।24 क्विंटल शक्कर, जबकि दुकान आईडी 441001014 में 241।59 क्विंटल चावल और 0।71 क्विंटल शक्कर की कमी सामने आई। कलेक्टर के निर्देश पर

राशि जमा न करने के कारण खाद्य विभाग ने थाने में अपराध दर्ज कराया। रायपुर के नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि ऐसी गड़बड़ियों वाली सभी दुकानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। अब तक आधा दर्जन दुकान संचालकों पर कार्रवाई हो चुकी है।

करोड़ों का राशन घोटाला उजागर

जांच में सामने आया कि रायपुर जिले में 2021 से 2023 के बीच कई राशन दुकानों में अनियमितताएं हुईं। संचालकों ने नागरिक आपूर्ति निगम से प्राप्त राशन को राइस मिलरों को बेच दिया और कमी की राशि का भुगतान भी नहीं किया। खाद्य विभाग ने शशि और जनक सोनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर दोनों दुकानों को निलंबित कर दिया गया।

अध्यक्ष पर फर्जीवाड़े का लगा आरोप

आरोपित शशि सोनी ने दावा किया कि उन्हें फर्जी दस्तावेजों के आधार पर समूह का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने कलेक्टोरेट के जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी और कलेक्टर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया था। हालांकि, बिना जांच के उनके और उनके पति जनक सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। शशि का कहना है कि उनसे फोन पर धमकी देकर 4 लाख रुपये की वसूली भी की गई। उन्होंने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर असली आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

राइजिंग एग्री समिट में शामिल हुए कृषि मंत्री नेताम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पशुधन एवं मछली पालन मंत्री रामविचार नेताम गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित राइजिंग एग्री समिट में शामिल हुए। उन्होंने आनंद जिले के प्रसिद्ध अमूल प्रोसेसिंग प्लांट के डेयरी प्रबंधन, आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीकों और मूल्य संवर्धन की प्रक्रियाओं का अवलोकन भी किया। गुजरात में आयोजित इस समिट में देश-विदेश के विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के साथ कृषि क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि गुजरात मॉडल की तर्ज पर ही इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों को राज्य की नीतियों और योजनाओं में शामिल कर किसानों और पशुपालकों के लिए नए अवसर सृजित किए जाएंगे।

मंत्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सभी प्रकार के किसानों के उन्नति के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने समिट में बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार समर्थन मूल्य के साथ-साथ कृषि उन्नति योजना लाकर किसानों के समृद्धि के लिए काम कर रही है, वहीं भूमिहीन मजदूर किसानों के लिए भी वार्षिक सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार कृषि विकास के कार्यों के साथ ही पशुपालक और मत्स्य किसानों की सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिए हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में निवास करने वाले जनजातीय परिवारों को दुधारु गाय दिए जा रहे हैं। इससे वनांचल में रहने वाले जनजातियों को अतिरिक्त आमदनी हो रही जिससे, उनके जीवन में बदलाव देखने को मिल रहा है।

मंत्री नेताम ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ में डेयरी और पशुधन क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए लिए गए फैसलों व बनाए गए नीतियों सहित संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उनके साथ पशुधन विकास विभाग के निदेशक चंद्रकांत वर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

अमलेश्वर में परसदा मगरघटा बगीचा नाला पुल को मंजूरी

यामिनी यादव, पार्षद

अमलेश्वर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने अमलेश्वर पालिका के परसदा मगरघटा बगीचा नाला पर पुल निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस पुल के बनने से हजारों यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी और बारिश के मौसम में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। यह मांग वार्ड नंबर 15 की पार्षद यामिनी यादव ने सुशासन त्यौहार के दौरान आवेदन के माध्यम से उठाई थी।

6 साल से अधूरी थी मांग

पार्षद यामिनी यादव ने बताया कि परसदा मगरघटा मार्ग पर बगीचा नाला के पास पुल का निर्माण लंबे समय से प्रस्तावित था, लेकिन पिछले 6 वर्षों से यह कार्य रुका हुआ था। इस मार्ग से अमलेश्वर, भोथली, मगरघटा, परसदा, कुम्हारी और नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सड़क जुड़ी है। बारिश के दिनों में नाले पर पुल न होने के कारण मार्ग कट जाता था, जिससे स्कूली बच्चों, दिहाड़ी मजदूरों, कॉलोनी और गांव के निवासियों सहित हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

यात्रियों को हो रही थी दिक्कत

यामिनी यादव के अनुसार, इस मार्ग का उपयोग स्कूली बच्चे, मजदूर और अन्य यात्री करते हैं। बारिश में बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होती थी, वहीं कामगारों को अपने कार्यस्थल तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए पार्षद ने सुशासन त्यौहार में पुल निर्माण का आवेदन दिया था, जिसे राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया।

सरकार ने सभी वर्गों के लिए किया सरलीकरण : चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत टाऊन हॉल में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रबुद्ध सम्मेलन से प्राप्त सुझावों को केंद्र और राज्य सरकार लागू करती है, जिससे जनता की भागीदारी सुनिश्चित होती है। मुख्य वक्ता कुरूद विधायक व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कांग्रेस शासन की तुलना में वर्तमान सरकार की उपलब्धियों पर जोर देते हुए कहा कि अब हर घर में शौचालय और पानी की पाइपलाइन उपलब्ध है। पहले महिलाओं को शौच के लिए रात का इंतजार करना पड़ता था और पानी के लिए लंबी कतारें लगती थीं। चंद्राकर ने यह भी बताया कि भारत अब आयात-निर्यात रुपये में करता है, जिससे वैश्विक मंच पर उसका दबदबा बढ़ा है।

कार्यक्रम में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थोरानी, कैट के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत तुषार चोपड़ा, अकबर अली, राजकुमार राठी, सोनू सलूजा, नवीन शर्मा, नवीन जैन और हरीश ठाकुर ने किया। संचालन अमित मैशेरी और आभार प्रदर्शन राजकुमार राठी ने किया। सम्मेलन में जसप्रीत सिंह, कांति पटेल, डॉ. सुजीत परिहार, पूजा शर्मा, सीए अमिताभ दुबे, सविता गुप्ता, स्मिता पांडे, बिंदिया अग्रवाल, वेदिका जैन, संतोष श्रीवास्तव, मोनू आहूजा, सुब्रत घोष, जितेंद्र नाग, रमेश शर्मा, दीपक शर्मा, संतोष जैन, सरिता साहू, रविंद्र सिंह ठाकुर, संजीव सोनी सहित अनेक प्रबुद्धजन शामिल हुए।

4 नौतनवा एक्सप्रेस रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर-डोमिंगढ़ स्टेशन पर तीसरी लाइन कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ी संख्या 18201 (दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस): 24 सितंबर 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली यह ट्रेन रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18202 (नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस): 26 सितंबर 2025 को नौतनवा से रवाना होने वाली यह ट्रेन रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18205(दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस): 25 सितंबर 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली यह ट्रेन रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18206 (नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस): 27 सितंबर 2025 को नौतनवा से रवाना होने वाली यह ट्रेन रद्द रहेगी।

प्रथम जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ......

जन्मदिन 21/09/2025

अद्विक (बाबू भाई) दुबे
को प्रथम जन्मदिन
की बधाई एवं
शुभकामनाएं ....

शुभेच्छु - मम्मी-पापा -राशिका सुधांशु दुबे ,दादी-दादा -तारणी घनश्याम दुबे (राजपुरोहित),
बडे मम्मी- पापा- मनीषा सुयश दुबे, दीदी -त्रिशिका , नुपुर,निष्ठा,तुष्टि दुबे, ग्राम सढौली गरियाबंद
नानी -नाना-बबिता नरेंद्र तिवारी (छुरा)
मामा - अधिवक्ता तुषार तिवारी रायपुर

सुनो भाई उधो

धान नहीं ड्रग के कटोरा बनगे छत्तीसगढ़

परमानंद वर्मा

अनदेखना मन के आंखी फूटय पट-पट ले, मर जाय, खप जाए, नांव बुता जाय ओकर मन के, जउन छत्तीसगढ़ ला देख नइ सकत हें।

जेन बाहिर, आन परदेश ले आथे तउन मन देखते साठ कहिथे- अहा छत्तीसगढ़ कतेक सुंदर बने हे चुक-चुक ले पुतरी बरोबर, काजर आजे सोलह बछर के मुचमुचावत परी, बामी मछरी सही बिछलत, रेंगत दीखते, इही पाके सब जिहां पाबे तिहां गोठियावत रहिथे- भइया 'छत्तीसगढिय़ा सबले बढिय़ा।

'काहत लागय धान के कटोरा छत्तीसगढ़ तउन अब ओ धान तो एक कोती होगे, नंदागे, अब ओ 'ड्रग के कटोरा होगे हे।

कोन गांव, कोन शहर, गली-गली मं 'ड्रग के फसल अइसे लहलहावत हे, जइसे कभू खेत मं सावन-भादो के महीना मं दिखथे नजर भर जथे, अइसे लगथे जइसे देखते राह, पोटार ले, दूनो बांह मं कबिया के जइसे कोनो परेमिका ला ओकर परेमी पोटारथे।

छत्तीसगढ़ मं 'ड्रग क्वीन के चारो मुड़ा शोर उड़त हे। उड़ही कइसे नहीं, छत्तीसगढ़ के भुइंया अइसन वइसन नइहे। इहां के माटी सोना, हीरा, पन्ना के छोड़े का खनिज नइ उगलत हे। तेमा अभी नवा फसल आय हे 'ड्रग, अभी ये कारोबार ल क्वीन मन संभाले हे।

इहां राजा, महराज, नवाब, जमींदार, मालगुजार जइसन बड़े-बड़े परतापी मन राज करे हे, माता कौशल्या के जन्मभूमि हे, राजा, रानी, राजकुमारी काहय ओ मन ला आज समे के संगे-संग ओकर मन के नांव बदलगे, अब नवा नांव धराय हे 'क्वीन।

छत्तीसगढ़ मं षोड़सी, बीस, पच्चीस साल के हंसमुख चंचल नयना अउ गुलबदन के 'क्वीन जेने कोती पाबे तेने कोती देख ले। का गांव, का शहर, का महानगर, गली-गली मं अइसे दीख जही, मिल जही, जइसे पुष्प वाटिका, अशोक वाटिका मं किसम-किसम के फूल दीख जथे।

काबर ककरो मन नइ मोहाही, आंखी पटपटाही, अइसन बड़े फजर खिले गुलाब, अउ ताजा कमल के गदराय फूल के रूप, रंग ला देखके?

जइसे छत्तीसगढ़ धान वइसने इहां के 'ड्रग अउ क्वीन। देश-विदेश मं शोर हे, आवत हे, जात हे। छत्तीसगढिय़ा मन भोकवा, धर ले रिहिन हे धान भर ला, अउ दूसर बर गतर नइ चलत रिहिस हे। जानही तब ना करहीं। एके ठन डौकी के पाछू जीवन गुजार देवय। आज देख जमाना कतेक बदलगे हे।

एके ठन साग-सब्जी ला कतेक दिन ले खाबे, असकटा नइ जाबे। सुवाद बदले खातिर नवा-नवा साग बदले ले परथे अउ देख फेर ओकर मजा। अइसने कस धान के फसल लेवत-लेवत उबकाई आय ले धरिस तब नवा फसल 'ड्रग के लेना शुरू होइस। ये फसल पहिली मॉल, होटल, रिसॉर्ट, क्लब, फार्म हाउस, अउ गांव, शहर, महानगर मं लेना शुरू करिन।

नवा फसल ला पहिली नमूना के बतौर गुपचुप ढंग ले लेना शुरू होइस। महंगा बीज हे तब एकर लागत घला वइसने महंगा होवत गीस। फेर जब फसल दनदना के होइस तब भाव घला वइसने तगड़ा मिलना शुरू होइस। अब तो धान के फसल लेबर किसान भुलावत हे, अउ बड़े-बड़े उद्योगपति, नेता, मंतरी, नौकरशाह, राजा, महाराजा, नवाब, जमींदार, मालगुजार मन तक एला लेना शुरू कर दे हे। बताथे- एकर सुवाद गजबेच सुंदर हे।

फेर बताथे- ये फसल ले खातिर लाइसेंस नइ ले हें तेकर सेती पुलिस अइसन धंधा करइया मन के पाछू परगे हे। अब पुलिस ला तो जानत हौं, सुंघियावत रहिथे- कहां कोन गलत करत हे? ये 'ड्रग के धंधा तो कबके चलत हे कतको लखपति अउ करोड़पति बनगे हे। का पुलिस नइ जानत होही के ये माल कहां ले आवत हे, अउ कोन-कोन, कहां-कहां करत हे?

एक झन छोकरी सपड़ मं आगे, तभे का ओकर आंखी खुलिस होही? अइसे तो हो नइ सकय?

पुलिस ओ छोकरी के नांव 'क्वीन धर दे हे। ओहर सब झन के नांव बकर देहे। जेमा बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपति, नौकरशाह, विश्वविद्यालय, कॉलेज के शिक्षक, विद्यार्थी मन हे। का पुलिस हा ओकर मन के नांव उजागर कर सकत हे?

काबर नइ करत हे, करना चाही, का के डर हे? सबके इज्जत के सवाल हे, है ना?

नांव टिपा हे तेकर मन के तो नींद हराम होगे हे। शराब, सुंदरी, सट्टा-जुआ के फेर मं जउन परही तेकर मन के तो अइसने गति होथे।

जाती बिराती

....

माते रहिबे माते रहिबे माते रहिबे गा,
तंय हर माते रिहिबे गा अलबेला मोर
गांजा कली ला पीके माते रहिबे।
हा हा माते रहिहो रे अलबेली मोर,
गांजा कली ला पीके माते रहिहो।।

आमा ला टोरे खाहुंच कहिके रे,खाहुंच कहिके ,
मोला दग़ा दिये जोड़ी आहुंच कहिके रे, आहुंच कहिके।।

शारदीय नवरात्रि मां की उपासना का पर्व

मुकेश ऋषि

शारदीय नवरात्र का स्वर्णिम अवसर माॅ की उपासना का जगत में महत्वपूर्ण महापर्व है। शारदीय नवरात्र की उपासना सिर्फ फलदायी ही नहीं कल्याणकारी, पापनाषिनी व मोक्षदायी होती है। नवरात्र आगमन से पूर्व ही प्रकृति के कण-कण में माॅ की शक्ति का संचार हो जाता है। दशों द्वार खुल जाते हैं। मां दुर्गा के नौ स्वरूप की पूजा प्रतिदिन होती है। प्रथम दिन मां षैलपुत्री, द्वितीय दिवस मां ब्रह्मचारिणी, तृतीय दिवस मो चंद्रघंटा, चतुर्थ दिवस मां कुष्मांडा, पंचम दिवस स्कंदमाता छठा दिवस मां कात्यायनी सप्तम दिवस मां कालरात्रि अष्टम दिवस मां महागौरी व नवम दिसव मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है व विजयादशमी को रावण वद्ध किया जाता है। घट स्थापना करके दुर्गा, गायत्री शक्ति की उपासना की जाती है। इस वर्ष 22 सितम्बर सोमवार से नवरात्र अनुष्ठान आरंभ हो रहा है। नवरात्र में मां की शक्ति की अनुभूति सूक्ष्म रूप में, दृष्य-परिदृष्य रूप में उनकी छवि दृष्टिगोचर होने लगती है। सच्चे तत्वदर्शी भक्तों से यह गूढ़ रहस्य समझा व जाना जा सकता है। माॅ अपनी संतान के कल्याण हेतु हृदय खोलकर समस्त अनुदान, वरदान ऋद्धि-सिद्धि समय-समय पर अनवरत लुटाती आनंदित रहती है। लेकिन अनुदान, वरदान को धारण करने हेतु सुपात्र बनने की महती आवष्यकता व अनिवार्यता को शास्त्रों में वर्णित किया गया है। कोई भी सच्चा भक्त अपनी पात्रता को सुविकसित कर लेता है, वह माॅ के अनुदानों-वरदानों को प्राप्त करने का असली अधिकारी स्वयं को सिद्ध करता है। पात्रता के अभाव में अमृत अनुदान की प्राप्ति निरर्थक सिद्ध होती है। इस कारण यह स्वर्णिम अवसर मणिमुक्तक, हीरे, जवाहरात से भी बहुमूल्य ही नहीं अमूल्य ईष्वरीय उपहार को धारण करने हेतु अति श्रेष्ठतम है। जिसके द्वारा पशुवत जीवन को देवत्व के मार्ग पर अग्रसर क्रिया जाना संभव ही नहीं समाचीन है। दुर्लभ मानव जीवन के उद्धार, सद्गति हेतु अन्य कोई विधा, उपाय व तरीका नहीं है। साधना उपासना ही अनंत के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रमुख माध्यम है। इसी से जीवन में जागृति होती है। जड़ता का समापन और चेतना की ज्योति प्रखर करने हेतु अन्य कोई विधा का वर्णण किसी शास्त्र, ग्रंथ में नहीं है। ऋषि प्रणीत विद्या को आत्मसात करके कोई भी अपने जीवन के भाग्य का द्वार खोल सकता है। मानव का सुविकसित स्वभाव होना ही जीवन के उत्थान हेतु जरूरी है। श्रेष्ठ लक्षण ही षक्ति धारण करने हेतु पात्रता का आधार है। विघ्न, बाधा, परेशानी, संकट आये दिन पंक्तिवद्ध बनी रहती है। इससे उबरने के लिए शक्ति व ज्ञान की जरूरत होती है। यही सर्वसमर्थ अमूल्य संपदा है, जिसे पाकर मानव जीवन महानता के उच्च शिखर, सोपान चढ़कर आनंद का रसास्वादन करता है। साधना उपासना की गहराई में गोता लगाकर ही जीवन को धन्य बनाने का अमूल्य रत्नों से बहुमूल्य रत्न हस्तगत करना ऋषियों के लिए संभव हुआ है। उन्हीं के मार्ग का अनुगमन कर माॅ की भक्ति उपासना करने का सुअवसर प्राप्त करने व लाभान्वित होने का शारदीय नवरात्र का आगमन होता है। इस अवसर पर व्यक्ति अनुष्ठान, व्रत, उपवास, तप-तितिक्षा दुर्गा पाठ, जप कोई विधा व मार्ग अपनाकर अपनी पात्रता को सुविकसित करते हैं। पाप-ताप, प्रारब्ध के कारण जो माॅ की भक्ति, उपासना से बनी दूरी का समापन कर पुण्य संवर्द्धन करना साकारात्मक विषय-वस्तु है। ऐसा संभव हुआ तो शारदीय नवरात्र मानव के भाग्य को बदलने में अवष्य ही सार्थक सिद्ध होगा। हम अपनी श्रद्धा विष्वास, समर्पण के भाव को माॅ की भक्ति में अधिक से अधिक लगाये तो हमारा जीवन धन्य बने, सद्गति प्राप्त होगी, जन-जन का कल्याण संभव हो सकेगा। सृष्टि के प्राणीयों को संरक्षण प्राप्त होगा। साधना उपासना का महाविज्ञान यही है कि निज को समर्पित भाव से माॅ की भक्ति में लय करें। स्वयं का लय, विलय, विसर्जन का प्रमुख आधार है भक्ति। भक्ति में निमग्न होना यानि माॅ के प्रेम में इतना डूब जाना कि जागतिक मोहमाया, लालसा, वासना, कामना की चाहत न रहकर मात्र साधना उपासना का प्रेय मार्ग ही मन-आत्मा में पसंद आये और हर पल की इच्छा अंतर्रात्मा में माॅ की छवि आत्मसात किये रहने की आंतरिक शिशिविषा, व्यग्रता समाहित हो, संचरित रहे। यही साधना उपासना के महाविज्ञान की कसौटी को भक्त की भक्ति में सिद्ध होना जीवन की परीक्षा में सफल होना है। इसका विस्तारपूर्वक वर्णन देवी भागवत व मार्कण्डेय पुराण में है। इस दैवी शक्ति के संचार से भौतिक और अध्यात्म का स्थूल व सूक्ष्म रूप उपासना के क्रम में साधक के अंदर परिलक्षित होता है। इसी महाविज्ञान को जीवन में सुविकसित कर लेना जीवन की सार्थकता और सद्गति प्राप्ति का प्रेय व श्रेय मार्ग है। घटस्थापना शुभ मुहूर्तः-हिंदू पंचांग के अनुसार, 22 सितंबर को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 06 बजकर 09 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 06 मिनट तक रहेगा। वहीं, अभिजीत मुहूर्त11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस दौरान भी साधक घटस्थापना कर सकते हैं।

साल का आखिरी सूर्यग्रहण

122 साल बाद ये संयोग

ज्योतिष प्रतीक भट्ट के मुताबिक, 122 साल बाद ऐसे संयोग निर्माण बन रहा है कि ग्रहण से ही पितृपक्ष की शुरुआत हो रही है और ग्रहण से ही पितृपक्ष का समापन भी हो रहा है। साल 2025 से पहले ऐसा संयोग साल 1903 में बना था।

इन राशियों के लिए अशुभ

साल 2025 का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण वैसे तो भारत में नहीं दिखेगा. फिर भी इसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर पड़ेगा, जिसमें इसका नकारात्मक प्रभाव वृषभ, कर्क, कन्या, धनु, मकर और कुंभ पर पड़ेगा।

21 सितंबर को साल का आखिरी सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है. यह ग्रहण आंशिक होगा, जो कि भारत में दृश्यमान नहीं होगा. क्योंकि, यह भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां इसके सूतक नियम लागू नहीं होंगे. लेकिन ग्रहण चाहे कहीं भी दिखे, इसका असर प्रकृति और वातावरण पर ज़रूर पड़ता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहण के समय नकारात्मक ऊर्जा सक्रिय हो जाती है. यह सूर्य ग्रहण कन्या राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में लगने जा रहा है जिससे इसका महत्व ओर ज्यादा बढ़ा जाएगा. तो चलिए जानते हैं कि साल का आखिरी सूर्य ग्रहण कहां कहां दिखेगा और किन राशियों के लिए ये अशुभ भी रहेगा।

सूर्य ग्रहण की अवधि

भारतीय समयानुसार, साल का आखिरी और दूसरा सूर्य ग्रहण 21 सितंबर, रविवार के दिन लगेगा. इस ग्रहण की शुरुआत भारतीय समयानुसार, रात 11 बजे होगा और इसका समापन 22 सितंबर की अर्धरात्रि में 3 बजकर 23 मिनट पर होगा. इसकी कुछ अवधि 4 घंटे से अधिक की होगी। इस ग्रहण की पीक टाइमिंग रात 1 बजकर 11 मिनट रहेगी.

कहां कहां दिखेगा ये सूर्य ग्रहण

यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह मुख्य रूप से दक्षिणी प्रशांत महासागर, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों से दिखाई देगा। चूंकि, यह भारत में नजर नहीं आएगा, इसलिए यहां सूतक काल लागू नहीं होगा।

सूर्य ग्रहण – जब चंद्रमा अपनी परिक्रमा करते हुए पृथ्वी और सूर्य के बीच आ जाता है और सूर्य की रोशनी का कुछ हिस्सा या पूरा भाग धरती पर नहीं पहुंच पाता, तो उसे सूर्य ग्रहण कहते हैं। हालांकि, 21 सितंबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण आंशिक होगा।

पितृपक्ष में दो ग्रहण होने का इतिहास से संबंध

ज्योतिष प्रतीक भट्ट के मुताबिक, साल 1903 में किंग एडवर्ड सप्तम और रानी एलेक्जेंड्रा का राज्याभिषेक हुआ था। इसके अलावा, इस साल में बंगाल विभाजन की योजना तैयार की गई थी और मद्रास में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था. साथ ही, इसी साल में भारत में अंग्रेजों की नींव मजबूत हुई थी।

सूर्य ग्रहण 2025 पर ग्रहों की स्थिति

ज्योतिष प्रतीक भट्ट के मुताबिक, इस साल सूर्य ग्रहण पर ऐसी स्थिति बन रही है कि कन्या राशि में यह ग्रहण लग रहा है। वहीं, सिंह राशि में शुक्र-केतु की द्विग्रही युति का निर्माण होने जा रहा है. शुक्र और केतु युति हमेशा बहुत खराब मानी जाती है। ऐसे में शुक्र सुख के कारक है, वह केतु के साथ सुख को भंग कर रहे हैं।

इसके अलावा, कन्या में सूर्य, चंद्र, बुद्ध एक साथ होंगे, निश्चित तौर पर ऐसे में चंद्र की स्थिति खराब मानी जा रही है।

तुला राशि में मंगल बैठे हैं. यानी, जहां ग्रहण हैं उसके एक आगे वाली राशि और ठीक एक पीछे राशि परेशान स्थिति में आ सकती है. वहीं, 30 साल बाद कन्या में सूर्य-शनि आमने सामने आकर

समसप्तक योग का निर्माण करेंगे. साथ ही, शनि-मंगल की अशुभ स्थिति से षडाष्टक योग का निर्माण भी होने जा रहा है।

अन्तर्वेदना

प्रिया देवांगन

मुझे अपनी शरण में ले लो राम ले लो राम
मुझे अपनी शरण में ले लो राम!!

रानो तुम ये उदासी भरा भजन क्यों गा रही हो और ये क्या तुम्हारी आँखें सरोवर की तरह डबडबा गई हैं? प्यारे ने अपनी पत्नी रानो के कंधे पर हाथ रखते हुए पूछा।

प्यारे! अब जीवन अंतिम पड़ाव पर है, भगवान भजन ही हमें मोक्ष की ओर ले कर जाएगा। रानो प्यारे के हाथ पर हाथ रखती हुई बोली।

धत् पगली! हमने कौन सा पाप किया। पाप ही तो.....रानो आगे कुछ बोलती उससे पहले ही प्यारे ने उनको चुप करा दिया।

अच्छा सुनो रानो! हाँ प्यारे कहो; पता है न इस बार हमारी वैवाहिक वर्षगांठ के दिन कौन आने वाला है।

अरे हाँ..... ! मैं कैसे भूल सकती हूँ। रानो मुस्काती हुई बोली। क्या रानो तुम भी न!

प्यारे!..... न जाने क्यों मेरा हृदय उनसे मिलने को इतना आतुर है, और दूसरी तरफ कोने में छिपा भय बार-बार संकेत कर रहा है, लेकिन क्या?

मुझे समझ नहीं आ रहा है। तभी! रानो और प्यारे की बातें उनके खास मित्र लखन लाल जी ने सुन लिया और बोलेङ्क ÷क्या बहन जी; आपको हमने कितनी बार समझाया कि ज्यादा मत सोचिए आप लोगों को बहुत अच्छा तोहफा मिलने वाला है; खास मैनेजर साहब ने इंतजाम किया है।

भई....मैनेजर साहब से हम बहुत बार मिल चुके हैं अब आप लोगों की बारी है।"

थोड़ी देर बाद...... दूर खड़ी प्यारे और रानो की केयर टेकर आई और बोली- "सुनो....सुनो....सुनो!

सभी एक जगह इकट्ठा हो जाइए। आप लोगों को जिस पल का इंतज़ार था वह ख़त्म हुआ।" सभी के चेहरों पर मुस्कान की लालिमा दस्तक देने लगी।

चलो....चलो रानो जल्दी चलो; वे आ गए हैं। दोनों एकङ्कदूसरे का हाथ पकड़ कर तेज चलने लगे। प्यारे की खुशी का ठिकाना ही नहीं था मानो कोई अपना आया हो।

हाँ प्यारे अब चलो भी!

ओह! इतनी अच्छी सजावट मैंने आज तक नहीं देखी। रानो अपने दोनों गालों पर हाथ रखती हुई हैरानी से बोली। सच....आखिर मैनेजर साहब कौन और कहाँ हैं? चलिए न प्यारे...! सबसे पहले उनको आशीर्वाद देकर धन्यवाद करते हैं।

अरे! शायद वे रहे मैनेजर साहब। पीछे मुँह करके खड़े हैं, जैसे ही प्यारे ने उनके कंधे पर हाथ रखा मैनेजर साहब उनकी तरफ मुड़े।

ये क्या!... प्यारे ये तो तुम्हारा भतीजा है। जो विदेश में रहता है। हाँ रानो! कुछ सेकेंड तक तीनों एकङ्कदूसरे की तरफ टकटकी लगाए देखते रहे। प्यारे की लड़खड़ाती जुबान बोली- "आपने तो हमें सरप्राइज़ ही कर दिया।"

मैनेजर साहब! सही कह रहे थे लोग; धन्य हैं तुम्हारे माता-पिता धन्य हैं; जो तुम्हें जन्म दिए हैं। बोलती हुई रानो मैनेजर साहब के दोनों हाथों को पकड़ कर रोने लगी। देर से ही सही तुम्हें अक्ल तो आई।

जो बेटा अपने माँङ्कबाप के जीते जी सेवा न कर सका। आज उनके गुजर जाने के बाद इतने बड़े वृद्धाश्रम में दूसरों के माँ-बाप को संभालने और खुश रखने की जिम्मेदारी उठा रहा है। ये पश्चाताप का अच्छा अवसर ढूँढ रखा है बेटा। प्यारे ऊँची आवाज में बोले। अपनी नाराज़गी जताते हुए प्यारे, रानो का हाथ पकड़ उल्टे पाँव कमरे की तरफ लौट गए। वृद्धाश्रम में खड़े बुजुर्गों की आँखें भर आईं। दूसरी तरफ मैनेजर साहब सर झुकाए फफ्क कर रो पड़े। रानो और प्यारे को उनकी इकसठवीं वर्षगांठ के तोहफ़े ने हृदय की गहराई तक झकझोर दिया।

सर्वपितृ अमावस्या, पितरों की श्रद्धापूर्ण विदाई

21 सितंबर यानी रविवार को सर्वपितृ अमावस्या मनाई जाएगी। सर्वपितृ अमावस्या पितृ पक्ष का आखिरी दिन होता है। इसे महालया अमावस्या भी कहते हैं। माना जाता है कि ये दिन पितरों की विदाई का दिन होता है।

इस दिन भूले-बिसरे पितरों के लिए भी श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किया जाता है. इस दिन ब्राह्मण भोज और दान-पुण?य कराने का विशेष महत्व है. इस खास दिन कुछ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी माना गया है। आइये जानते हैं सर्वपितृ अमावस्या के दिन क?या करना चाहिए और क्या नहीं।इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या की तिथि 21 सितंबर की रात 12 बजकर 17 मिनट से प्रारंभ होगी और इस तिथि का समापन 22 सितंबर की रात 1 बजकर 23 मिनट पर होगा. उदयातिथि के अनुसार महालया अमावस्या अथवा सर्वपितृ अमावस्या का पर्व 21 सितंबर यानी कल ही मनाई जाएगी. इस दिन पूर्वा फाल्गुनी और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के साथ चतुष्पद करण का भी विशेष संयोग बन रहा है।

सर्व पितृ अमावस्या भूले -बिसरे पितरों के श्राद्ध और तर्पण का दिन है. इस दिन ब्राह्मण-भोजन कराना, पंचबली श्राद्ध यानी कौआ, कुत?ते, गाय और चींटी को भोजन कराना चहिए।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपको आज का दिन शांत रहकर बिताने की सलाह है। अन्यथा सारा दिन संबंधियों से रूठने मनाने में ही व्यतीत हो जायेगा।

वृषः आज के दिन भी आपको अनचाहे हालातो का सामना करना पड़ेगा। जिस भी कार्य को करेंगे उसमे व्यवधान आएगा।

मिथुनः आज का दिन आपको अवश्य धन लाभ करायेगा कारोबार व्यवसाय में अचानक बढ़ोतरी होगी लेकिन सहकर्मियों का विपरीत व्यवहार से क्रोध भी आयेगा।

कर्कः आज के दिन आपकी दिनचार्य में उठापटक लगी रहेगी। आज जिस भी कार्य को करें बीच-बीच मे उसकी समीक्षा अवश्य करले गलत दिशा में जाने की संभावना है।

सिंहः आज का दिन भी आपकी सुख सुविधा में बढ़ोतरी वाला है। परन्तु स्वभाव में लापरवाही भी रहने से इसका पूरा लाभ नही उठा पाएंगे।

कन्याः आज का दिन भी आपको कुछ ना कुछ हानि ही करायेगा। परिवार अथवा कार्य क्षेत्र पर कोई दुखद घटना होने की संभावना है।

तुलाः आज के दिन भी परिस्थिति लाभदायी बनी रहेगी लेकिन धन कमाने के लिए आपको बौद्धिक परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा आज आपके साथ लंबे समय तक के लाभ के संबंध जुड़ेंगे।

धनुः आज के दिन आप निश्चिन्त होकर दिनचार्य बिताएंगे। दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा।

मकरः आज का दिन आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के आरंभ थोड़े विलम्ब से होगा पूजा-पाठ के लिये समय निकालेंगे।

कुंभः आज आप का दिन उत्तम रहेगा लेकिन आज आप अनजाने में किसी गलतफहमी के शिकार होंगे जिससे स्नेहीजन से तकरार होगी।

मीनः आज के दिन आपको किसी परिचित से नई व्यवहारिक सीख मिलेगी। आपके मन में भी आज कुछ नया सीखने अथवा करने की भावना रहेगी।

सूर्योदय : 06:18, सूर्यास्त : 06:22, चन्द्रोदय : 29:25, चन्द्रास्त :17:32, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आश्विन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : पूर्वानफाल्गुनी, योग : शुभ, प्रथम करण : विष, द्वितीय करण : शकुनि (24:16 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कन्या, चंद्र : सिंह, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कन्या (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) हाल ही में भारत के किस शहर में जैवदीप्त तरंगें देखी गईं?

2) वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म फेस्टिवल 2025 का आयोजन कहां किया गया था?

3) तेलंगाना में मूसी नदी के पुनर्जीवन के लिए किस दक्षिण कोरियाई नदी परियोजना को मॉडल के रूप में उपयोग किया जा रहा है?

4) गेलफू 'माइंडफुलनेस सिटी' परियोजना किस देश द्वारा शुरू की गई है?

5) हाल ही में दिवंगत हुईं कुमुदिनी लाखिया किस शास्त्रीय नृत्य से जुड़ी थीं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चेन्नई (2) नई दिल्ली (3) हान नदी (4) भूटान (5) कथक

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -176

आदि कर्मयोगी अभियान गांव के विकास का रोडमैप : कलेक्टर उईके

कलेक्टर उईके ग्राम केराबाहरा और कोसमी (द) पहुंचकर आदि सेवा केंद्र में ग्रामीणों से की चर्चा, अभियान में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण

■ **आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सर्वे व मानचित्रण कार्य का लिया जायजा**

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस उईके ने आज ग्राम पंचायत जोबा के आश्रित ग्राम केराबाहरा और ग्राम पंचायत कोसमी (द) का दौरा कर आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आदि सेवा केंद्र पहुँचकर ग्रामीणों से चर्चा की और अभियान की गतिविधियों की जानकारी ली।कलेक्टर ने ग्रामीणों को कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान वास्तव में गांव के विकास का रोडमैप है, जिसमें हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को योजनाबद्ध तरीके से सशक्त बनाना है। उन्होंने ग्रामीणों से सर्वे कार्य की प्रगति पूछी और प्रशिक्षण की उपयोगिता पर जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने स्वयं सर्वे प्रारूप पढ़कर ग्रामीणों को समझाया कि इसमें किन-किन जानकारियों को दर्ज करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गांव में स्थित चीजों तथा सामुदायिक सूचनाओं को सही-सही अंकित करने से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिलेगा।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ चर्चा में गांव का बनाए जाने वाले नक्शा आधारित मानचित्रण की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि नक्शे में सड़क, पड़ोसी गांव, जंगल, नल-जल टंकी, स्कूल, आंगनबाड़ी, देव गुड़ी, नदी, अस्पताल जैसी अधोसंरचना को शामिल किया जाना है। यह नक्शा आगे गांव की विकास योजनाओं की प्राथमिकता तय करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर तक सर्वे पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण अपनी मांग, समस्या और योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी देंगे। कलेक्टर श्री उइके ने ग्रामीणों से कहा कि सर्वे के आधार पर गांव की जरूरतें और प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। इन प्राथमिकताओं को 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में प्रस्ताव के रूप में रखा जाएगा। इसके बाद शासन स्तर पर स्वीकृति मिलने पर सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही गांव में छोटी-छोटी तकनीकी सेवाएं देने वाले व्यक्तियों जैसे—प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, बधाई, मैकेनिक आदि का विवरण भी दर्ज किया जाएगा। इससे भविष्य में ग्रामीण उनकी सेवाएं शुल्क देकर आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर, जनपद सीईओ गरियाबंद श्री के एस नागेश सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि इस सर्वे से हमारी जरूरतें सीधे सरकार तक पहुँचेंगी, जिससे गांव के विकास की गति तेज होगी।

न्यूज गैलरी

बोल बम सेवा समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष भानु चंद्राकर का जन्मदिन मनाया

कुरूद /नवप्रदेश। बोल बम सेवा समिति के सदस्यों ने अपने अध्यक्ष भानु चंद्राकर का जन्मदिन मनाया बहुत ही हर्षोल्लास के साथ। बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर का जन्मदिन पुराना कृषि ऊपज मंडी के सामने नंद आमदे के प्रतिष्ठान में बोल बम सेवा समिति के सदस्यों ने भानु चंद्राकर से केक कटवा कर और गीत आदि गाकर शुभकामना देते हुए बहुत ही उल्लास पूर्ण तरीके से जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर चंद्रशेखर चंद्राकर,भारत साहू, किशोर यादव, प्रभात बैंस, नंद आमदे, कमल शर्मा,अजय चन्द्राकर, दयाराम साहु आदि सदस्य मौजूद थे।

सूरज निर्मलकर श्रमिक संघ अध्यक्ष बने

भाटापारा / नवप्रदेश। भाटापारा मंडी धान खरीदी पोहा मुरमुरा श्रमिक संघ का निवार्चन सर्वसम्मति से शनिवार को हुआ। इस संघ में कुल 186 सदस्य हैं जिनमें आपसी विचार विमर्श व सहमति के आधार पर निर्विरोध रूप से सूरज निर्मलकर को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष बनने के उपरांत श्री निर्मलकर के द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष मनहरण द्विवेदी , सचिव गोविंदा देवदास, संतोष वैष्णव, कोषाध्यक्ष प्रकाश दास मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी मोहितसाहू , गजानंद साहू, संरक्षक राजेन्द्र हेवार,रमेश चंद्राकार शिव साहू अशोक तिवारी, मोहन साहू, सलाहकार दीपक मंधान हरिश थदवानी राहुल गंगवानी, सदस्य गण बिट्ठू यादव, राधे वैष्णव, रामेश्वर वर्मा, लोचन रजक राहुल शर्मा अमन मिश्रा गोल्डी यदु लोकेश रजक टिकेश्वर निर्मलकर केवल चौहान गोलू तिवारी गोलू साहू मयंक ध्रुव विकास अग्रवाल को नियुक्त किया है।सूरज निर्मलकर के अध्यक्ष बनने पर समस्त व्यापारी व मंडी कृतयकारीगण ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं

तुलसी में 69 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया

सिमगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी में नि:शुल्क साइकिल वितरण के तहत 69 बालिकाओं को साइकिल प्रदान किया गया। साइकिल पाकर छात्राएं काफी खुश दिख रही थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा सिमगा मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच ग्राम पंचायत तुलसी चंद्रमणी तिवारी उक्त अवसर कहा कि सरस्वती साइकिल योजना एक सरकारी प्रोत्साहन योजना हैं जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना है साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना हैं। यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में शुरू किया गया था।

राज्य स्थापना की रजत जयंती पर होगा आयोजन

सिमगा / नवप्रदेश। राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिसमें भूतपूर्व छात्र सम्मेलन, भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता के, रंगोली तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर व्याख्यान आदि। रजत जयंती सप्ताह के अंतिम कार्यक्रम के रूप में आज शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

तैयारी को लेकर भक्तों में काफी उत्साह और उमंग

नवरात्र में झरझरा माता प्रांगण पर होगा भव्य देवी पुराण, तैयारी जोरों पर

कोपरा नवापारा। कोपरा पाण्डुका क्षेत्र के डोंगरी पहाड़ी मुरमुरा गांव के घने वादियों के बीच झर झर करते झरने के निचे विराजमान प्रसिद्ध देवी स्थल मां झरझरा के द्वार पर 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्र में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन माटी पुत्र पंडित युवराज पांडे अमलीपदर गरियाबंद के मुखारविंद से 23 सितंबर से भव्य देवी कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर भक्तों में काफी उत्साह और उमंग देखी जा रही है। बड़े विशाल जगह पर झरझरा माता के समीप कार्यक्रम पंडाल की तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी मनोकामना दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। झरझरा माता मंदिर में श्रीमद् देवी महापुराण कथा आयोजन को लेकर क्षेत्र में खुशी की मौहल है।मां झरझरा प्रत्यक्ष रूप

से विराजमान है। झरनों के बीच में पहाडी में माता रानी का मंदिर हैं। वहीं मुरमुरा गांव के ध्रुव पंडा हर दिन माता की सेवा में लगे हैं।माता रानी के मंदिर में भक्त गण आस्था के साथ पहुंचते हैं। यहां हर वर्ष भक्तों में संख्या बढ़ रही हैं। जो भी भक्त मनोकामनाएं सच्चे मन से मांगा जाता है, उनकी हर मनोकामना सिद्ध होती है। देवी महापुराण में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की पहुंचने की संभावना बताई जा रही है। जिसकी व्यवस्था को लेकर ग्रामीण, झरझरा मंदिर विकास समिति तथा कथा आयोजकों द्वारा उचित व्यवस्था किया जा रही हैं ताकि भक्तों को इधर-उधर भटकना न पड़े। साथ ही पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से करने के लिए समिति के सदस्य गण व्यवस्था में लगे हैं। राष्ट्रीय कथा वाचक माटी पुत्र पंडित युवराज पांडे अमलीपदर जय जगन्नाथ मंदिर के द्वारा 9 दिनों तक माता की सेवा में श्रद्धालुओं को माता सेवा श्रवण कराएंगे। क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े आयोजन को लेकर गांव-गांव में उत्साह और उमंग देखा जा रहा है और लोग बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगे हैं। माता की सेवा में समस्त ग्रामीण और आसपास के गांव के द्वारा भरपूर सहयोग किया जा रहा है। आयोजक समिति ने श्रद्धालुओं व लोगों से अपील किया है की बड़ी संख्या में नवरात्र के पावन अवसर पर हो रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण में अपने जीवन को तारने हेतु जरूर पहुंचे। साथ ही साथ प्राकृतिक झरना का भी लुफ्त उठा सके। दुर्गम पहाड़ियों के बीच मौजूद मां झरझरा अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करती है। कहा जाता है कि एक समय में इन पहाड़ियों के बीच किसी गांव का बसेरा था जिसे डोंगरी गांव के नाम से जाना जाता था।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन दिवसीय 'पोषण भी पढ़ाई भी' प्रशिक्षण

सिगमा नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, तिल्दा परियोजना के अंतर्गत गुरुवार से 'पोषण भी पढ़ाई भी' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ।इस प्रशिक्षण में कुल 270 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण तीन बैच में अलग अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी रंजना ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में अनौपचारिक शिक्षा को सुदृढ़ करना तथा पोषण संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण उपरांत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने केंद्रों में प्रतिदिन ईसीसीई कार्यक्रम को गुणवत्तापूर्ण रूप से लागू करेंगे और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु नियमित गतिविधियाँ आयोजित करेंगे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पढ़ाई से संबंधित विषयों प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा विकास के आयाम, उत्साहवर्धक खेल, रोचक गतिविधियाँ, शिक्षण-सामग्री की समझ, आकलन प्रक्रिया तथा समूह कार्य आदि पर फोकस किया जा रहा है तथा पोषण संबंधी विषयों कुपोषण प्रबंधन प्रोटोकॉल, सेम मेम पद्धति, सूक्ष्म पोषण, स्वच्छता एवं संतुलित आहार, पोषण ट्रैकर आदि पर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

लेखापाल की सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं कार्यभार ग्रहण समारोह

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश।। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के मुख्य लिपिक डी.सी. साहू 31 अगस्त 2025 को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो गए। उनके लम्बे सेवाकाल में किए गए कार्यों और योगदान को नगर पालिका परिवार एवं नगरवासियों ने भावपूर्ण ढंग से स्मरण किया। इस अवसर पर परिषद कार्यालय में एक सादगीपूर्ण किन्तु गरिमामय विदाई एवं कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदगणों ने की। इस दौरान परिषद के अधिकारी - कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले सेवानिवृत्त हो रहे डी.सी. साहू का शाल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। उपस्थित जनों ने उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

इसके उपरांत नवीन कुमार साहू को विधिवत रूप से लेखाशाखा का लेखापाल का कार्यभार सौंपा गया। परिषद के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त लेखापाल को दायित्वों के निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और नगर पालिका की वित्तीय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर नगर पालिक परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं परिजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि डी.सी. साहू का कार्यकाल परिषद की उपलब्धियों के रूप में लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा और नवीन कुमार साहू उनके मार्गदर्शन से परिषद की वित्तीय व्यवस्था को और भी पारदर्शी बनाएंगे।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगरपालिका द्वारा स्वच्छता अभियान

कुरूद/ नवप्रदेश। शनिवार 20 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगरपालिका कुरूद द्वारा स्वच्छता अभियान नगर के दुर्गा पंडालों सहित पचरी तालाब, शीतला मंदिर परिसर को स्वच्छता टीम के साथ नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर के नेतृत्व में जनप्रतिनिधिगण, भाजपा कार्यकर्ता गण, महाविद्यालय के एन एस एस, स्काउट गाइड के छात्र गण के सहभागिता से संपन्न हुआ। साथ ही भाजपा कार्यालय कुरूद में भाजपा कार्यकर्ताओ ने मोदी जी के जन्मोत्सव अवसर पर भाजपा की ओर से रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका कुरूद द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर,पार्षदों एवं पार्टी नेताओं ने हाथ में झाड़ू लेकर नगर की सफाई की। जिसमें शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाते हुए नगर के दुर्गा पंडालों में एवं पचरी तालाब और शीतला मंदिर परिसर की सफाई की गई। इसके पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर के नेतृत्व में स्वच्छता टीम में शामिल जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, महाविद्यालय, स्काउट गाइड के छात्रछात्राओं ने विभिन्न चौक-चौराहे, तालाब एवं सार्वजनिक स्थानो की सफाई की। साथ ही लोगों को क्लिन और ग्रीन कुरुद के इस अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शनिवार को भाजपा कार्यालय में मोदी जी के जन्मोत्सव अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू भाजपा नेता कृष्णकांत साहू, भोजराज, रवि चन्द्राकर, प्रकाश धीवर, सीएमओ महेन्द्र गुप्ता सहित निर्वाचित जनप्रतिनिधी, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

सिमगा / नवप्रदेश।। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत सिमगा मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन विप्र समाज के भवन में किया गया। सर्वप्रथम पूर्व पार्षद सूर्यकांत ताम्रकार ने रक्तदान कर शिविर प्रारंभ किया। शिविर में 36 लोगों ने रक्तदान किया।इस अवसर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया।

आपरेशन निश्चय : गरियाबंद जिले के 52 संदिग्ध क्षेत्रों में पुलिस ने दी दबिश

30 आरोपी गिरफ्तार, 38 पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

राजिम/नवप्रदेश।। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के निर्देशन में रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी और गरियाबंद जिलों में ऑपरेशन निश्चय के तहत विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान नशे के अवैध कारोबार, अवैध शराब, हथियारों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

इसी कड़ी में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र, रायपुर मरेश मिश्रा के निर्देशन में जिला गरियाबंद में भी आपरेशन निश्चय के अंतर्गत राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग 33 टीमों द्वारा कुल 52 संदिग्ध क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी गई। शुक्रवार 19.09.2025 को तड़के सुबह 05:00 बजे से 52 से अधिक स्थानों में दबिश देकर अभियान के तहत 05 आरोपियों को नशे का सामान बिक्री करते हुए गिरफ्तार कर, कब्जे से 6.450 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। इसके साथ ही अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 30 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 283.610 लीटर शराब जप्त किया गया।

इसी क्रम में शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 38 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। साथ ही 01 स्थायी वारण्टी भी तामिल किया गया। पुलिस की इन कार्रवाइयों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस नशे के कारोबारियों को किसी भी सूरत में बख्शने वाली नहीं है।

सुरक्षा प्रबंधन ... बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था और स्वच्छता सुनिश्चित करना

नगर पालिका सभागार में आगामी त्यौहारों की तैयारियों हेतु महत्वपूर्ण बैठक

भाटापारा /नवप्रदेश। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर, नगर पालिका सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहर के व्यापारियों, पार्षदों, दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों सहित प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना था।

बैठक में नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, अतिक्रमण मुक्त मार्ग बनाने, आगामी दुर्गा उत्सव और दशहरा त्यौहारों को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई।

बैठक में लिए निर्णय अनुसार मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण को हटाने

और सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक मुख्य बाज़ार में छोटे-बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने ,दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने बने चबूतरे हटाने , सड़क पर लगे ठेलों और अन्य अतिक्रमण को हटाने ,ट्रैफिक सिग्नल नियमों का सख्ती से पालन कराने पर सहमति बनी।पटपर बाय पास सड़क पर स्कूल टाइम में भारी वाहनों के लिए नो एंट्री ,बाज़ार में दुकानों के लिए मार्किंग कराने के संबंध में सुझाव लिया गया।

बैठक में त्यौहारों के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नशे और शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने ,
प्रमुख स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु चर्चा की गई।डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की गई। दुर्गोत्सव के दौरान डीजे और धुमाल के समय पर नियंत्रण हेतु समितियों के साथ बैठक करने का सुझाव आमंत्रित किया गया।बैठक में तहसीलदार,मंडी सचिव,यातायात प्रभारी,सी एम ओ ,थाना प्रभारी,व्यापारीगण,पार्षद गण सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा, आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, हमने शहर में सुचारु यातायात, बेहतर सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए यह बैठक बुलाई थी। हमारा लक्ष्य सभी नागरिकों और श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करना है। इसके लिए हम व्यापारियों, दुर्गोत्सव समितियों और प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्थित करने और स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देंगे।

अंकित कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित

महासमुंद। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बागबाहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अनुशासनहीनता करने पर अंकित बागबाहरा को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। जिसकी सूचना छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट समेत प्रदेश अध्यक्ष दीटक बैज को भेजी गई है।बागबाहरा शहर, ग्रामीण, पिथौरा, कोमाखान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन्द्र ठाकुर, रवि निषाद, संतोष पटेल, करण दीवान ने संयुक्त रूप से निर्माण लेते हुए अंकित बागबाहरा का निष्काशन जारी किया है। अंकित बागबाहरा पर कांग्रेस पार्टी के सदस्य होते हुए भी खल्लारी विधान सभा क्षेत्र में पार्टी के रीति नीति सिद्धांतों के विपरीत लगातार कार्य करने का आरोप है।

पत्रकार संजय यादव पर जानलेवा हमला, फर्जी एफआईआर के खिलाफ पत्रकारों का प्रदर्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में पत्रकारों पर हो रहे हमले और उत्पीड़न के मामलों ने मीडिया जगत को झकझोर कर रख दिया है। हाल ही में पत्रकार संजय यादव पर किए गए जानलेवा हमले और उनके खिलाफ दर्ज फर्जी एफआईआर ने पूरे जिले के पत्रकारों में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में जिले के सभी पत्रकारों ने शनिवार को भीगती बारिश के बीच सिग्नल चौक पर धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया और जिला प्रशासन व पुलिस को 24 घंटे में उचित कार्यवाही करने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर पत्रकार सड़कों पर उतर आए। करीब 5 घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद एएसपी पंकज पटेल मौके पर पहुंचे और निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

घटनाक्रम- पत्रकारों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, 19 सितंबर को ग्राम हरिनछपरा स्थित छीरपानी वाटर बॉटल कम्पनी की खबर कवरेज के दौरान पत्रकार संजय यादव पर सुनियोजित हमला किया गया। आश्चर्य की बात यह है कि हमले के बाद उल्टा संजय यादव के खिलाफ ही फर्जी एफआईआर दर्ज कर दी गई। पत्रकारों ने इस घटना को सच की आवाज दबाने और पत्रकारिता के दमन की साजिश बताया है।

भविष्य में उग्र आंदोलन की चेतावनी

पत्रकारों ने चेताया कि यदि संजय यादव या उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई अनहोनी होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पुलिस पर होगी। साथ ही कहा कि यदि सोमवार तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो सभी पत्रकार एकजुट होकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम करेंगे और उग्र प्रदर्शन करेंगे। पत्रकारों ने प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ चुप नहीं बैठेगा। पत्रकारों पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, पूरे लोकतंत्र की जड़ों पर हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रमुख मांगें

- संजय यादव पर दर्ज फर्जी एफआईआर तत्काल निरस्त की जाए।
- छीरपानी वॉटर एवं एस.टी. मसाला उद्योग की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए।
- हमले में शामिल संदीप गुप्ता और गणेश गुप्ता को सोमवार तक गिरफ्तार किया जाए।

राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक को चूड़ी भेंट करेंगे निखिल द्विवेदी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि कल रविवार समय 12:00 बजे वह राजनांदगांव के पुलिस कप्तान मोहित गर्ग जी को चूड़ी भेंट करेंगे एवं आईजी डीजीपी एडीजी के नाम पत्र लिखेंगे उन्होंने कहा कि जो पुलिस अधीक्षक शहर में अपराध पर लगाम नहीं लगा सकता उस पुलिस अधीक्षक को राजनांदगांव में रहने का अधिकार नहीं है राजनांदगांव अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है अपराधियों के हौसले बुलंद हैं पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है खुले आम बीच चौक में चोरी, सुरक्षा का हवाला देने वाले कालोनियों में चोरी यहां तक कलेक्ट्रेट परिसर में भी चोरी हो रही है कोई भी किसी को भी चाकू दिखा कर डरा रहा है, मोहड़ में गोली चली, नवागांव में तीन तीन हत्याएं हो जाती हैं पुलिस भर्ती में घोटाला हो जाता है 20 से ज्यादा मर्डर हो चुके हैं चाकूबाजी तो आम हो गई है उसके बाद भी आज भी पेट्रोलिंग की स्थिति ऐसी है कि बीच चौक में चोरी हो रही है हत्याएं हो रही है कोई माई बाप नहीं पुलिस कही नजर ही नहीं आती आम जनमानस आम जनता यहां सुरक्षित नही है

दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पहुंची मां बमलेश्वरी के दर्शन करने, लिया आशीर्वाद

डोंगरगढ़ /नवप्रदेश। आगामी 24 सितंबर 2025 से जामुल दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होने वाली शक्ति संकल्प पदयात्रा के सफल आयोजन हेतु आज 20 सितंबर 2025 को जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे अपने पति श्री सत्यप्रकाश बंजारे के साथ डोंगरगढ़ माँ बमलेश्वरी धाम पहुँची, डोंगरगढ़ के भाजपा नेता प्रिंस कक्कड़ साथ में रहें! यहाँ उन्होंने श्रद्धाभावपूर्वक माँ बम्लेश्वरी देवी के चरणों में पदयात्रा का पहला कार्ड अर्पित किया और संपूर्ण आयोजन के सफल, मंगलमय व सुरक्षित रूप से सम्पन्न होने का आशीर्वाद माँगा। इस अवसर पर बंजारे ने कहा– माँ बम्लेश्वरी देवी की कृपा से शक्ति संकल्प पदयात्रा सफल होगी। यह यात्रा समाज में नारी शक्ति, आस्था और एकता का सशक्त संदेश लेकर आगे बढ़ेगी। ज्ञात हो कि यह पदयात्रा 24 सितंबर से जामुल से प्रारंभ होकर 25 सितंबर की सुबह डोंगरगढ़ पहुँचने वाली है, जिसमें 100 से अधिक महिलाएँ तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

सेवा पखवाड़ा में स्वच्छ एवं हरित उत्सव के लिये हर वर्ग में उत्साह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सेवा पखवाडा में नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों के अलावा विद्यार्थी एवं समाजिक संस्था स्व स्फूर्थ हो कर जुड रहे है और स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव को चरितार्थ करने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। इसी कडी में आज सुबह मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो ने निगम द्वारा शहर के मध्य स्थित उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान से जुड उद्यान की साफसफाई कर प्लास्टिक प्लागिंग किये, जहॉ महापौर श्री मधुसूदन यादव ने स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। सेवा पखवाडा अंतर्गत प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता अभियान में निगम के अलावा नागरिक, समाजिक संस्था एवं विद्यार्थी स्व स्फूर्थ होकर अपनी सहभागिता निभा रहे है, और शहर के सार्वजनिक स्थलों में साफसफाई कर स्वच्छता की शपथ लेकर लोगो को जागरूक कर रहे है। आज मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो ने महापौर श्री यादव सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा तथा नागरिको के साथ उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में श्रम दान कर साफसफाई कर प्लास्टिक प्लागिंग किये। श्रमदान में महापौर यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एवं उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ नहीं हो सकता और न ही हम स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुये कहा कि हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करे, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करे तथा न मैं गंदगी करूंगा, न किसी और को करने दूंगा को चरितार्थ करे। स्वच्छता अभियान में मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो, नागरिकगण सहित कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा तथा निगम के अधिकारी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

गरबा पंडालों में सिर्फ हिंदू समाज को मिलेगा प्रवेश : आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य समितियां जांच करने के उपरांत ही प्रवेश दे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नवरात्र पर्व के अवसर पर शहरभर में गरबा महोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी बीच हिंदू जागरण मंच ने कठोर रुख अपनाते हुए स्पष्ट घोषणा की है कि गरबा आयोजन में केवल हिंदू समाज के युवक-युवतियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सिर्फ धार्मिक गीत ही आयोजन समिति बजाएं थीम की आड़ में वस्त्रो के पहनावे में अश्लीलता ना हो आयोजन समिति विशेष ध्यान दें मंच पदाधिकारियों ने कहा कि गरबा महोत्सव माता रानी की पूजा का धार्मिक आयोजन है, जिसकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए आयोजन में आने वाले सभी युवक-युवतियों के लिए आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य किया गया है। आधार कार्ड की जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाए हिंदू जागरण मंच ने न केवल पुलिस प्रशासन को इस बारे में ज्ञापन सौंपा है बल्कि शहर की सभी गरबा समितियों से भी अपील की है कि वे अपने-अपने पंडालों में यही नियम लागू करें।

नवरात्रि पर्व के दौरान बालोद और झलमला में रहेंगे मार्ग परिवर्तित

■ **चार जगह पर होगी पार्किंग की व्यवस्था**

बालोद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद श्रीमति मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में, देवांश सिंह राठौर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जिला बालोद एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में गंगा मैय्या मंदिर झलमला में क्वांर नवरात्रि पर्व दिनांक 22.09.2025 से 01.10.2025 तक ज्योति कलश स्थापना, विभिन्न कार्यक्रमों एवं मेला का आयोजन होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, आम नागरिकों एवं दर्शनार्थियों की भीड़-भाड़ होने की संभावना को देखते हुए आगामी क्वांर नवरात्रि पर्व के मद्देनजर गंगा मैय्या मंदिर झलमला बालोद में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था के संचालन हेतु रूट डायवर्सन किया गया है।

रूट डायर्वन इस प्रकार है

धमतरी तरफसे आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन धमतरी-गुरूर-झलमला तिराहा-पड़कीभाठ बायपॉस-पाररास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। दुर्ग से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन दुर्ग-गुण्डरदेही-पड़कीभाठ-बायपास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। राजहरा की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजहरा-कुसुमकसा-बटेरा चौक लोहारा-पाररास बायपॉस-पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजनांदगांव-लोहारा-बटेराचौक-पाररास बायपॉस-पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। उपरोक्त रूट डायवर्सन सभी बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए दिनांक 22.09.2025 से 01.10.2025 तक लागू रहेगा।

चार स्थानों पर बनाया गया है पार्किंग

गंगा मैय्या परिसर झलमला बालोद में आने वाले वाहन चालको एवं श्रद्धालुओं के लिए 04 स्थानों में पार्किंग स्थान बनाया गया है। धमतरी गुरूर की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों ''पुलिस कॉलोनी परिसर'' झलमला में पार्किंग करेंगें। दुर्ग गुण्डरदेही की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों ''झलमला बाजार चौक'' में पार्किंग करेंगे एवं राजहरा राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन ''सिवनी मैदान पार्किंग'' एवं ''बालोद बाजार'' हीरापुर जाने मोड़ के सामने पार्किंग करेंगे।

अपराध, चोरी हत्या व नशे के व्यापार के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने आईजी को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दो दिन पहले राजनांदगांव में वोट अधिकार यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री व एआईसीसी महासचिव श्री भूपेश बघेल जी ने राजनांदगांव में बढ़ रहे अपराध व नशे के व्यापार पर शासन प्रशासन पर कड़ा हमला बोलते हुए भाजपा नेताओं और पुलिस प्रशासन पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए थे उन्होंने साफतौर पर कहा था कि पुलिस और भाजपा नेताओं को हफ्ता पहुंच रहा है, इसी कड़ी में शहर में बढ़ रहे अपराध, चोरी, डकैती, हत्या और नशे के अवैध व्यापार पर गहरी चिंता जताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिमा बंजारे, युवा कांग्रेस नेता संदीप सोनी, दक्षिण ब्लॉक महामंत्री खिलेश बंजारे सहित कांग्रेसजनों ने आई जी अभिषेक शांडिल्य को ज्ञापन सौंप कर बताया कि लगातार हो रहे अपराधों के पीछे सबसे बड़ी वजह नशे का व्यापार और पुलिस प्रशासन का ढुलमुल रवैया है कही गैंगवार हत्या तो कही चोरी डकैती आम हो गई है अब तो कलेक्ट्रेट कार्यालय, शहर के बीच मानव मंदिर चौक तक सुरक्षित नहीं रहे हाल ही में ब्लू डायमंड सिटी में भी डॉ प्रकाश भालेराव के घर चोरी की घटना घटित हुई, इन मामलों में सबसे ज्यादा शिकायतें बसंतपुर थाना क्षेत्र से आ रही हैं यह भी वहां निवासरत कांग्रेसियों ने बताया प्रतिमा बंजारे, संदीप सोनी और खिलेश बंजारे ने बताया कि कुआं चौक से नंदई और वहा से मोहरा तक माहौल बेहद खराब है व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है आए दिन कोई न कोई घटना होती ही है।

बर्रापारा संजारी में दूसरों से अलग है पितृपक्ष मनाने की परंपरा

■ **सुबह चाय, दोपहर और रात में खाने के लिए करते हैं आमंत्रित**

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा क्षेत्र के बर्रापारा संजारी में पितृपक्ष का त्यौहार अलग ढंग से मनाया जाता है। जहां अन्य गांव में पितृपक्ष पर दोपहर में लोगों को आमंत्रित कर पूर्वजों की आत्मा को याद करते हुए भोजन प्रसादी ग्रहण किया जाता है। तो वहीं बर्रा पारा संजारी की परंपरा पूर्वजों के जमाने से अलग ही चली आ रही है। यहां पर जिनके घर भी पितर मनाया जाता है उनके द्वारा अपने गांव के लोगों को सुबह चाय पीने के लिए आमंत्रित करते हैं इसके बाद दोपहर और रात दोनों समय भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है पितर पक्ष पर यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका पालन आज की पीढ़ी भी कर रही है। इसी गांव के रहने वाले ठेठवार समाज जिला संगठन के अध्यक्ष व जनपद सदस्य डॉक्टर उत्तम यादव ने बताया कि जो रिवाज पूर्वजों ने बनाकर शुरू किया था उसका हम पालन आज भी कर रहे हैं। पितृपक्ष जहां आत्माओं के मिलन का एक अवसर होता है तो वही गांव में एक दूसरे के बीच भाईचारा एकता और सामुदायिक भावना बढ़ाने का भी काम करता है। लोग एक दूसरे के सुख-दुख के सहभागी बनते हैं। बालोद जिला का हमारा गांव बर्रापारा संजारी, संजारी बालोद के नाम से चर्चित और आठ पारा संजारी नाम से जाना जाता है। पितृ पक्ष में पुराने जमाने के बुजुर्गों का नियम का पालन आज भी सभी परिवार कर रहा है। ढालेंद्र यादव ने बताया कि हर साल पितृ का त्योहार बर्रापारा में महत्वपूर्ण रहता है और परिवार को गांव वालों को ऐसे ही अपने माता-पिता बुजुर्गों का आशीर्वाद स्वर्ग से मिलता रहे यही कामना करते हैं।

'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स' विषय पर गुण्डरदेही में हुआ सम्मेलन एवं प्रबुद्धजन संवाद

बालोद/नवप्रदेश। शनिवार को शारदा वाटिका, अंकित फ्यूल्स में 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स' विषय पर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन और प्रबुद्धजन संवाद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं जीएसटी रिफॉर्म्स के प्रदेश संयोजक श्री यशवंत जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

किसने क्या कहा?

स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चेमन देशमुख ने दिया। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार आम जनता तक पहुँचकर व्यापार, कृषि एवं समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुँचा रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं को लागू करना नहीं, बल्कि उनके लाभ को जमीनी स्तर तक पहुँचाना है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश और समाज को विकसित बनाने के लिए युवाओं को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ÷हमारा लक्ष्य केवल नीतियों को लागू करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर योजना का लाभ उस व्यक्ति तक पहुँचे जिसे इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। हमें मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जहाँ विकास का प्रकाश हर घर तक पहुँचे और कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे।÷ भाजपा सरकार का एजेंडा केवल आर्थिक नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक उत्थान और हर नागरिक की भागीदारी भी शामिल है। श्री यशवंत जैन (प्रदेश महामंत्री, भाजपा) ने कहा कि जीएसटी केवल कर प्रणाली नहीं, एक राष्ट्र, एक कर की संकल्पना को साकार करने वाला ऐतिहासिक सुधार है। इससे छोटे एवं मझोले व्यापारियों को बड़ा लाभ मिला है। केंद्र सरकार लगातार इसे सरल और प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी में हुए सुधारों की सराहना की और बताया कि कैसे इन सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है।

'एसबीआई साइबर जागरूकता रथ' का हुआ शुभारंभ

■ **बालोद पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा बालोद की संयुक्त पहल**

बालोद/नवप्रदेश। साइबर अपराधों से आमजनों को सतर्क करने एसबीआई बालोद एवं बालोद पुलिस की जागरुकतामय अभिनव पहल सामने आई है। शनिवार को बालोद पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा बालोद के सौजन्य से बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम एवं आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु साइबर साइबर जागरूकता रथ (ऑडियो विजुअल वेन)÷ का शुभारंभ किया गया। रथ को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षिका श्रीमती मोनिका ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय श्री देवांश सिंह राठौर, रक्षित निरीक्षक श्रीमति रेवती वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक साइबर श्री संजय प्रसाद, मुख्य शाखा प्रबंधक साइबर बालोद श्री गौरव भटनागर एवं थाना प्रभारी कोतवाली श्री शिशुपाल सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस तरह होगी साइबर जागरूकता रथ की गतिविधियां : रथ शहर के प्रमुख स्थानों पर भ्रमण करते हुए नुक्कड़ नाटक एवं ऑडियो-वीजुअल प्रस्तुति के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करेगी।जागरूकता रथ पर साइबर अपराध से बचाव के लिए दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

ASP एवं SDOP बालोद द्वारा आमजन को दिए गए मुख्य संदेश : किसी भी अनजान नंबर से आए कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी को भी OTP, MPIN या पासवर्ड न बताएं। मोबाइल पर आए संदिग्ध लिंक, मैसेज या APK ऐप डाउनलोड/ओपन न करें।

अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिले की अंडर-19 क्रिकेट टीम के गठन हेतु दिनांक 21 सितंबर, रविवार को दिग्विजय स्टेडियम में चयन प्रक्रिया (ट्रायल) आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 सितंबर 2007 या उससे पहले हुआ हो तथा जिनका ऑनलाइन पंजीयन पूर्ण हो चुका है।

पेज एक का शेष

अमूल ने 700 उत्पादों के दाम...

विकास के बड़े अवसर पैदा होंगे। कीमतों में कमी से उसके डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ेगी। जिससे उसके कारोबार में वृद्धि होगी।

पीएम मोदी ने आत्मनिर्भर ...

पीएम मोदी ने बताया कि भारत हर साल करीब 6 लाख करोड़ रुपये विदेशी शिपिंग कंपनियों को किराये के रूप में देता है, जो देश के डिफेंस बजट के बराबर है। उन्होंने कहा कि अब सरकार बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा दे रही है, जिससे शिपिंग कंपनियों को बैंक लोन और अन्य वित्तीय सुविधाएं मिल सकेंगी। सरकार तीन नई योजनाओं पर भी काम कर रही है, जिनसे शिप बिल्डिंग को बढ़ावा मिलेगा। इन योजनाओं पर अगले कुछ वर्षों में 70,000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत सदियों से समुद्री शक्ति रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत की इस खोई हुई विरासत को फिर से स्थापित किया जाए। उन्होंने आईएनएस विक्रांत और स्वदेशी पनडुब्बियों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत में शिप बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि लोथल में दुनिया का सबसे बड़ा मैरीटाइम म्यूजियम बनाया जा रहा है, जो भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दर्शाएगा।

पहले टिकट बुक करने ...

हुआ है। यह 4.881 किमी लंबी सुरंग का एक खंड है।

उन्होंने बताया कि जापान की एक टीम ने शुक्रवार को पूरे प्रोजेक्ट का दौरा किया और समीक्षा की। सभी ने कंस्ट्रक्शन और काम की क्वालिटी के बारे में सराहना की। अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि इस प्रोजेक्ट में लगभग 320 किलोमीटर के पुल या पुल का हिस्सा पूरा हो चुका है। सारे स्टेशन पर बहुत अच्छा काम चल रहा है। नदियों पर बन रहे पुल भी तेजी से पूरे हो रहे हैं। साबरमती टर्मिनल लगभग पूरा हो गया है। रेल मंत्री ने कहा, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद की यात्रा के समय को 2 घंटे 7 मिनट तक कम कर देगी। रास्ते में ठाणे, वापी, सूरत, बड़ौदा और आणद जैसे प्रमुख शहर हैं। इन सभी शहरों की अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी। इससे पूरे क्षेत्र को बहुत लाभ होगा। बुलेट ट्रेन की टाइमिंग को लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, सुबह और शाम के व्यस्त समय में हर आधे घंटे में ट्रेनें चलेंगी। शुरुआत में व्यस्त समय में हर आधे घंटे में ट्रेनें चलेंगी। बाद में जब पूरा नेटवर्क स्थिर हो जाएगा तो व्यस्त समय में हर 10 मिनट में सेवा उपलब्ध होगी। अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा, अगर आप मुंबई से अहमदाबाद जाना चाहते हैं, तो पहले से टिकट बुक करने की व्यवस्था खत्म हो जाएगी। बस स्टेशन पहुंचें, 10 मिनट में ट्रेन पकड़ें और दो घंटे में अपने गंतव्य तक पहुंचें। इससे पूरी सेवा के लिए एक नया दृष्टिकोण तैयार होगा।

हर्षित कुमार ने ...

7 अप्रैल 2025 से शुरू हुई थी और उम्मीदवारों को अंतिम आवेदन 2 मई 2025 तक भरना था। इसके बाद 3 से 5 मई 2025 तक करेक्शन विंडो खोली गई थी। इस भर्ती की परीक्षा 27 जुलाई 2025 को आयोजित की गई। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 4 जून 2025 थी, जबकि अंतिम तिथि 27 जून 2025 शाम 5.00 बजे तक थी। इसके बाद 28 जून से 30 जून 2025 शाम 5.00 बजे तक त्रुटि सुधार की सुविधा प्रदान की गई थी। इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया। परीक्षा में कुल 100 ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे गए। इन प्रश्नों में सामान्य अध्ययन, पंचायती राज, ग्रामीण विकास की प्रमुख योजनाएं, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान और सामान्य हिंदी से संबंधित प्रश्न पूछे जाते थे। उम्मीदवारों के अंक के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की गई।

गुरुश्री तेगबहादुर सिंह ने ...

भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को पवित्र सिरोपा और कृपाण भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़े सौभाग्य और गर्व का विषय है। आज हम नगर कीर्तन यात्रा के दर्शन कर रहे हैं, जो गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर असम के गुरुद्वारा धुबरी साहिब से प्रारंभ होकर देश के अनेक स्थानों से होते हुए छत्तीसगढ़ पहुँची है। लगभग 10 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर यह नगर कीर्तन यहां पहुँचा है। हमारे प्रदेशवासियों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण और पुण्य अवसर है कि हमें इस यात्रा का स्वागत करने और इसमें भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है।

ओमन चांडी मेमोरियल ...

एक रिश्ता बन गया है। आप मुझे यह भी कह सकते थे कि रक्षा नहीं करेंगे, लेकिन आपने कहा, 'इस व्यक्ति के साथ गलत हो रहा है और हम उसकी रक्षा करेंगे।' यह ऐसी बात है जो मैं अपनी पूरी जिंदगी में कभी नहीं भूलूंगा।

उन्होंने कहा कि ओमन चांडी बहुत विनम्र व्यक्ति थे। जब लोगों को थोड़ी भी शक्ति मिल जाती है तो वे अक्सर घमंडी हो जाते हैं।

न्यूज गैलरी

गृह मंत्री शर्मा श्रीराम कथा श्रवण करने पहुंचे खुर्सीपार

दुर्ग। प्रदेश के गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री तथा दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा आज खुर्सीपार भिलाई पहुंचे। उन्होंने यहाँ आईटीआई मैदान में आयोजित कार्यक्रम में श्री राम कथा का श्रवण किया। गृह मंत्री शर्मा ने कथा वाचक राष्ट्रीय संत राजन महराज का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीराम जानकी प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रोता समूह जनमानस उपस्थित थे।

सेवा सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा सम्पन्न

कुम्हारी। सेवा सहकारी समिति कुम्हारी प्र.क्र. 307 में किसानों की वार्षिक आमसभा का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमे कुम्हारी सोसायटी के अन्तर्गत कपसदा, साकरा, खपरी, चोरहा, पंचदेवरी के किसान सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति-प्राधिकृत अधिकारी मनोज वर्मा थे। साल भर के आय व्यय का ब्यौरा सहायक समिति प्रबंधक ने किसानों को पढ़कर सुनाया, बताया अधिकतर किसानों ने अपना धान बिक्री के लिये पंजीयन कराने की बात कही है। आमसभा में मुख्यरूप उपेन्द्र साहू, ब्रांच मैनेजर, सुपवाइजर, श्रीराम साहू, विष्णु सोनी, जवाहर साहू, भानुराम साहू, डिकेश यादव, नरसिंह साहू, राजाराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, सुखदेव महिलांग, मनसाय चतुर्वेदी, भगवान दास जोशी, दयाराम ठाकुर, गंगाधर ठाकुर, सतीश कुशवाहा, तीर्थराज कुशवाहा, आजूराम वर्मा, जनकराम साहू, बंसत साहू, सहायक समिति प्रबंधक सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने दी वालेंटियर्स को जानकारी

दुर्ग। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग सचिव द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पैरालीगल वालेंटियर्स को उनकी जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली के प्रति और अधिक संवेदनशील तथा सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में सचिव ने कहा कि पैरालीगल वालेंटियर्स विधिक सेवा प्राधिकरण और आमजन के मध्य सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने पैरालीगल वालेंटियर्स को महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, साइबर अपराध की रोकथाम और घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

40 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर करवाते थे इन्वेस्टमेंट, 12 करोड़ की ठगी

■ पति ने बनाई दो फर्जी कंपनी, पत्नी को बनाया डायरेक्टर, दुर्ग में दोनों ने मिलकर ठगे

भिलाई/नवप्रदेश। शेयर बाजार में निवेश कर रकम दोगुनी करने का लालच देकर दुर्ग-भिलाई के सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड निकला स्नेहांशु नामदेव और उसकी पत्नी डाली नामदेव। दोनों ने मिलकर निवेशकों से लगभग 10 से 12 करोड़ रुपए की ठगी की। पुलिस ने पति-पत्नी समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 37 साल का स्नेहांशु नामदेव और उसकी पत्नी डाली (35 साल) ने निवेशकों को फंसाने के लिए पहले दो फर्जी कंपनियां बनाई। पहली कंपनी निशा बिजनेस कंसल्टेंट प्रा. लि. (सूर्या मॉल, जुनवानी) और दूसरी कंपनी यूनिक इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन (सुपेला चौक)।

इन दोनों कंपनियों का न तो सेबी और न ही आरबीआई से कोई पंजीयन था। बावजूद इसके इन्हें शेयर मार्केट इन्वेस्टमेंट फर्म के रूप में प्रचारित किया गया। बड़े-बड़े बोर्ड, आकर्षक विजिटिंग कार्ड और आक्रामक मार्केटिंग के जरिए यह भरोसा दिलाया गया कि कंपनी असली है और यहां पैसा लगाना सुरक्षित रहेगा।

आरोपियों ने लोगों को यह कहकर लुभाया कि अगर वे इनके जरिए शेयर बाजार में पैसा लगाएंगे तो हर महीने 20 से 40 प्रतिशत तक मुनाफा मिलेगा। इतना ही नहीं, एक साल के भीतर निवेश की रकम दोगुनी कर देने का दावा भी किया गया। नए निवेशकों को जोड़ने के लिए अलग से कंसल्टेंट रखे गए, जिन्हें 10 से 15त तक कमीशन दिया जाता था। शुरुआती महीनों में कुछ निवेशकों को वादा किया गया मुनाफा भी दिया गया, ताकि उनका विश्वास बने और और लोग पैसे लगाएं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे फर्जीवाड़े की जड़ पति-पत्नी की साजिश है। स्नेहांशु ने अपनी पत्नी डाली को कंपनी की डायरेक्टर बनाकर इसे वैध कारोबार का चेहरा दिया। असल में दोनों मिलकर निवेशकों को ठग रहे थे। उनके दोस्त और परिचित साथी इस खेल में मोहरे की तरह इस्तेमाल किए गए।

यह पूरा मामला तब सामने आया जब स्मृति नगर निवासी करण शर्मा ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई। करण ने बताया कि स्नेहांशु, उसकी पत्नी डाली, निशा मानिकपुरी और धातरी कोसरे ने उससे और उसके साथियों से लगभग 66 लाख 47 हजार की ठगी की। पुलिस जांच में अब तक 10 से 12 करोड़ की ठगी का खुलासा हुआ है। अधिकारियों का अनुमान है कि वास्तविक रकम इससे भी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि कई निवेशक अभी सामने आने से बच रहे हैं। पुलिस ने इस फर्जीवाड़े में संलिप्त सभी गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया है। मामले की जांच करने वाले जांच अधिकारियों का कहना है कि इस फर्जीवाड़े का शिकार हुए और भी लोग सामने आ सकते हैं।

आरोपियों से जब्त हुए ये कीमती सामान

हार्ले डेविडसन बाइक, टाटा कर्व कार और अन्य वाहन, सोने-चांदी के जेवर, फ्लैट खरीद के दस्तावेज, महंगे मोबाइल (विदेशी कंपनी सहित), नगदी रकम, कंप्यूटर-लैपटॉप, बैंक पासबुक, चेकबुक और लेन-देन से जुड़े रजिस्टर मिले है।

पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

स्नेहांशु नामदेव (37 वर्ष) मास्टरमाइंड, निवासी साईविला जंजगिरी, डाली नामदेव (35 वर्ष) पत्नी और सह-आरोपी, निशा मानिकपुरी (26 वर्ष) निवासी विजय नगर, दुर्ग, धातरी कोसरे (24 वर्ष) निवासी डीपाकेट मरोदा, भिलाई, शुभम गुप्ता (25 वर्ष) निवासी कृपाल नगर, कोहका को गिरफ्तार किया गया है।

नकली दस्तावेज और मिरर इमेज से बनाया भरोसा

लोगों को यह यकीन दिलाने के लिए कि उनका पैसा शेयर बाजार में काम कर रहा है, आरोपियों ने हाईटेक तरीका अपनाया। वे फर्जी आईडी और पासवर्ड बनाकर मिरर इमेज तकनीक से ऐसे दस्तावेज तैयार करते, जो बिल्कुल असली ट्रेडिंग अकाउंट जैसे दिखते थे। इन फर्जी रिपोर्ट्स को व्हाट्सएप पर भेजा जाता और निवेशकों को दिखाया जाता कि उनका पैसा लगातार बढ़ रहा है। कुछ महीने तक भुगतान जारी रखने के बाद जैसे ही रकम बड़ी हुई, आरोपियों ने भुगतान रोक दिया और गायब हो गए। ठगी से मिली रकम से आरोपी आलीशान जिंदगी जी रहे थे। पुलिस की छापेमारी में इनके पास से जब्त हुई। जब्त संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इनमें महंगी संपत्तियों भी शामिल हैं। पुलिस अब इनके बैंक खातों और संपत्तियों की जांच कर रही है। साथ ही ठगी की रकम की वसूली के प्रयास भी किए जाएंगे।

पीएम मोदी ने कोरोना महामारी के बावजूद देश को चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया : उप मुख्यमंत्री साव

उप मुख्यमंत्री ने साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम में सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्धजनों से किया संवाद

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की राजनीति को नई दशा और दिशा दी है। उन्होंने 140 करोड़ लोगों की सेवा के संकल्प साथ बड़े और साहसिक निर्णय लिए हैं। कोरोना महामारी के बावजूद देश को चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। पीएम मोदी को 27 देशों ने सर्वोच्च नागरिक का सम्मान दिया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उक्त बातें दुर्ग में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में कही। साव ने आज साइंस कॉलेज स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन ऑडिटोरियम में जिला भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रबुद्धजन सम्मेलन में प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद किया। श्री साव ने साइंस कॉलेज में साइकिल एवं बाइक स्टैंड निर्माण के लिए 35 लाख देने की घोषणा की।

डिप्टी सीएम साव ने प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि, भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर यानी 15 दिनों तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि, सेवा पखवाड़ा के तहत

स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया, वहीं रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, धार्मिक स्थलों की स्वच्छता, दिव्यांगों की सेवा कर रहे है। इसी तारतम्य में समाज में अलग पहचान, स्थान और प्रतिष्ठा रखने वाले प्रबुद्धजनों से संपर्क कर संवाद करने का निर्णय लिया है।

गरीब से लेकर किसानों तक सबका साथ सबका विकास किया

पीएम मोदी ने 4 करोड़ गरीब परिवारों के पक्के मकान के सपनों को साकार किया। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिली, जिससे आम जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आया। किसान समृद्धि योजना से देशभर के किसानों को मदद मिली। शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उच्च संस्थानों की स्थापना हुई और रेलवे का देशव्यापी विस्तार कर कश्मीर व पूर्वोत्तर को रेलवे से जोड़ा गया।

सुरक्षा और विकास का संतुलन

सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सड़कों और पुलों का निर्माण किया गया। घुसपैठ और आतंकी गतिविधियों पर रोक लगाकर देश को सुरक्षित बनाया गया। पूर्वोत्तर में हिंसक संगठनों को मुख्यधारा से जोड़कर विकास की नई किरण पहुंचाई गई। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35 हटाकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया गया। एयरस्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों से आतंक के ठिकानों को ध्वस्त किया।

आत्मनिर्भर भारत और विश्व सम्मान

कोरोना महामारी के समय स्वदेशी टीके का निर्माण कर देशवासियों की रक्षा की। इस महामारी के बावजूद भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश आयातक से निर्यातक बना है। जनधन योजना ने गरीबों के लिए बैंकिंग के द्वार खोले और बीच के बिचौलिए को समाप्त किया। जीएसटी सुधार ने व्यापार को सरल बनाया। उनके 75वें जन्मदिवस पर हम सभी भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे दीर्घायु और स्वस्थ रहें तथा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प पूरा करें।

सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष व विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महापौर अलका बाघमार, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, कुम्हारी नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, धमधा नपं अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, निगम सभापति श्याम शर्मा, फुलेश्वरी देवांगन, शिवेंद्र परिहार सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

भैरव की पूजा के नाम पर इंस्टाग्राम पर ज्योतिष ने छात्र से डेढ़ लाख ठगे

■ छात्र से कहा इससे प्रेत बाधा दूर होगी।

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में तंत्र विद्या और समस्या समाधान का झांसा देकर एक स्टूडेंट से करीब 1.59 लाख की ठगी हुई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर एस्ट्रो किन्नर गुरुमाता से जुड़ गया था। जिसके बाद पूजा कराने के नाम पर छात्र से बार-बार पैसे मांगे गए। छात्र ने विश्वास करके अलग-अलग किश्तों में पैसे दे डाले। कभी वीडियो कॉल पर पूजा, कभी भैरव की पूजा, कभी भंडारा के नाम पर उससे पैसे मांगे गए थे और प्रेम बाधा दूर करने के लिए अतिरिक्त पैसे मांगा गया था। 10 दिन बाद जब उसे ठगी का एहसास हुआ तो थाने पहुंचा। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक छात्र घरेलू विवाद के समाधान के लिए पूजा करवाना चाहता था। छात्र ने सुपेला थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह 8 सितंबर को उसने अपने मोबाइल से इंस्टाग्राम पर नाम की आईडी देखी। इसमें घर से जुड़ी समस्याओं का तंत्र विद्या से निवारण कराने का विज्ञापन दिया गया था। छात्र प्रभावित हुआ और उसने उस आईडी पर संदेश भेजा।

पूजा के नाम पर पहले लिए 2250 रुपए

इसके बाद आरोपी ने छात्र को अपना मोबाइल नंबर दिया और कॉल करने के लिए कहा। फोन पर बातचीत में उसने पूजा कराने की बात कही और खर्च 2250 रुपए बताया। छात्र ने सहमति जताई और आरोपी द्वारा भेजे गए आईडी पर 1300 और 1000 रुपए भेज दिए।

उज्जैन में पूजा और भंडारे के नाम पर भी लिए पैसे

छात्र के मुताबिक इसके बाद लगातार वीडियो कॉल पर पूजा दिखाकर उसे बार-बार पैसे डलवाए गए। आरोपी ने कहा कि काम में बाधा आ रही है और प्रेत बाधा दूर करने के लिए अतिरिक्त पूजा करनी होगी। इस तरह 8 से 17 सितंबर के बीच छात्र से कई बार रकम मंगाई गई। कभी उज्जैन में पूजा कराने का हवाला दिया गया, कभी भैरव पूजा व भंडारे का बहाना बनाया गया। यहां तक कि आरोपी ने सोने का चूड़ा भेजने का झांसा देकर गाड़ी का किराया भी छात्र से वसूला।

स्वच्छता ही सेवा अभियान : महापौर अलका ने स्वच्छता रथ को दिखाई हरी झंडी

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम अंतर्गत आज महापौर अलका बाघमार ने 'स्वच्छता ही सेवा 2025' एवं रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत निगम परिसर से स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एनआईसी देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, सावित्री दमाहे, रंजीता पाटिल के अलावा कार्यपालन अधिकारी दिनेश नेताम, भवन अधिकारी गिरीश दीवान सहित स्वास्थ्य विभाग अमला कर्मचारी मौजूद रहे। स्वच्छता रथ संपूर्ण पखवाड़े के दौरान नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों, रहवासी इलाकों, व्यावसायिक क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करेगा। इस दौरान नागरिकों को स्वच्छता के महत्व और साफ सफाई को लेकर जागरूक किया जाएगा। महापौर ने कहा कि केवल निगम के प्रयासों से नहीं बल्कि नागरिकों की भागीदारी से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। रथ के माध्यम से लोगों को गीला-सूखा कचरा पृथक करने, कचरा पात्र का उपयोग करने और गंदगी न फैलाने का संदेश दिया जाएगा।

रजत जयंती महोत्सव से जुड़ा अभियान

स्वच्छता रथ का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती महोत्सव श्रृंखला और 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी बल्कि शहर की छवि को भी निखारने में मदद मिलेगी।

अधिकारियों और कर्मचारियों की सहभागिता

कार्यक्रम के दौरान निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी शहरवासियों से अपील की कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें और अपने आस-पास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में योगदान दें।

खेत किनारे मिली युवती की लाश, चेहरा पत्थर से कुचला, जांच में जुटी पुलिस

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के नगपुरा-दमोदा-टेमरी गांव के पास खेत किनारे अज्ञात युवती की लाश मिली है। शनिवार 20 सितंबर की सुबह ग्रामीणों ने युवती का शव देखा तो थाने में सूचना दी। पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है।

भिलाई एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि यह हत्या का मामला है। युवती की पहले गला घोंटकर हत्या की गई। फिर उसकी पहचान छिपाने के लिए चेहरे को पत्थर से कुचल दिया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि रात में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं दिखी।

पुलिस का मानना है कि वारदात रात के अंधेरे में की गई। नगपुर चौकी प्रभारी के अनुसार मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं मिले हैं। पुलिस मुख्य मार्गों के फुटेज खंगाल रही है। मामले की जांच के लिए क्राइम ब्रांच और पुलगांव थाना की संयुक्त टीम बनाई गई है। मृतका की पहचान के लिए आसपास के थानों और गुमशुदगी शाखा से संपर्क किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट से मौत के सटीक कारणों का पता चलेगा।

आज अंतिम दिवस

दुर्ग। दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए दानशीलता, सौहार्द्र और अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति/संस्था अपनी प्रविष्टियां 21 सितम्बर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। दानशीलता और राष्ट्रीयता के क्षेत्र में किये गये कार्यों का विस्तृत विवरण, प्राप्त किये अन्य पुरस्कार का विवरण, उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रकाशन, प्रख्यात व्यक्तियों/पत्र पत्रिकाओं द्वारा की गई टिप्पणी, निरन्तर क्रियाशील और निर्विवाद होने के विषय में जिला कलेक्टर की अनुशंसा से प्रेषित कर सकते हैं।

बच्चे, जवान और वरिष्ठ नागरिकों ने मैराथन में लिया हिस्सा

■ रिसाली निगम कर्मचारियों ने चलाया सफाई अभियान

रिसाली/नवप्रदेश। स्वच्छता को लेकर मैराथन का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुए दौड़ में सरकारी स्कूल के बच्चें, योग लंगर परिवार के सद्स्य और बड़ी संख्या में नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाई। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में मैराथन दौड़ का

आयोजन किया। रिसाली निगम के द्वारा कराए गए मैराथन में निगम क्षेत्र के 500 से ज्यादा लोगों ने दौड़ लगाई। दौड़ में रिसाली को स्वच्छ बनाने के नारे भी लगाए। दौड़ के पहले निगम आयुक्त ने समाज सेवी, समाजिक संगठन और स्वयं सेवी संस्थाओं से परिचय लिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को श्रमदान किया गया है। जनप्रतिनिधि, समाज सेवक, नागरिक और निगम कर्मचारी मिलकर कल्याणी शीतला मंदिर के पास सफाई किया। श्रमदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ। इस दौरान आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों को शहर को साफसुथरा और घरों से निकलने वाले कचरा को अन्यत्र न फेकने की अपील की। मैराथन में सभापति केशव बंछोर, नेताप्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, पार्षद सीमा साहू, शीला नारखेड़े, सविता ढवस, सरिता देवांगन, मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, ममता सिन्हा, अनुप डे मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

संस्कृति... **संगीत महाविद्यालय में लोक संगीत पर दो दिवसीय ज्ञान दान कार्यशाला का आयोजन**

भारतीय जान परंपरा की जड़ों में है लोक कला : विशेषज्ञ वेदांत

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित और प्रचारित करने के उद्देश्य से नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में (एनएसएस) प्रकोष्ठ द्वारा लोक संगीत पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ वेदांत सिंह और सर्वजीत बम्बेश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की परंपराओं, जैसे पंथी नृत्य-संगीत, राउत नाचा और सुवा लोक गीतों को जाना। पहले दिन विशेषज्ञ वेदांत सिंह ने लोक संगीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसके

सामाजिक महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय जान परंपरा की जड़ों में है लोक कला। लोक संगीत न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि आदिवासी और ग्रामीण जीवन की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखता है। वहीं, सर्वजीत बम्बेश्वर न वाद्ययंत्रों जैसे मंदर, ढोलक और बांसुरी के माध्यम से प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रतिभागियों ने अभ्यास किया, जिसमें छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का गायन और सामूहिक प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण रहा। दूसरे दिन कार्यशाला में लोक संगीत को आधुनिक संदर्भ में ढालने पर चर्चा हुई। वेदांत सिंह ने युवाओं को पारंपरिक संगीत को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर ले जाने की सलाह दी, कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने सीखी हुई कलाओं का प्रदर्शन किया।

प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने संबोधन में कहा, ÷यह कार्यशाला हमारे महावि?द्यालय के छात्रों को लोक संगीत की जड़ों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए ऐसी पहलें निरंतर जारी रहेंगी।÷ उन्होंने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि महाविद्यालय भविष्य में और अधिक कार्यशालाओं का आयोजन करेगा, जिसमें शास्त्रीय संगीत के साथ लोक तत्वों का समावेश होगा। हमारी विशिष्ट ज्ञान दान श्रृंखला के माध्यम से विशेषज्ञों की आमंत्रित करते रहेंगे। वरिष्ठ छात्र जगदीश बामनिया ने कहा कि इस तरह की शिक्षाप्रद कार्यशाला निरंतर लगते रहना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने महाविद्यालय के सदस्यों डॉ बाबूलाल सिंह, डॉ निधि वर्मा, वत्सल तिवारी, राजेंद्र कुमार, धनराज भोयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम न केवल संगीत शिक्षा को मजबूत करने वाला साबित हुआ, बल्कि छग की लोक कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक होगी।

दोना-पत्तल निर्माण यूनिट का हुआ शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था भिलाई महिला समाज ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर महिला स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए दोना-पत्तल निर्माण की नई यूनिट का शुभारंभ बीएमएस सेक्टर-1 में किया। मशीन का उद्घाटन भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्ष स्मिता गिरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सार्थक साबित होगी। प्लास्टिक डिस्पोजल के स्थान पर इको-फ्रेंडली दोना-पत्तल का उपयोग समाज में जागरूकता लाएगा।

इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की सभी उपाध्यक्ष प्रणोति मुखोपाध्याय, मौली चक्रवर्ती, छवि निगम, पूनम कुमार, रेणुका रविंद्रनाथ, महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष रीता तिवारी, वर्किंग कमेटी सदस्य रूखसाना शेख, सपना सोनी, सुषमा सलवटकर, लक्ष्मी पटेल, बबीता सिंह, रागिनी शर्मा, सुधा शर्मा सहित भिलाई महिला समाज की कार्यकारी टीम तथा बड़ी संख्या में महिला समाज के सदस्यों की भी उपस्थिति रही।

समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने यह विष्वास व्यक्त किया कि महिला समाज भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यों के माध्यम से प्रगति के नए आयाम छूता रहेगा।

न्यूज गैलरी

महाविद्यालय में हुआ फ्रेशर स्वागत समारोह

नगरी / नवप्रदेश। सुखराम नागे महाविद्यालय मे सीनियर छात्र छात्राओं ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का फ्रेसर स्वागत आयोजन किया गया इसकी शुरुआत नवीन छात्र छात्राओं को साज सज्जा के साथ महाविद्यालय में गाड़ियों में सम्मान पुर्वक लाया गया उसके बाद नवीन छात्र-छात्राओं को गुलाल एवं गुलाब का बुके देकर स्वागत किया गया इसके बाद छात्र छात्राओं के लिए अनेक खेल आयोजन किया डांस रैम वाक पावर लिफ्टिंग आई कांटेक्ट क्विज़ गेम जैसे बीए बीएससी बीकॉम के माध्य कराया जिसमें हर खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीए फर्स्ट इयर ने फ्रेसर ट्रापी अपना नाम किया मुख्य रूप से बीए सी फाइनल का योगदान रहा गोमेद साहू वंदना रोशनी साहू तफसीर फातमा भुमिका गुप्ता आकांक्षा कश्यप बबीता गंधर्व चैताली देवीना नेताम दिवस साहू दिव्या डोमेश्वरी धन्नु साहू हुसन नेताम कावेरी साहू मोनिका योगिता नेताम सिंन्हा सरला सिखा साहू श्रेया कोसरे तनुजा योगीता नेताम मंडावी वंदना महिलांगे वंदना साहू योगिता मरकाम अफ्जल दिव्यांश मीलेश्वर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शाउमा व सिहावा मे किया गया साइकिल वितरण

नगरी / नवप्रदेश। सरस्वती सायकल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा मे कक्षा 9 वी के छात्राओं को सायकल वितरण किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के अर्चना से शुरू हुई इसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया 59 सायकल छात्राओं को तथा एक सायकल कमार जाति के छात्र को दिया गया सायकल वितरण कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने छात्राओ को बधाई देते हुए कहा सभी आप सब के स्कूल आने जाने में कठानाईया ना हो करके सायकल वितरण किया गया है और कहा सभी नियमित रूप से शाला आकर शिक्षा ग्रहण करे साथ ही शाला प्राचार्य एस आर साहू ने कहा सायकल की सुविधा ना होने से एवं दुरी के प्रभाव से कई छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हो रही थी यह सायकल मिलने से छात्राओं की समस्या दूर हो रही है और छात्राएं शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

इस अवसर जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू , शाला समिति अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सदस्य गंगा पटेल संजय सारथी लोकेश्वर पटेल रामसरण पटेल मुकेश पटेल गैंद शांडिल्य शिक्षक दुष्यंत पुजारी दिनेश यादव गोविंद नारायण साहू हेमंत साहू हिरा मरकाम हरिश साहू संजय शांडिल्य शिक्षिका नीशा साहू पिलेश्वरी साहू रश्मि यदु आदि मौजूद रहे

महामाई परिसर फरसियां में स्वच्छता सेवा कायक्रम

नगरी/ नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम फरसियां स्थित महामाई परिसर में किया गया। इस अवसर पर 16 पाली के समस्त महिला एवं पुरुष सदस्यों ने मिलकर परिसर की साफसफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच केशव टेकाम एवं पंचगण उपस्थित रहे। साथ ही महामाई समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल मरकाम, उपाध्यक्ष गजानंद कश्यप, दीनदयाल ग्वाले, हरचंद साहू, सचिव राधेश्याम साहू, राधेश्याम ध्रुव, महासचिव नीरज सोन, कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन, युवा अध्यक्ष रेखाराम साहू, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, सचिव अरुण प्रजापति, सहसचिव चेतन नाग सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए।

निधन

झम्मू बाई सिंघवी

खैरागढ़ / नवप्रदेश। बख्शी मार्ग निवासी वरिष्ठ धर्म सहायिका झम्मूबाई सिंघवी का निधन 17 सितंबर को हो गया । वे हीरालाल, अनिल, सुनील किशन, वीरेन्द्र कमलेश सिंघवी की माता थी । उनका अंतिम संस्कार जैन मुक्तिधाम दाउचौरा मे किया गया । इस दौरान मौजूद परिजनों, समाजिक जनों, लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की ।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग वार्षिक निरीक्षण परेड में हुए शामिल

❒ पुलिस जवानों का टर्नआउट किया गया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा वार्षिक निरीक्षण हेतु दिनांक 19.09.2025 को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में उन्हें सलामी दी गई तत्पश्चात जनरल परेड में उन्होंने सलामी लिया। पुलिस अधीक्षक के वार्षिक निरीक्षण परेड में रक्षित केन्द्र/थाना/चौकी/यातायात शाखा एवं डॉक स्कार्ट के कुल 80 अधिकारी/कर्मचारी हुए शामिल। परेड में

शामिल पुलिस जवानों का टर्नआउट एवं परेड का निरीक्षण किया साथ ही डॉग स्कॉड का भी निरीक्षण किया गया। जिन अधिकारी कर्मचारियों का टर्नआउट साफसुथरा व उच्चकोटि का पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को उनके द्वारा ईनाम दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड कमांडरों को स्कावर्ड ड्रील कराने को कहा गया जिनके कमाण्ड पर जवानों ने बेहतरीन परेड का प्रदर्शन किया।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक एवं रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कसेर सहित लगभग 80 अधिकारी/कर्मचारी हुए सम्मिलित।

परेड के पश्चात निरीक्षण

परेड के पश्चात एमटी शाखा वाहनों का निरीक्षण, लाईन ऑफिस स्टोर शाखा, शस्त्रागार, वस्त्रागार शाखा का भी निरीक्षण किया गया, जहा पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शाखा में संधारित सभी रजिस्टरो का अवलोकन किया गया एवं संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिसके पश्चात उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का दरबार लेकर पुलिस जवानों के समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश दिया गया। अनुशासित रहकर अपने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिये।

एनएचएम कर्मचारियों ने स्थतिगत की हड़ताल

❒ स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री द्वारा मांगों पर सहमति जताने एवं सकारात्मक चर्चा के पश्चात आंदोलन स्थगित कर दिया गया

गरियाबंद/ नवप्रदेश। दिनाँक 18.08.2025 से लेकर दिनाँक 19.09.2025 तक प्रदेश के 16 हज़ार एन एच एम कर्मचारी , छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले 10 सूत्री मांगों को लेकर आन्दोलनरत रहे जिसे दिनाँक 19 सितंबर की ही शाम माननीय स्वास्थ्य मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मांगों पर सहमति जताने एवं सकारात्मक चर्चा के पश्चात आंदोलन स्थगित कर दिया गया ।

आन्दोलन के दौरान संघ के क्रियाकलापों को लेकर आप सभी मीडिया कर्मी साथियों का जो सहयोग, साथ तथा कवरेज हम सभी को प्राप्त हुआ उसके लिए प्रदेश के पूरे 16 हज़ार एन एच एम कर्मचारी संघ हृदय से आपके आभारी हैं तथा कोटिशः आपको धन्यवाद अर्पित करते हैं। निश्चित रूप से यदि आपका साथ हमें नहीं मिलता तो हमारी आवाज शासन -प्रशासन सहित प्रदेश की आम जनता तक भी उचित ढंग से संभवतः ना पहुँच पाती । लंबे समय तक अल्प वेतन में गुजारा कर रहे हैं विभिन्न सामाजिक आर्थिक सुविधाओं से वंचित हम सभी संविदा एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों को शासन तक पहुंचाने एवं हमारी पीड़ा पर जनता का ध्यान आकर्षित करने का कार्य भी आप सभी मीडिया कर्मी साथियों ने किया।

साथ ही हमारे हड़ताल को समर्थन देने वाले सभी सामाजिक संगठन, अन्य अधिकारी कर्मचारी संगठन एवं सभी बुद्धिजीवी, व्यापारी संगठन एवं उच्च अधिकारियों का भी आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारे हड़ताल पर नैतिक या प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दिया।

एक बार पुनः आप सभी साथियों का हम सभी एन एच एम कर्मी और संघ आभार व्यक्त करते हुए अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं आशा है कि आप सभी का यह साथ आगे भी बना रहेगा।आज एन एच एम संविदा कर्मचारियों से मिलने कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से मनोज खरे और बसंत द्विवेदी आये और उत्साह वर्धन कर मिली उपलब्धि पर बधाई दी साथ ही बचे हुए मांग के लिए शुभकामनायें दीआशा प्रगट की कि बर्खास्तकर्मचारियों कि बहाली शीघ्र हो

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष लम्बोदर महतो, शेखर धुर्वे, डॉ शंकर पटेल, डॉ योगेंद्र रघुवंशी, प्रशांत अवधिया, डॉ बिनकर, डॉ चेतन नाग, भूपेंद्र सिन्हा, दीपेश टांडी, टिकेश बांसकर, डॉ तरुण पटेल, डॉ लक्ष्मीकांत ठाकुर, गौरव यादव,संदीप वर्मा, कमलेश्वर ढीढी, योगेश साहू, डॉ विकास वर्मा, तुमित श्रीवास, कान्हा गोस्वामी, अशोक दीवान, मोहेन्द्र, भारत ठाकुर, टिकेश साहू, धीरज शर्मा, एन कुमार, महेन्द्र, लीला राम, विकास, पारुल सिन्हा, यूनिकेश सिन्हा,पंकज, हरीश, लाल जी साहू, गजेंद्र, सौरभ गुप्ता, संजय साहू, पूजा साहू, अनीश अख्तर, रुपम जैन, सुनीता, हनीषा, युलिका, डिगेश्वरी,हेमा सिन्हा, लक्ष्मी, हेमलता, मृणालिनी,भुनेश्वरी,नम्रता, चित्रलेखा, कामिनी, भोज ध्रुव,लीलेश, विनीता,बलवंत, कृष्णा सिन्हा, उमेश सोनी, सावित्री, रेणुका,हेमचन्द्रिका, दीप्ती, रीना, इंदु साहू, यामिनी ठाकुर, अन्नपूर्णा साहू के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे जिनका सादर आभार प्रदर्शित करते हैं।

पेयजल की समस्या : पीएचई विभाग के ईई को नपं अध्यक्ष ने लिखा पत्र

❒ दस दिन के भीतर हुआ बोर खनन, लोगों की समस्या दूर

बालोद/नवप्रदेश। डौंडी लोहारा नगर के वार्ड क्रमांक 11 में मौजूद तहसील कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों को होने वाली पेयजल की समस्या से अब मुक्ति मिल चुकी है। नगर पंचायत अध्यक्ष के पत्र के बाद पीएचई विभाग के ईई ने महज 10 दिनों के भीतर ही बोर खनन करवा दिया है। दरअसल डौंडी लोहारा तहसील अंतर्गत कई गांव आते हैं और हर दिन किसी न किसी व्यक्ति को तहसील कार्यालय किसी न किसी काम के सिलसिले में पहुंचना होता है। लेकिन तहसील कार्यालय में पेयजल का स्त्रोत नहीं होने से लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। जैसे ही इसकी जानकारी डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम को लगी तो उन्होंने अपने लेटर पैड से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखा। जिसके बाद ईई सागर वर्मा ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित सहायक अभियंता को पत्र जारी कर बोर खनन के लिए निर्देशित किया।

निर्देश मिलते ही पीएचई विभाग के बोर खनन वाली गाड़ी मौके पर पहुंची और बोर की खुदाई की गई। तहसील परिसर में बोर की खुदाई से वहां आने जाने वाले लोगों को अब पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम और पीएचई विभाग के ईई सागर वर्मा का लोगों ने आभार जताया।

बाजार अतरिया स्वास्थ्य केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

❒ आयुष्मान कार्ड, मातृ स्वास्थ्य व ऑनलाइन ओपीडी पर दिया जोर

खैरागढ़ / नवप्रदेश । ब्लाक के बाजार अतरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आकस्मिक निरीक्षण कर अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं, स्टाफ उपस्थिति, दवा उपलब्धता, मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं तथा साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इलाज के लिए आए मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण उपचार मिले । कलेक्टर ने बाजार अतरिया सेक्टर के सभी ग्रामों में 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। कलेक्टर ने ओपीडी सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन करने के निर्देश दिए ताकि पारदर्शिता और त्वरित सेवा सुनिश्चित हो सके। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित कर कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूर्ण करने कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं का सौ प्रतिशत पंजीयन करने तथा प्रत्येक महिला की कम से कम चार प्रसव पूर्व जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर उनके उचित प्रबंधन और उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़कर संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने शासन द्वारा निर्धारित सभी लैब टेस्ट सेवाओं को बढ़ाने के निर्देश दिए ।

जिले के थानों में आयोजित हुआ थाना दिवस

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला पुलिस द्वारा हर माह जिले के थानो मे आयोजित होने वाले थाना दिवस मे पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने जिले के मोहगांव और गंडई थाने मे चौपाल लगाकर लोगो की समस्याओ , शिकायतों को सुन उसके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए । इस दौरान एसपी ने साइबर फ्र ाड, नए अपराधिक कानून,महिला एवं बच्चो की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने सहित साइबर अपराध संबंधी जानकारी दी ।साइबर संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों व वार्डो में साइबर जागरूकता यातायात जागरूकता का आयोजन करने निर्देश दिए गए । एसपी सहित विभिन्न अधिकारियो ने गांव सहित शहर इलाको मे सडको पर आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस के साथ साथ आम नागरिकों को मवेशियों को उचित स्थानों पर सुरक्षित रखने की हिदायत देते कहा कि इससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है । चौपाल मे साइबर संबंधी धोखाधड़ी होने पर साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 अथवा पोर्टल पर मामला तुरंत दर्ज कराने अनजान नंबर से बार बार धोखाधड़ी करने का प्रयास होने पर संचार क्रांति चक्षु पोर्टल पर दर्ज के निर्देश दिए । थाना दिवस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम ने खैरागढ़ एवं ठेलकाडीह , एसडीओपी गंडई मानक राम कश्यप ने छुईखदान ,उप पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्रा द्वारा गातापार एवं जालबांधा , नक्सल सेल प्रभारी अम्बरीश शर्मा द्वारा साल्हेवारां एवं बकरकट्टा में क्षेत्रांतर्गत आए समस्याओं का निराकरण किया गया।

अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही के निर्देश

थाना दिवस के दौरान अधिकारियो द्वारा लगाए गए चौपाल मे उपस्थित लोगो ने प्रमुख शिकायतों में अवैध शराब बिक्री , सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, मादक पदार्थो गांजा, नशीली दवाइयों का सेवन , बिक्री, शराबखोरी, यातायात नियमों की अनदेखी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही ,साइबर संबंधी समस्या , शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में धोखेबाजों द्वारा बनाई गयी फ़ाइल से बचने,नाबालिकों द्वारा वाहनो को नहीं चलाने, छात्र छात्राओ द्वारा शैक्षणिक संस्थानो के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने , मवेशी संबंधित अव्यवस्था ,सड़क दुर्घटना के संबंध में थी।

फरसियां में जिओ इंटरनेट की धीमी गति से ग्रामवासी परेशान, सुधार की उठी मांग

नगरी / नवप्रदेश। आधुनिक युग में जहाँ जीवन का अधिकांश हिस्सा डिजिटल सेवाओं और इंटरनेट पर निर्भर हो गया है, वहीं नगरी विकासखंड के ग्राम फरसियां के लोग आज भी सुस्त इंटरनेट स्पीड की समस्या से जूझ रहे हैं। लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद ग्रामीणों को भले ही मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिल पाई हो, लेकिन इंटरनेट के नाम पर यह सेवा मात्र औपचारिकता साबित हो रही है।

ग्रामवासियों का कहना है कि आज के दौर में शिक्षा, रोजगार, शासन-प्रशासन की योजनाएँ और दैनिक कार्य सभी ऑनलाइन माध्यम से संचालित होते हैं। ऐसे में कमजोर नेटवर्क और धीमी इंटरनेट गति के कारण उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाई और ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में लगातार दिक्कतें आ रही हैं।

मवेशी पालकों को चेतावनी | **खुलेआम शराब खोरी और अवैध बिक्री पर भी 5000 का दंड**

मेढ़की में मवेशियों को आवारा छोड़ने पर पशुपालकों पर लगेगा 500 रूपए का जुर्माना

बालोद/नवप्रदेश। गांव-गांव में घूम रहे आवारा पशुओं से किसानों को हानि हो रही है। आवारा घूम रहे मवेशियों के द्वारा खेतों में लगे धान फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसानों की फसल खराब हो रही है और लगभग क्षेत्र के सभी गांवों में यही हाल है। जहां पशुओं के मालिकों के द्वारा अपने-अपने मवेशियों को घरों में बांधने की बजाय आवारा छोड़ दिए हैं, लेकिन इन आवारा घूम रहे पशुओं से अपनी फसल को बचाने के लिए बालोद ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मेढ़की के लोगों ने एक अलग ही मिसाल पेश की है। यहां गांव के लोगों ने गांव में बैठक आयोजित कर निर्णय लिया गया कि गांव में पशुओं को आवारा छोड़ने पर पशुपालकों पर 500 रूपए का जुर्माना निर्धारित किया है। ताकि इन पशुओं के द्वारा किसी भी किसान की फसल को नुकसान होने से बचाया जा सके। वही ग्रामीणों द्वारा मेढ़की गांव में शराब बेचने वालों और सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये का आर्थिक दंड लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार ग्राम मेढ़की में पशुपालक के द्वारा पशुओं को आवारा छोड़ देने के कारण फसल तबाह हो रहे हैं। आए दिन ये पशु किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाते हैं।

लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं। मामले को देखते हुए ग्राम मेढ़की के ग्रामीणों ने इस विवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए ग्राम में सार्वजनिक बैठक आयोजित कर ग्राम में पशुओं को आवारा छोड़ने पर पशुपालकों पर 500 रूपए का जुर्माना निर्धारित किया है।जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया है। बैठक में बताया कि पशुपालक अपनी मवेशियों को खेतों में छोड़ दिया करते थे। जिसके कारण मवेशी खेतों में जाकर धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे।

इस कारण ग्रामीणों ने गांव में नई व्यवस्था बनाई है। अब से खेतों में लगी फसल को क्षति पहुंचाते हुए यदि मवेशी,बकरा बकरी पकड़ी गई तो 500 रुपए के हिसाब से संबंधित पशुपालक को जुर्माना देना होगा।

गांव में शराब बेचने पर 5 हजार का आर्थिक दंड

गांव में फैल रहे नशे के प्रचलन को लेकर ग्राम मेढ़की के ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ अहम फैसले लिए हैं। मेढ़की में सामूहिक बैठक आयोजित कर नशा रोकने के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव लिए गए। ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से तय किया गया कि मेढ़की गांव में शराब बेचने वालों और सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। गांव में बढ़ रहे नशे के प्रचलन को रोकने के लिए मेढ़की गांव के ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ आर्थिक दंड का प्रावधान रखा है। जिससे नशे के प्रचलन को कम किया जा सके। साथ ही नशे के चलते शिकार हो रहे युवा इस दलदल से बाहर निकल सके और नशे के दौरान गांव में गाली गलौज पर भी अंकुश लगाया जा सके।

दीदी के गोठ में गूंजीं आत्मनिर्भरता की कहानियाँ

❒ जिपं, जनपद सहित ग्राम पंचायतों मे महिलाओं ने सूनी प्रेरक कहानियां

स्वच्छता की ली गई शपथ

खैरागढ़/नवप्रदेश। दीदियों की कहानी, उन्हीं की जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन हूआ । इस आयोजन में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने जीवन संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सामाजिक बदलाव की प्रेरक कहानियाँ साझा कीं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं आज न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि समाज को भी दिशा देने का कार्य कर रही हैं। इनकी भागीदारी गांव की तरक्की का रास्ता खोल रही है। स्वच्छता के प्रति इनका योगदान सराहनीय है और यह आंदोलन तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक इसमें सहभागी बने।

कमलाकांत इंस्टी. के विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक

भाटापारा/ नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डिप्लोमा इन फार्मेसी में शनिवार को नैशनल फार्माकोविजिलेन्स सप्ताहिक कार्यक्रम मनाया गया जिसमें फार्मेसी के विद्यार्थीगण ने जनता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका मुख्य विषय - ''मानसिक रोग का उपचार'' जिसमें छात्रों ने मानसिक रोग से बचने के लिए सकरात्मक बदलाव, सामाजिक जुडाव, रचनात्मक कार्य, जन सहभागिता के माध्यम से समझाने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक भाटापारा के फव्वारा चैंक कांग्रेस भवन के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसमें महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला संस्था की प्राचार्या श्रीमती गायत्री देवागंन और कार्यरत सभी सहा. प्राध्यापकों व कार्यालय स्टॉफ ने अपना सहभागिता प्रस्तुत किया।

खल्लारी प्रतिभाओं की भूमि, उनका सम्मान करना अभिनव पहल : निखिलकांत

खल्लारी के प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद/ नवप्रदेश। ग्राम खल्लारी में विशिष्ट व्यक्तित्व सम्मान के तहत सम्मान समारोह 2025 का आयोजन 19 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू थे। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण सहित क्षेत्र भर के सामाजिक, राजनीतिक व्यक्तित्व एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उक्त आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू के नेतृत्व में खल्लारी स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व सभापति बसंता ठाकुर, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति व कंवर पैंकरा समाज महासभा (केन्द्रीय) खल्लारी अध्यक्ष थानसिंग दीवान, बागबाहरा जनपद पंचायत के सभापति भूमिका रामजी लाल सिन्हा, खल्लारी थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार नाग, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी के अध्यक्ष नंदकुमार निषाद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के प्राचार्य सुश्री सविता चन्द्राकर, शा. पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद, विशेष अतिथि ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेन्द्र साहू, मरार कसही बाहरा सरपंच संगीता गुणनिधि पटेल, बी.के. बाहरा सरपंच खेमराज साहू, भीमखोज सरपंच भेखलाल बघेल, आंवराडबरी सरपंच प्रतिनिधि मुकुंदलाल सिन्हा, ग्राम पंचायत कोमा के पूर्व सरपंच सविता गोस्वामी थे। आयोजन का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी के छायाचित्र का विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। इससे पहले सभी अतिथियों ने श्रीराम मंदिर में भगवान राम, माता सीता व भगवान लक्ष्मण, हनुमान जी के समक्ष मत्था टेक दर्शन पूजन किया।

सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन अक्षत, गुलाल, बेच, माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ के साथ हुआ। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरा खल्लारी क्षेत्र मां की गोद में बसा हुआ है और यहां आकर मुझे मां की ममता का अनुभुति होता है। खल्लारी समरसता की भूमि है और इस क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

आयोजन में सेवाभावी लोगों का हुआ सम्मान

ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह 2025 के अवसर पर सामाजिक समरसता को लेकर कार्यक्रम किया गया। जिसमें शिक्षा, चिकित्सा, पुलिस जनसुरक्षा, बेहतर कानुन व्यवस्था, कृषि, पर्यावरण, वन सेवा प्रेरक, वन्यजीव संरक्षण, गौ सेवा, धार्मिक, सामाजिक, अध्यात्म, लोककला, सांस्कृतिक गौरव, योगाभ्यास, नशामुक्ति अभियान, ग्रामीण धार्मिक सांस्कृतिक प्रसार, समरसता सेवा, जनसेवक समाज सेवा, लोक सेवा, सहकारिता, कृषक व प्रकृति सेवा, ग्रामीणजन सेवा, नारी सशक्तिकरण, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा, कर्तव्यनिष्ठ विद्युत व्यवस्था सलाह सेवा, आंगनबाड़ी, मितानिन सम्मान, बहुआयामी व्यक्तित्व, स्वास्थ्य जनसेवक, शिक्षा सेवा, शिक्षक समाज सेवा, उन्नत प्रगतिशील कृषक सेवा, जन आस्था सेवा, सामाजिक समरसता आदि जैसे जनहित के अनेक कार्यों में अपने - अपने तमाम व्यवस्था के बाद भी दुसरों के लिए प्रत्येक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से निःस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले स्थानिय व क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक जनों में करीब 75 लोगों का सम्मान किया गया है।

नवरात्रि एवं दशहरा में डीजे पर पूरी तरह रोक

महासमुंद/ नवप्रदेश। नवरात्रि एवं दशहरा त्योहार के दौरान सौहार्द्र एवं शांति बनाए रखने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व आयोजनों को सुरक्षित, अनुशासित व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पांडेय सर्व धर्म एवं समाज प्रमुख, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने नवरात्रि, दशहरा, झांकी और विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या भड़काऊ गतिविधियों को प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में कहा कि पर्व के दौरान बजने वाले गीत धार्मिक, पारम्परिक एवं गरिमा के अनुरूप होना चाहिए तथा किसी भी स्थिति में भड़काऊ न हो। जिससे किसी भी वर्ग को ठेस पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से नियंत्रण रखा जाएगा। व्हीकल माउंटेन डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे तथा अन्य ध्वनि यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय सीमा एवं मानकों के भीतर ही सीमित रहेगा। उन्होंने समितियों को निर्देशित किया कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी गतिविधि के लिए पूर्व अनुमति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से

पीएम के नेतृत्व में दुनिया आत्मनिर्भर भारत का कर रहा दर्शन : सुनील सोनी

- **पूरी दुनिया असहाय थी तब कोविड प्रबंधन का भारत ने बेहतर मिशाल पेश किया**
- **सेवा पखवाड़ा के तहत स्वाध्याय केंद्र में जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन**

महासमुंद/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी शामिल हुए। उन्होंने कहा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें समाज को जोड़ने वाले विविध रचनात्मक कार्य शामिल होंगे। यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछड़ा हुआ माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है।

स्वाध्याय केंद्र में आयोजित प्रबुद्धजन वर्ग संवाद का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 03 बजे किया गया। कार्यक्रम जीएसटी स्लैब में छूट व मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलिब्धयों पर आधारित रहा। इस दौरान मुख्य वक्ता विधायक सुनील सोनी ने पीएम को प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। विधायक श्री सोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं। अर्थव्यवस्था, विरासत, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, नियुक्तियां, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन जैसे तमाम क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित और वंचित समाज को प्राथमिकता देने की वजह से हर नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। यही वजह है कि बीते 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए हैं।

इस दौरान जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों की स्मृतियों से जुड़े अनेक रचनात्मक कार्य किए गए हैं, जो सामाजिक न्याय और सामाजिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित हुए हैं। कोविड काल के प्रबंधन का जिक्र करते हुए जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि जब पूरी दुनिया महामारी के सामने असहाय थी, तब भारत ने सबसे बेहतरीन कोविड प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत किया। जहां 100 वर्षों में कोई वैक्सीन भारत तक नहीं पहुंच पाई, वहीं मोदी जी के नेतृत्व में सिर्फ 9 महीनों में कोविड वैक्सीन विकसित की गई। उन्होंने बताया कि न केवल भारतवासियों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई गई, बल्कि दुनिया के दर्जनों मित्र देशों को भी फ्री में वैक्सीन देकर भारत ने बेहतरीन कूटनीतिक उदाहरण प्रस्तुत किया। इससे भारत संकट के समय सहयोगी के रूप में दुनिया के सामने मिशाल बनकर उभरा।

उन्होंने जीएसटी स्लैब से संबंधित सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पहले 4 स्लैबों में जीएसटी आम जनता को देय था अब, 4 स्लैबों को घटाकर केवल 2 स्लैब में जीएसटी का प्रावधान किया गया है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है।

पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का पहला चरण स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान है।

इतवारी से-धनबाद-के मध्य एक फेरे के लिए 17 अक्टूबर को चलेगी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

भाटापारा / नवप्रदेश। दीपावली पर्व के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)- धनबाद- नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) के मध्य एक फेरे के लिये दीपावली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है ।

गाड़ी संख्या 08875 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) ङ्क धनबाद दीपावली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से 17 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को तथा गाड़ी संख्या 08876 धनबाद - नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) दीपावली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन धनबाद से 18 अक्टूबर 2025 शनिवार को चलेगी । इस गाड़ी का स्टॉपेज भाटापारा के साथ साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है । गाड़ी संख्या 08875 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) - धनबाद दीपावली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) स्टेशन से 17 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को रात 20.00 बजे रवाना होगी तथा रात्रि में 02.17 मिनट पर भाटापारा आएगी और अगले दिन शाम 17.15 बजे धनबाद स्टेशन पहुंचेगी 7

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08876 धनबाद - नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) दीपावली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन धनबाद से 18 अक्टूबर शनिवार को शाम 18.45 बजे रवाना होगी तथा अगले दिन दोपहर में

12.00 बजे पहुंचेगी और रात 19.15 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) स्टेशन पहुंचेगी ।

कलेक्टर बी. एस. उईके ने डोंगरीगांव में नवीन जिला अस्पताल स्थल का किया निरीक्षण

- **100 बिस्तरों का सर्व सुविधायुक्त अस्पताल सहित 50 बिस्तरों का क्रिटिकल केयर यूनिट और 100 बिस्तरों का मातृत्व शिशु केयर यूनिट का होगा निर्माण**

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उईके ने आज डोंगरीगांव में बनने वाले नवीन जिला अस्पताल स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। नवीन जिला अस्पताल भवन 100 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा, जो पूरे जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। इसके अलावा 100 बिस्तरों का मातृत्व शिशु केयर यूनिट का भी निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में 50 बिस्तरों का क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निर्माण कार्य जारी है। कलेक्टर ने कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान नए बनने वाले जिला अस्पताल भवन के स्थल में जाकर जगह का लेआउट एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया। उन्होंने भवन में सर्व सुविधा व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए पर्याप्त पार्किंग की भी सुचारु व्यवस्था की प्लानिंग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, सीएमएचओ डॉ यू एस नवरत्न सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी को मिलकर इस महत्वपूर्ण परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि जिले के प्रत्येक नागरिक को उच्च स्तरीय और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। आगामी समय में इस अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने पर गरियाबंद जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उईके ने बनने वाले भवन की संरचना, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की गति को भी निगरानी में रखते हुए कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

भाटापारा / नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई है।इसी क्रम में भाटापारा विधानसभा के ग्रामीण मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए, वहीं क्षेत्र के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए और जनपद पंचायत सी ई ओ हिमांशु वर्मा ने भी रक्तदान किया..

शिवरतन शर्मा ने रक्तदान को मानवता का सबसे बड़ा दान बताते हुए लोगो से अपील की कि वे इस महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। शिवरतन शर्मा ने कहा की रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह देखकर खुशी हुई कि हमारे युवा उत्साह और निष्ठा के साथ जनसेवा में सक्रिय हैं। उनका समर्पण और रक्तदान का यह प्रयास समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका यह योगदान प्रधानमंत्री जी के संकल्प को आगे बढ़ाएंगा।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह दान किसी जरूरतमंद को जीवन देता है और समाज को जोड़ता है। सेवा पखवाड़ा वास्तव में जनकल्याण और मानवीय मूल्यों को समर्पित है।

34 गांवों में जमीन खरीदी बिक्री पर लगी रोक के पूर्व आदेश पर किया गया संशोधन

कलेक्टर ने जारी किए नए आदेश

नवापारा राजिम। खरसिया-नया रायपुर - परमलकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित 278 किलोमीटर लंबी 5 वीं एवं 6 वीं रेलवे लाइन के निर्माण कार्य के मद्देनजर पूर्व में जिले के 34 ग्रामों की जमीन पर निर्माण तथा हस्तांतरण पर रोक लगा दी गई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के प्रस्ताव के आधार पर जारी पुराने रोक आदेश में संशोधन करते हुए, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने 34 ग्रामों की भूमि नए निर्देश जारी कर दिए है।

इस आदेश के तहत अभनपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले गिरोला, (बेलडीह) बेलभाठा, उरला, बकतरा, अभनपुर, सारखी, कोलर, खोरपा, पलौद, ढोढरा, खटटी, परसदा तथा गोबरा नवापारा तहसील के अंतर्गत ग्राम खरखराडीह, नवागांव, तर्रा, थनौद, जामगांव तथा खरोरा तहसील के अंतर्गत ग्राम आलेसुर, पचरी, छड़िया, पथराकुण्डी, नहारबीड एवं खरोरा, मांठ, बेलदारसिवनी, बुडेनी तथा तहसील मंदिर हसौद के ग्राम खौली, टिकारी, डिघारी, नारा, रीवा, गुजरा, धमनी, गनौद जैसे ग्रामों के चिन्हित खसरा नंबरों के चारों ओर 150 मीटर की परिधि में स्थित सभी भू-भागों पर क्रय-विक्रय, नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन, निर्माण कार्य एवं अन्य लाभप्रद गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। हालांकि, इन ग्रामों के अन्य खसरा नंबरों पर पूर्व में लगाई गई रोक हटा ली गई है।यह आदेश छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2024 एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अंतर्गत भू-अर्जन प्रक्रियाओं से संबंधित मामलों के अनुपालन में जारी किया गया है।

नाम-परिवर्तन

मैं अनिल अग्रवाल पिता स्व. बाल गोविन्द अग्रवाल उम्र 58 वर्ष निवासी प्लाट नं.-333/3, सड़क नं.-4/ई, नजदीक गुलाब डेरी, प्रगति नगर, रिसाली भिलाई वॉर्ड नं.-63, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. पिन नं.-490006 का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं। यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करता हूं। यह कि मैं अपने स्वयं के नाम से नया पासपोर्ट बनवाना चाहता हूँ। यह कि मैं ग्राम बिलहा जिला बिलासपुर छ.ग. में पोस्ट मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण किया हूँ। यह कि मेरे स्कूल रिकॉर्ड के अंकसूची में मेरा नाम अनिल कुमार अग्रवाल (ANIL KUMAR AGRAWAL) अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड 9257 93338426 व पेनकार्ड (AEYPA0035M) में मेरा नाम अनिल अग्रवाल (ANIL AGRAWAL) दर्ज किया गया हैं जो कि सत्य हैं। यह कि अनिल कुमार अग्रवाल (ANIL KUMAR AGRAWAL) और अनिल अग्रवाल (ANIL AGRAWAL) दोनों मेरा स्वयं का नाम हैं और मैं एक ही व्यक्ति हूँ जो कि सही एवं सत्य हैं। यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अनिल अग्रवाल (ANIL AGRAWAL) दर्ज करवाना चाहता हूँ। यह कि यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उक्ताशय की सही जानकारी के संबंध में प्रस्तुत है। शपथ पत्र पेश हैं।

शपथकर्ता
अनिल अग्रवाल पिता स्व. बाल गोविन्द अग्रवाल
निवासी प्लाट नं.-333/3, सड़क नं.-4/ई, नजदीक गुलाब डेरी, प्रगति नगर, रिसाली भिलाई वॉर्ड 63, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग

-: सूचना-पत्रः-

क्र. 423/रा.नि.2025 कोहका
दिनांक 12.09.2025

प्रति, 1. आवेदक राहुल कुमार रजाक पिता श्री गौतम प्रसाद रजाक निवासी ग्राम रतभाठा कुंगा रायगढ़ जिला रायगढ़, 3. संतोष कुमार, 4. नीतू पाण्डेय प्लाट नं. 11 का भाग, 5. रामजी

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना पत्र।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 1648/6 रकबा 0.02 हे. भूमि का सीमांकन/ स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 08 दिनांक 22.03.2024 के परिपालन में दिनांक 18.09.2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर
राजस्व निरीक्षक कोहका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग

-: सूचना-पत्रः-

क्र. 422/रा.नि.2025 कोहका
दिनांक 12.09.2025

प्रति, 1. आवेदक राहुल कुमार रजाक पिता श्री गौतम प्रसाद रजाक निवासी ग्राम रतभाठा कुंगा रायगढ़ जिला रायगढ़, 4. नीतू पाण्डेय प्लाट नं. 11 का भाग, 5. संतोष कुमार, 6. रामजी।

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना पत्र।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 1419/7 रकबा 0.02 हे. भूमि का सीमांकन/ स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 08 दिनांक 22.03.2024 के परिपालन में दिनांक 18.09.2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर
राजस्व निरीक्षक कोहका

स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन

भाटापारा /नवप्रदेश। शासकीय गजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ जे. एन. केशरवानी ने स्वावलंबी भारत विषय में अपने विचार व्यक्त किए. स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रतिनिधि सौरभ साहू ने स्वदेशी उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला.

कार्यालय, नगर पंचायत उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

फोन नंबर 0788-2673701 E-mail- cmoutai@rediffmail.com

क्रमांक/6236/लो.नि.शा./निविदा/न.पं./2025 — उतई दिनांक 19/09/2025

।। मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत उतई क्षेत्रांतर्गत 15वें वित्त आयोग मद के टाईड फंड के पेयजल प्रबंधन अंतर्गत स्वीकृत राशि 20.17 लाख रु. कुल 09 कार्य हेतु दिनांक 10/10/2025 को कार्यालयीन अवधि समय 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	01/10/2025 को शाम 05.00 बजे तक
2	कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	-	03/10/2025 को शाम 05.00 बजे तक
3	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	10/10/2025 को दोप. 03.00 बजे तक
4	निविदा खोलने की अंतिम तिथि	-	10/10/2025 को शाम 04.00 बजे

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''
''जल ही जीवन है''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत उतई

■ न्यूज गैलरी

नगरीय निकायों को 102.97 करोड़ से अधिक की राशि जारी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेशभर के नगरीय निकायों को कुल 102 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपए जारी किए हैं। विभाग द्वारा निकायों को पार्षद निधि के कुल 72 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपए तथा महापौर/अध्यक्ष निधि के कुल 30 करोड़ 63 लाख 75 हजार रुपए आबंटित कर दिए गए हैं। विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दोनों मदों में 50-50 प्रतिशत राशि निकायों को जारी की है। नगरीय प्रशासन विभाग ने पार्षद निधि के रूप में राज्य के 14 नगर निगमों को कुल 21 करोड़ 96 लाख रुपए जारी किए हैं। वहीं 54 नगर पालिकाओं को 23 करोड़ 37 लाख 75 हजार रुपए तथा 120 नगर पंचायतों को 27 करोड़ रुपए की पार्षद निधि जारी की गई है। विभाग द्वारा 14 नगर निगमों को दस करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए की महापौर निधि आबंटित की गई है। राज्य के 54 नगर पालिकाओं को दस करोड़ 50 लाख रुपए और 120 नगर पंचायतों को दस करोड़ एक लाख 25 हजार रुपए की अध्यक्ष निधि विभाग द्वारा जारी की गई है।

संविदा बिजली कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन 1 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। नियमितीकरण समेत 4 सूत्रीय मांगों को लेकर संविदा बिजली कर्मियों ने आंदोलन छेड़ दिया है। चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में आज क्षेत्रीय स्तर पर अधिकारियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री कमलेश भारद्वाज ने बताया कि मांगों में नियमितीकरण के अलावा विद्युत दुर्घटना में मृत्यु और सामान्य मृत्यु उपरांत 25 लाख रुपए का मुआवजा एवं आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति, वर्तमान में देय एकमुश्त वेतन में महंगाई भत्ता एवं मकान भत्ता तथा राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी करने पर अतिरिक्त भुगतान की पात्रता प्रदान करना शामिल है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार केवल आश्वासन, बढ़ती दुर्घटनाएं एवं मृत के परिवारों को किसी तरह की सहायता नहीं मिलने से संविदा कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

उपायुक्त प्रीति सिंह जोन 3 कमिश्नर जागृति को राजस्व, बाजार का जिम्मा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत कुछ अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है। निगम के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल को निगम मुख्यालय एवं प्रभारी उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती प्रीति सिंह को जोन 3 का कमिश्नर बनाया गया है। उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती जागृति साहू को राजस्व, बाजार एवं नजूल विभाग तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही को स्वास्थ्य अधिकारी, एनयूएलएम, एमएमयू, रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, प्रभारी उपायुक्त मुख्यालय मोनेश्वर शर्मा को वर्तमान कार्यों के साथ आईटी का कार्य सौंपा गया है। वहीं उपायुक्त मुख्यालय डॉ. अंजलि शर्मा को राजस्व, बाजार एवं नजूल विभाग और आईटी के कार्य से मुक्त करते हुए उनका शेष कार्य यथावत रखा गया है।

'प्रोजेक्ट धड़कन' आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में हृदय जांच जारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक-1 तुता अभनपुर में आयोजित शिविर में 51 बच्चों की जांच की गई, जिसमें 29 छात्र व 22 छात्राएं शामिल थे। इनमें से किसी भी बच्चे में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण नहीं पाए गए। शिविर के दौरान बच्चों की जांच तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ तथा स्तनपान के समय पसीना आने जैसे लक्षणों के आधार पर की गई। इस अभियान में श्री सत्य साई हॉस्पिटल के स्टाफनर्स एवं प्रोग्राम ऑफिसर का विशेष सहयोग रहा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान : प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ शहर की ओर कदम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के तहत शहर के 10 जोनों के 70 वार्डों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान को महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चन्द्राकर और आयुक्त विश्वदीप के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

जोन 2: कुकरी तालाब में स्वच्छता संदेश

जोन 2 के दानवीर भामाशाह वार्ड नंबर 26 में कुकरी तालाब क्षेत्र में पार्षद श्रीमती रामहिन कुर्रे ने गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजनों के साथ मिलकर श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वच्छता का सकारात्मक संदेश देकर लोगों को पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया।

जोन 4: जवाहर बाजार में प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

जोन 4 के स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड नंबर 44 में जवाहर बाजार क्षेत्र में स्वच्छता दीदियों ने प्लास्टिक दानव के खिलाफजागरूकता अभियान चलाया। तख्तियां और पंपलेट के माध्यम से व्यापारियों को प्लास्टिक बैग के बजाय कपड़े की थैलियों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त रायपुर की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जोन 9: अवंति विहार में स्वच्छता जागरूकता

जोन 9 के महर्षि वाल्मिकी वार्ड नंबर 32 की अवंति विहार कॉलोनी में पार्षद श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे और स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नागरिकों ने सामूहिक स्वच्छता शपथ ली और घरों का सूखा व गीला कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखकर सफाई मित्रों को सौंपने की अपील की गई। इस पहल का उद्देश्य रायपुर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का है।

एसआईआर का काम शुरू हो रहा है तो विपक्षी दलों को सूचना क्यों नहीं दी गई

■ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की पत्रकारों से चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि समाचार माध्यमों खबरें आई है कि राज्य में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य शुरू हो रहा है लेकिन राजनैतिक दलों को अभी तक इसकी सूचना नहीं दी गई है।

निर्वाचन आयोग को राजनैतिक दलों को बताना चाहिए कि उसने इस महत्वपूर्ण एसआईआर कार्यक्रम के लिए किस मतदाता सूची को आधार बनाया है । आयोग बताए कब प्रदेश निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों की मीटिंग बुला कर कब सूचना दिया है? कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम का विरोध नहीं करती लेकिन इस कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए किसी भी नाम को हटाने या जोड़ने के पहले उसका ईमानदारी से परीक्षण होना चाहिए।

विधानसभा की मतदाता सूची
लोकसभा की मतदाता सूची
स्थानीय निकायों की मतदाता सूची

1. नियमानुसार निर्वाचन आयोग इस प्रकार का कोई कार्यक्रम शुरू करता है तो सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रदेश और जिला कार्यालयों को इसकी सूचना देनी चाहिए।
2. राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करके पूरे कार्यक्रम विचार विमर्श और सुझाव लेना चाहिए।
3. निर्वाचन आयोग के पुनरीक्षण का आधार कौन सी मतदाता सूची होगी।

सत्ता के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान की फसल के लिए यूरिया की आवश्यकता है बिना यूरिया के फसल की बाढ़ प्रभावित हो रही है। सोसाइटियों में खाद गायब है और निजी दुकानदार तीन गुना महंगे दाम पर कालाबाजारी कर रहे हैं, 265 रुपए का यूरिया 1200 में बिक रहा है 1350 के डीएपी के लिए दो दो हजार वसूला जा रहा है। खरीफ फसल में खाद के अंतिम डोज का समय तेजी से निकल रहा है हरहुना धान के किए तो समय निकल चुका है, बाली निकल आई है लेकिन अब तक पूरे प्रदेश में किसान खाद के अभाव में परेशान हैं, यह सरकार केवल कागजी दावे कर के समस्या से इनकार कर रही है। मुख्यमंत्री दिल्ली में उर्वरक मंत्री नड्डा से मिलकर आने के बाद दावा किये थे सितंबर महिने तक 50 लाख टन यूरिया आयेगी, सरकार बताये। 50 हजार टन अतिरिक्त यूरिया कहां है, किसानों को कब मिलेगी?

महतारी वंदन में नाम काटने का षड़यंत्र किया जा रहा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले तीन महिने से प्रदेश में महिलाओं को मिलने वाली महतारी वंदन की राशि 40 प्रतिशत महिलाओं को नहीं मिली है। यही नहीं सरकार महिलाओं का नाम भी काट रही है, जिन महिलाओं को पिछले 14 माह तक राशि मिलती रही है उनको अब अपात्र बताया जा रहा है। भाजपा सरकार महतारी वंदन में महिलाओं का नाम काटने का षड़यंत्र कर रही है। बस्तर के 4 जिलों में लगभग 4 हजार से अधिक महिलाओं के नाम काटे गये है। यही नहीं सरकार पूरे प्रदेश में महतारी वंदन के हितग्राहियों का फिर से सर्वे करवाने जा रही है ताकि अधिक से अधिक महिलाओं के नाम काटे जा सके। चुनाव के समय सभी महिलाओं को महतारी वंदन का लाभ देने का वादा भाजपा ने किया था। चुनाव के बाद सभी महिलाओं को लाभ न मिले इसके लिए नियम कानून बना दिया।

रिटायर्ड महिला वैज्ञानिक को बनाया शिकार

डिजिटल अरेस्ट कर 42 लाख की ठगी

■ खुद को बताया दिल्ली सीबीआई का अफसर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में साइबर ठगों ने एक 72 वर्षीय रिटायर्ड वैज्ञानिक को निशाना बनाकर 42 लाख रुपये की ठगी की। ठगों ने पहले खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) का अधिकारी बताकर और फिर दिल्ली पुलिस व सीबीआई अधिकारी बनकर बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, टैगोर नगर निवासी पुष्पा, जो इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी से चीफ साइंटिस्ट के पद से रिटायर हुई हैं, को गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्राई का अधिकारी बताकर दावा किया कि उनके मोबाइल सिम से कई लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसके बाद कॉल को कथित तौर पर दिल्ली पुलिस के अधिकारी के पास ट्रांसफर किया गया। इस व्यक्ति ने बताया कि एक आरोपी पकड़ा गया है, जिसने 3 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की है और उनके नाम से मुंबई के कैनरा बैंक में खाता खोला गया है, जिसमें 30 लाख रुपये कमीशन जमा किया गया है।

इसके बाद कॉल को एक कथित सीबीआई अधिकारी के पास ट्रांसफर किया गया, जिसने बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट और उनकी संपत्ति जब्त करने की धमकी दी। डर के मारे महिला ने ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में 42 लाख रुपये जमा कर दिए। जब ठगों ने और पैसे मांगे, तो महिला को शक हुआ और उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज की। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

मौसम में बदलाव से धान की फसल पर बढ़ा कीटों का प्रकोप, किसान परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान की फसल पर कीटों और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ रही है। मौसम में लगातार बदलाव, खासकर बारिश के बाद गर्मी और उमस के कारण धान के खेतों में माहू, शीथ ब्लाइट, ब्लास्ट और तना छेदक जैसे कीटों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। किसान बार-बार कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन मौसम के प्रभाव से दवाओं का असर कम हो रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और पैदावार पर संकट मंडरा रहा है।

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में 70-80 प्रतिशत किसान धान की खेती पर निर्भर हैं। कीटों और बीमारियों जैसे शीथ ब्लाइट, ब्लास्ट, ब्राउन स्पॉट और तना छेदक के बढ़ते प्रकोप से उनकी आय और आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि अंतिम चरण में लाई-लकवा जैसी बीमारियां भी पैदावार को नुकसान पहुंचा रही हैं। मोहड़ के किसान देव कुमार सोनकर ने बताया कि पहले धान में इतने कीट नहीं होते थे, लेकिन अब नियमित छिड़काव अनिवार्य हो गया है। इसके अलावा, मजदूरों की कमी भी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के बाद भी गर्मी और उमस बनी हुई है, जिससे कीटों और रोगों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल मौसम में पौधे कम ऊर्जा और पोषक तत्व संग्रहित कर पाते हैं, जिससे पैदावार और गुणवत्ता प्रभावित होती है। गर्मी में पौधों को खुद को बचाने के लिए अधिक ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है, जिससे उपज पर असर पड़ता है।

लाखों किसान सम्मान निधि से वंचित

■ प्रदेश में 35 लाख से अधिक किसान फिर 25 लाख को ही सम्मान निधि क्यों

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार पर किसान सम्मान निधि देने में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को सम्मान निधि देने में भी भेदभाव कर रही है। हर बार किसान सम्मान निधि की किस्त देते समय हजारों किसानों के नाम को काट दिया जाता है उनके खाते में सम्मान निधि जमा नहीं की जाती है। 20वीं किस्त में मात्र 25 लाख 47 हजार 538 किसानों को ही किसान सम्मान निधि की राशि दिया गया जबकि 19 किश्त में 26 लाख 15 हजार 671 किसानों को सम्मान निधि मिला था 52257 किसानों को सम्मान निधि क्यो नही मिला प्रदेश में 35 लाख से अधिक किसान हैं तो बाकी किसानों को सम्मान निधि क्यों नहीं दिया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है किसानों के नाम से योजना बनाकर खाना पूर्ति करती है। प्राकृतिक आपदा फसल खराब होने का नुकसान सभी किसानों को होता है खाद की कमी बिजली कटौती से हर किसान परेशान है ऐसे में योजना में किसानों में भेदभाव नही होना चाहिए। प्रदेश के सभी किसानों को किसान सम्मन निधि मिलना चाहिए भाजपा के सरकार या सुनिश्चित करें और किसान सम्मान निधि में जिन किसानों का नाम काटा जा रहा है उन्हें तत्काल जोड़ा जाए और 20 किश्त किसानों के खाता में जमा कराई जाये।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सत्येंद्र के बिजली बिल की चिंता दूर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी और मददगार साबित हो रही है। बोरियाखुर्द निवासी श्री सत्येंद्र चंद्राकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया की जनवरी 2025 में उन्होंने अपने घर की छत पर 4 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित किया है। इस पर करीब 2.20 लाख रूपए की लागत आयी, जिसमें शासन से उन्हें 78 हजार रूपए का अनुदान मिला था। उन्होंने बताया कि पहले हर माह उनका बिजली बिल 2500 से 3500 रूपए आता था। गर्मी के दिनों में यह खर्च 4000 रूपए से अधिक हो जाता था। साथ ही उन्होंने जब से श्वङ्क कार लिया तब से बिल और अधिक बढ़ गया। लेकिन सौर पैनल लगाने के बाद जनवरी 2025 से अब तक उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है। इतना ही नहीं, अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने पर वह ग्रिड में भी जमा हो रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बेहद उपयोगी है।

नवरात्रि में डोंगरगढ़ में दस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

रायपुर/नवप्रदेश। हर साल नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ पहुंचते हैं। इसे देखते हुए रेलवे ने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 यात्री ट्रेनों का अस्थायी ठहराव दिया है। वहीं एक स्पेशल तो मेमू ट्रेनों का डोंगरगढ़ तक विस्तार किया है।

दो मेमू का किया विस्तार

नवरात्र के दौरान ही गाड़ी संख्या 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू का रायपुर तक विस्तार किया गया है। यह शाम 5.15 बजे रायपुर से रवाना होगी। 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू रात रायपुर रात 10.40 बजे आएगी। इसी तरह रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू का गोंदिया तक विस्तार किया गया है। मेमू 68729 रात 11.40 बजे डोंगरगढ़ से रवाना होकर 1.20 गोंदिया पहुंचेगी। 68730 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू 1.45 गोंदिया से रवाना होकर 3.20 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी।

दुर्ग-डोंगरगढ़ के बीच स्पेशल

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे डोंगरगढ़-दुर्ग के बीच मेमू स्पेशल चलाएगा।

यह ट्रेनें रूकेंगी

गाड़ी 20843/20844
बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस।

गाड़ी 20845/20846
बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस।

गाड़ी 12851/12852
बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस।

गाड़ी 12849/12850
बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस।

गाड़ी 12771/12772
रायपुर-सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस

पदमा कोरियन कोच कीम से लेंगी ट्रेनिंग

रायपुर/ नवप्रदेश। महासमुंद जिले की महिला तीरंदाजों में से एक पदमा साहू ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री एवं प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी कि वे फॉरेन एक्सपोजर के माध्यम से देश के बाहर कोरिया के लिए रवाना होने वाली है जहां वे एक सप्ताह तक कोरियन कोच कीम से ट्रेनिंग लेंगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके अथक प्रयासों के द्वारा यह असाधारण उपलब्धि पदमा साहू को मिल पायी है।

महाराष्ट्र मंडल में छत्रपति शिवाजी महाराज की मासिक महाआरती में जुटे युवा सभासद

शिवाजी की दूरदर्शिता और रणनीतिक सोच अनुकरणीय : अनिल कालेले

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में शुक्रवार शाम को छत्रपति शिवाजी महाराज की मासिक महाआरती की गई। तत्पश्चात शिवाजी महाराज के जीवन के प्रसंगों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ प्राध्यापक अनिल श्रीराम कालेले ने शिवाजी महाराज के रोचक प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में घटने वाली हर एक घटना से शिवाजी महाराज की तरह कुछ न कुछ सीखना चाहिए।

कालेले ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की दूरदर्शिता और रणनीतिक सोच हमारे लिए प्रेरणादायी और अनुकरणीय है। शिवाजी महाराज ने मुगलों के विरुद्ध छापामार युद्ध के दौरान एक वृद्ध महिला के घर भोजन मांगा। भोजन करते समय वे अपनी अंगुलियां जला बैठे। खाना परोस रहीं उस वृद्धा ने उन्हें सलाह दी कि बड़े किले पर सीधा हमला करने के बजाय किनारे से थोड़ा-थोड़ा करके छोटे किलों को जीतना

चाहिए। शिवाजी ने इस सीख को अपनाया और अपने सैनिकों के साथ छोटे- छोटे लक्ष्य तय करके रणनीति बनाकर युद्ध किए और जीते भी। उसके बाद फिर बड़े युद्धों में बड़ी कामयाबी हासिल की, बड़े किले जीते।

वरिष्ठ प्राध्यापक कालेले के अनुसार शिवाजी महाराज का यह गुण कि कभी भी किसी से भी कुछ भी सीखने को तैयार रहो, हम सभी के लिए प्रेरक है। जरूरी नहीं हमें हमारे गुरुजन या अभिभावक ही शिक्षित करें। हमारे जीवन में भी छत्रपति शिवाजी महाराज वाली दूरदर्शिता और रणनीतिक सोच होनी ही चाहिए।

कालेले ने कहा कि आज भी हमारे बीच कई ऐसी घटनाएं घटती हैं, तो हमें अच्छे भविष्य के लिए संकेत देतीं हैं, जिसे आमतौर पर हम पहचान नहीं पाते। समय गुजरने पर हमें इस बात का एहसास होता है कि काश उस समय ऐसा किया होता तो आज ऐसा परिणाम नहीं होता।

राज्य रजत जयंती पर 'प्रोजेक्ट संस्कृति' हार्मोनिका क्लब का अनोखा योग- संगीत चिकित्सा कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में जिले में संचालित प्रोजेक्ट संस्कृति के अंतर्गत राजधानी रायपुर के टाउन हॉल में योगसंगीत चिकित्सा आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हार्मोनिका क्लब की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में जिले में संस्कृति एवं परंपरा को सहेजने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की यह कड़ी थी, जिसमें संगीत, योग और मानसिक स्वास्थ्य को एक साथ मंच पर प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक किरण सिंह देव, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। अतिथियों ने न केवल कार्यक्रम की सराहना की, बल्कि मंच पर प्रस्तुति देकर आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। हार्मोनिका क्लब द्वारा माउथ ऑर्गन, बांसुरी, शहनाई, मेलोडीका, सैक्सोफोन और विसलिंग जैसे मुख वाद्ययंत्रों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी।

न्यूज गैलरी

सोने की कीमतें 2 लाख रुपये हो सकती है पार'

नई दिल्ली। बीते दिन सोने की कीमतों में लगातार तेजी दर्ज की गई। चाहे सोना हो या चांदी, दोनों हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। दोपहर 3 बजे तक एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने का भाव 1,09,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन में यह 1,10,167 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। अमेरिकी वित्तीय संस्थान Jefferies ने दावा किया है कि आने वाले समय में सोने की कीमतें 2 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर सकती हैं। संस्थान का कहना है कि मौजूदा तकनीकी और आर्थिक रुझानों को देखते हुए सोने की कीमत 205,244 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की आफिशियल एंट्री का ऐलान

मुंबई। 98वें अकादमी पुरस्कार समारोह का आयोजन 15 मार्च, 2026 को लास एंजिल्स के डाल्बी थिएटर में होगा. फिल्म फेडरेशन आफ इंडिया आस्कर 2026 के लिए अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की आफिशियल एंट्री का एलान किया है. भारत से फिल्म मेकर करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म होम बाउंड को चुना गया है। आस्कर 2026 में भारत की आफिशियल एंट्री का एलान शुक्रवार को कोलकाता में किया गया. नीरज घायवान की फिल्म होमबाउंड आस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म कैटेगरी के लिए चुनी गई है. नीरज घायवान की फिल्म को कान्स में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी. इस फिल्म ने 2025 के टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय पीपुल्स चाइस अवार्ड के लिए दूसरा उपविजेता स्थान हासिल किया।

अनुपम खेर ने शेयर किया कनाडाई मूवी 'कैलोरी' से अपना लुक

मुंबई। अभिनेता अनुपम खेर सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और अक्सर अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी अपडेट यहां शेयर करते हैं। आज शनिवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपनी कनाडाई मूवी 'कैलोरी' से लुक शेयर किया है। उन्होंने अपना ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो शेयर किया है। अनुपम खेर की कनाडाई फिल्म 'कैलोरी' कैलगैरी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी। हालांकि, अभिनेता इस दौरान वहां मौजूद नहीं होंगे, लेकिन उन्होंने इसे लेकर खुशी जताई है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम खेर ने 'कैलोरी' से अपना लुक शेयर किया है। उन्होंने अपना ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो फैंस के साथ साझा किया है। पोस्ट के साथ अभिनेता ने कैप्शन लिखा है, 'एक अभिनेता के तौर पर कुछ भूमिकाओं में सिर्फ बाहरी दिखावे की ही नहीं, बल्कि एक खास आंतरिक शांति और शक्ति भी लानी होती है। जैसा मैंने कनाडाई फिल्म 'कैलोरी' के लिए किया। इस फिल्म की पहली आधिकारिक स्क्रीनिंग प्रतिष्ठित कैलगैरी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हो रही है।

खुदरा व्यापारी भी सुरक्षित और सुविधाजनक पेमेंट कलेक्शन सिस्टम का लाभ ले पाएंगे

65 करोड़ फोन पे यूजर्स के लिए खुशखबरी! आरबीआई ने दी बड़ी मंजूरी

नई दिल्ली/ए.। भारत की अग्रणी डिजिटल भुगतान सेवा प्रदाता कंपनी श्वद्धश्वठ्ठद्ग-श्वद्ग को रिजर्व बैंक से एक बड़ी अनुमति मिल गई है, जो न सिर्फ कंपनी के कारोबार के लिए बल्कि करोड़ों छोटे कारोबारियों और दुकानदारों के लिए भी बेहद अहम है। अब तक सिर्फ ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की सुविधा देने वाली Phone-Pe को आरबीआई ने online payment aggregator के रूप में कार्य करने की औपचारिक मंजूरी दे दी है।

इस नए दर्जे के साथ अब फोन-पे सीधे मर्चेंट्स (दुकानदारों व व्यापारियों) को जोड़ पाएगी और उनके ग्राहकों से ऑनलाइन पेमेंट लेकर उन्हें सीधे उनके खाते में ट्रांसफर कर सकेगी। यानी अब फोनपे न केवल ग्राहकों को भुगतान सेवा देगी, बल्कि खुदरा व्यापारी भी इसके माध्यम से तेज़, सुरक्षित और

सुविधाजनक पेमेंट कलेक्शन सिस्टम का लाभ ले पाएंगे।

phone-pe के मर्चेंट बिज़नेस के प्रमुख युवराज सिंह शेखावत ने कहा कि यह बदलाव खासतौर पर उन छोटे और मध्यम कारोबारियों (SMEs) के लिए फायदेमंद होगा जो अभी तक डिजिटल पेमेंट की दुनिया में पीछे रह गए थे। अब वे भी आधुनिक पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग कर पाएंगे, जिससे उनका व्यवसाय और तेज़ी से डिजिटल हो सकेगा। इस अनुमति के साथ फोन-पे अब अपने पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म को और बेहतर बना सकेगा - ऐसा सिस्टम जो मर्चेंट्स को कुछ ही मिनटों में ऑनबोर्ड करता है, आसान इंटीग्रेशन की सुविधा देता है, और ग्राहक को स्मूद चेकआउट एक्सपीरियंस प्रदान करता है।

भारत की सबसे बड़ी फिनटेक कंपनियों में शामिल फोन-पे

फोन-पे 2016 में लॉन्च हुई थी और आज यह भारत की सबसे बड़ी फिनटेक कंपनियों में शामिल है। इसके पास 65 करोड़ से अधिक रजिस्टर्ड यूज़र्स, 4.5 करोड़ से अधिक मर्चेंट्स का नेटवर्क और प्रतिदिन 36 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन्स हैं। कंपनी का विस्तार अब पेमेंट्स से आगे बढ़कर लोन, बीमा, वेल्थ मैनेजमेंट, हाइपरलोकल ई-कॉमर्स और यहां तक कि स्वदेशी एपप स्टोर तक हो चुका है।

online payment aggregator दरअसल एक ऐसा डिजिटल माध्यम होता है जो व्यापारियों को उनके ग्राहकों से विभिन्न डिजिटल तरीकों से पेमेंट स्वीकार करने में मदद करता है - चाहे वो यूपीआई हो, कार्ड्स हों या वॉलेट्स। इस प्रक्रिया में मर्चेंट को ऑनबोर्ड किया जाता है, फिर उनकी वेबसाइट या ऐप में पेमेंट गेटवे को जोड़ा जाता है। इसके बाद ग्राहक अपना मनचाहा पेमेंट विकल्प चुनकर भुगतान करता है और सिस्टम उस पेमेंट को प्रोसेस कर मर्चेंट को ट्रांसफर कर देता है। आरबीआई की यह मंजूरी फोनपे के लिए महज एक लाइसेंस नहीं, बल्कि नए युग का प्रवेशद्वार है - जहां यह कंपनी देश के कोने-कोने में बैठे छोटे दुकानदारों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ने में एक मजबूत कड़ी बन सकती है।

100,000 डॉलर की फीस सुनिश्चित करेगी कि योग्य और टैलेंटेड ही अमेरिका में प्रवेश पाए

ट्रंप सरकार का बड़ा फैसला एच-1 बी वीजा होगा बेहद महंगा

❑ **भारतीय आईटी सेक्टर पर होगा गहरा असर**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा को लेकर बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। अब इस वीजा के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) की भारी-भरकम फीस चुकानी होगी। इस कदम का असर खास तौर पर छोटी टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स पर पड़ेगा, जबकि बड़ी कंपनियों के लिए यह बोझ उतना भारी नहीं होगा।

व्हाइट हाउस के स्टाफ सेक्रेटरी विल शार्फ ने कहा कि ॥-1क्च वीजा प्रोग्राम का काफी दुरुपयोग हुआ है।

इसका मकसद है ऐसे हाईली स्किल्ड वर्कर्स को अमेरिका लाना, जिन्हें अमेरिकी कर्मचारी रिप्लेस नहीं कर सकते। उन्होंने यह भी जोड़ा कि 100,000 डॉलर की फीस यह सुनिश्चित करेगी कि केवल वास्तव में योग्य और जरूरी टैलेंट ही अमेरिका में प्रवेश पाए।

टेक इंडस्ट्री H-1B वीजा पर सबसे ज्यादा निर्भर है। अमेजन ने 2025 की पहली छमाही में ही 10,000 से ज्यादा H-1B वीजा हासिल किए हैं। वहीं माइक्रोसॉफ्ट और मेटा को भी 5,000 से अधिक वीजा अप्रूव हुए हैं। बड़ी कंपनियां आमतौर पर हाई-स्किल्ड वर्कर्स के लिए भारी रकम खर्च करने में पीछे नहीं हटतीं, लेकिन छोटे और मिड-साइज बिजनेस के लिए यह फीस एक बड़ी चुनौती बन सकती है।

कंपनियां विदेशी को ट्रेन नहीं करेंगी

अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लूटनिक ने बयान में कहा, अब कंपनियां किसी विदेशी को ट्रेन नहीं करेंगी। यदि ट्रेन करना ही है, तो अमेरिका की यूनिवर्सिटियों से ग्रेजुएट हुए लोगों को ट्रेन करें। हमारी जॉब्स लेने के लिए बाहर से लोगों को बुलाना बंद करें।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत H-1B वीजा पाने वालों में सबसे आगे है। 2024 में 71 प्रतिशत H-1B वीजा भारतीय प्रोफेशनल्स को मिले, जबकि चीन को सिर्फ 11.7 प्रतिशत। H-1B वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कंप्यूटर और आईटी सेक्टर में होता है, लेकिन इसका उपयोग इंजीनियर, शिक्षक, हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स आदि भी करते हैं। अब तक H-1B वीजा के लिए आवेदन करने की शुरुआती फीस 215 डॉलर थी, और आगे की प्रक्रिया में कुछ हजार डॉलर और देने होते थे। इनका भुगतान आमतौर पर कंपनियां करती थीं। हर साल 65,000 H-1B वीजा जारी किए जाते हैं, और एडवांस डिग्री वालों के लिए 20,000 अतिरिक्त वीजा होते हैं। वीजा आमतौर पर तीन से छह साल के लिए वैध होते हैं।

चर्चित डिफेंस कंपनी को मिला 66.44 मिलियन डॉलर काम

❑ **शेयरों में तेजी की उम्मीद, बीते कई साल से गरज रहा है स्टॉक**

मुंबई। धाकड़ डिफेंस कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स लिमिटेड को एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी ने इसकी जानकारी शेयर बाजारों के साथ 19 सितंबर 2025 को साझा किया था। कंपनी ने बताया है कि उन्हें 4 वेसल्स बनाने का काम मिला है।

क्या है वर्क ऑर्डर डिटेल्स?

गार्डन रीच की तरफ से एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा गया है कि उन्होंने M/s Carsten Rehder Schiffsmakler ¥õÚU Reederei GmbH & Co के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इन्हें मिलकर 4 हाइब्रिड मल्टी-पर्पज़ वेसल्स का कंस्ट्रक्शन करना है। इस वर्क ऑर्डर की कुल वैल्यू 66.44 मिलियन डॉलर की है। डिफेंस कंपनी ने बताया है कि इस वर्क ऑर्डर की टाइमलाइन 33 से 42 महीने की है।

बीते 5 साल में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 1329 प्रतिशत की तेजी आई है। डिफेंस कंपनी इसी महीने की 12 तारीख को एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी।

पिछले एक साल में भी डिफेंस कंपनी ने दिया है पॉजिटिव रिटर्न

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल के दौरान भी तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 53 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। बता दें, शुक्रवार को मार्केट के क्लोजिंग के टाइम पर यह स्टॉक बीएसई में 2604.10 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। गार्डन रीच का 52 वीक हाई 3535 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1180.10 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 29,830.49 करोड़ रुपये का है।

खेल, मनोरंजन

एशिया कप में भारत की लगातार तीसरी जीत, ओमान को हराकर ग्रुप में रहा टॉप

नईदिल्ली। एशिया कप 2025 के आखिरी ग्रुप मैच में ओमान ने मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ अबू धाबी में शानदार खेल का प्रदर्शन किया. वो 21 रनों से मैच जरूर हारे, लेकिन उन्होंने आगे बढ़कर विश्व क्रिकेट की इस दिग्गज टीम के खिलाफ कड़ी टक्कर दी।

189 रनों के लक्ष्य का पाछा करते हुए ओमान के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 56 रनों की साझेदारी की. जतिंदर सिंह ने 32 और आमिल कलीम ने 64 रनों की पारी खेली. इसके बाद आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा ने दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की, लेकिन ओमान 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी, जिसकी वजह से भारत ने 21 रनों से यह

मैच अपने नाम कर लिया। ओमान की तरफ से हम्माद मिर्जा नें 33 गेंद में 52 और आमिर ने 46 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली.

भारत ने इस मैच में कुल 8 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन कोई भी एक से ज्यादा विकेट नहीं ले सका, हार्दिक, अर्शदीप, हर्षित और कुलदीप को एक-एक विकेट मिली. अर्शदीप ने एक विकेट लेकर इतिहास रच दिया है. वो टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए. ये भारत की जारी टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है. इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान और यूएई को हराया था।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने संजू सैमसन (45 गेंदों पर 56 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत 20 ओवरों में 188/8 का स्कोर बनाया, जो किसी एसोसिएट देश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उसका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर था. एसोसिएट्स के खिलाफ भारत का अब तक का एकमात्र बड़ा स्कोर 2023 में हांग्जो में नेपाल के खिलाफ 4 विकेट पर 202 रन और 2022 में दुबई में हांगकांग के खिलाफ 2 विकेट पर 192 रन है। इस मैच मैच में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि उप-कप्तान शुभमन गिल दूसरे ओवर में ही फैजल शाह की गेंद पर सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हो गए। अभिषेक शर्मा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में पलटवार किया और सिर्फ 15 गेंदों पर 38 रन बनाकर ववेलियन लौट गए, उसके बाद भारत ने हार्दिक पांड्या को चौथे नंबर पर भेजकर एक आश्चर्यजनक कदम उठाया, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से वो आउट हो गए, जब सैमसन ने एक स्ट्रेट ड्राइव मारा, तो रामानंदी के फॉलो-थ्रू में गेंद पर उंगली लग गई, और पांड्या नॉन-स्ट्राइकर एंड पर सिर्फ 1 रन बनाकर रन आउट हो गए। इसके बाद अक्षर पटेल ने 13 गेंदों पर 26 रनों की पारी खेली, फिर शिवम दुबे भी पांच रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए. सैमसन ने 41 गेंदों में एक कठिन संघर्षपूर्ण अर्धशतक पूरा किय, जो एशिया कप टी20 इतिहास में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे धीमा अर्धशतक है।

कांतारा चैप्टर 1 के ट्रेलर की रिलीज डेट आई सामने

❑ **आईमैक्स में भी उठा सकेंगे लुत्फ, 2 अक्टूबर को आएगी ऋषभ शेट्टी की फिल्म**

मुंबई। होम्बले फिल्म्स की कांतारा: चैप्टर 1 इस समय इंडियन सिनेमा की सबसे ज़्यादा सुर्खियों में रहने वाली फिल्म है, जिसका बेसब्री से दर्शकों द्वारा इंतजार किया जा रहा है. यह फिल्म असल में अपनी घोषणा के समय से ही चर्चा में बनी हुई है. एक शानदार सिनेमाई अनुभव के रूप में आती इस फिल्म के जरिए मेकर दर्शकों को एक अनोखा विजुअल अनुभव देने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि यह फिल्म आईमैक्स फार्मेट में भी रिलीज की जाएगी।

कांतारा: चैप्टर 1 के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर एक थ्रिल से भरा पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म के आईमैक्स रिलीज की घोषणा की है. उन्होंने इसके साथ ही कैप्शन में लिखा है, पवित्र जड़ों से, एक कहानी जागती है, 2 अक्टूबर से पूरे दुनिया में कांताराचैप्टर 1 को

एक्सक्लूसिव तौर से आईमैक्स में देखें, आप सभी के लिए एक अनोखा फिल्म देखने का अनुभव इंतजार कर रहा है.

उत्साह बढ़ते ही, डायरेक्टर आफ फोटोग्राफी, अरविंद कश्यप ने एक दिलचस्प बात बताई कि फिल्म का कुछ हिस्सा आईमैक्स और पीएक्सएल फार्मेट में शूट किया गया है. उन्होंने कहा, हमने कई अहम सीन खास तौर पर आईमैक्स और पीएक्सएल फार्मेट के लिए शूट किए। आईमैक्स पर इसे देखना सच में बेजोड़ यानी एकदम अलग तरह का सिनेमाई अनुभव होगा।

कांतारा: चैप्टर 1 हाम्बले फिल्म्स की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है. इस फिल्म की क्रिएटिव टीम में म्यूजिक डायरेक्टर बी. अजनीश लोकनाथ, सिनेमैटोग्राफर अरविंद कश्यप और प्रोडक्शन डिज़ाइनर विनेश बंग्लान शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर फिल्म की दमदार विजुअल और भावनात्मक कहानी को आकार दिया है। इसके अलावा, होम्बले फिल्म्स 2022 की इस ब्लाकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. मेकर्स ने कंतारा: चैप्टर 1 के लिए नेशनल और इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट के साथ एक बड़ा वार सीक्वेंस तैयार किया है।

ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी ने दी बड़ी सजा

❑ **भारत के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति के लिए लगाया जुर्माना**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार को चंडीगढ़ में भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया. ऑस्ट्रेलियाई टीम पर यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जी.एस. लक्ष्मी ने लगाया. उन्होंने पाया कि, मेहमान टीम ने निर्धारित समय सीमा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंके हैं। मैदानी अंपायर वृंदा राठी और जननी नारायणन, थर्ड अंपायर लॉरेन एजेनबैग और

फोर्थ अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम पर यह आरोप लगाया. आईसीसी ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार जो न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इस बयान में आगे कहा गया, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया. इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी है।

भारतीय टीम ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया को 102 रनों से हरा दिया. स्मृति मंधाना ने 91 गेंदों में 14 चौकों और चार छक्कों की मदद से 117 रनों की शानदार पारी खेली. डार्सी ब्राउन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए तीन विकेट लिए और वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी रहीं। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 190 रनों पर ढेर हो गई, जिसमें क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लिए।

तेजा सज्जा की मिराई ने बाक्स आफिस पर मचाई धूम

तेजा सज्जा अभिनीत फंतासी साहसिक फिल्म, मिराई ने बाक्स आफिस पर शानदार कमाई के साथ अपना पहला हफ़्ता पूरा कर लिया है। फिल्म ने दुनिया भर में ?110 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की है, जिसमें तेलुगु राज्यों से 57 करोड़ और भारत से कुल 85 करोड़ शामिल हैं। विदेशों में इसकी कुल कमाई लगभग ?2.8 मिलियन है, जो 25 करोड़ के बराबर है। मिराई की सफलता का श्रेय इसकी आकर्षक कहानी, शानदार दृश्यों और तेजा सज्जा, मंचू मनोज और रितिका नायक जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय को दिया जा सकता है। फिल्म की कहानी वेधा के इर्द-गिर्द घूमती है, एक ऐसा युवक जो एक सुपर योद्धा बनकर बुरी ताकतों से लड़ने के लिए नियत है। शक्तिशाली हथियार मिराई की मदद से, वेधा खलनायक महाबलवीर लामा को हराने और नौ ग्रांदों की रक्षा करने के लिए एक यात्रा पर निकलता है।

फिल्म को मिले सकारात्मक स्वागत के कारण इसने दुनिया भर में ?100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे यह 2025 की सबसे ज़्यादा कमाई

करने वाली तेलुगु फिल्मों में से एक बन गई है। मिराई पहले ही मुनाफे में आ चुकी है, लेकिन ?150 करोड़ का आंकड़ा छूने के लिए इसे दूसरे सप्ताहांत में भी अच्छी कमाई करनी होगी। अगले हफ़्ते ओजी की रिलीज़ के साथ, मिराई को अपनी गति बनाए रखने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा दर्शकों को आकर्षित करना होगा। फिल्म की सफलता की उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने सराहना की है, और करण जौहर ने तेजा सज्जा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। आने वाले हफ़्तों में मिराई का प्रदर्शन इसकी समग्र सफलता और सीक्वल की संभावना को निर्धारित करेगा।

टीम इंडिया की जर्सी का बदला रंग

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को हमने हमेशा लिमिटेड ओवर क्रिकेट में नीली जर्सी में देखा है, मगर बीसीसीआई ने ऐताहिसिक कदम उठाते हुए इंडिया वुमेंस वर्सेस ऑस्ट्रेलिया वुमेंस तीसरे वनडे में जर्सी का रंग बदलने का बड़ा फैसला किया है। यह फैसला ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी ङ्ग पर दी। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है जब जर्सी का रंग पूरे तरीके से बदला गया है। 2019 वर्ल्ड कप के दौरान भारत ने ऑरेंज कल की जर्सी पहली थी, मगर उसमें आगे नीला कलर था। मगर इस बार जर्सी का कलर पूरी तरह से पिंक किया गया है। हालांकि जर्सी का रंग सिर्फ एक मैच के लिए ही बदला गया है। बीसीसीआई ने इसका जानकारी देते हुए ङ्ग पर लिखा, स्तन कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए टीम इंडिया आज तीसरे वनडे में विशेष गुलाबी रंग की जर्सी पहनेगी।

■ न्यूज गैलरी

नक्सली बंद करें आम लोगों की हत्या करना, आईईडी भी हटा लें: डिप्टी सीएम

रायपुर/ नवप्रदेश। नक्सली संगठन के शांति वार्ता के पत्र पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है. गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि नक्सली

आम लोगों की हत्या करना बंद करें और प्लांट किए गए आईडी को भी हटा लें। उन्होंने बताया कि नक्सलियों की ओर से मिला पहला पत्र पोलित ब्यूरो मेंबर का है, जबकि दूसरा पत्र ज्यूनियर कैडर का है, जो तेलंगाना से है। शराब घोटाला मामले को लेकर ईडी द्वारा पैसे कार्टून में भरकर कांग्रेस भवन पहुंचने के खुलासा को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया. उन्होने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार में प्रशासन को झोंका गया था. अभी रोज नई-नई कथाएं आएगी. कांग्रेस सरकार के दबाव में अच्छे अधिकारी भी फंसे. यह सच्चाई है, तभी जांच में बातें आ रही है. शराब व्यापार के लिए बाहरी को प्रश्रय दिया गया।

ओडिशा छत्तीसगढ़ होते हुए गुजरात के लिए दौड़ेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। ब्रह्मपुर (ओडिशा)-उधना (सूरत, गुजरात) के बीच जल्द अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरु होगा. इसकी घोषणा कर दी गई है. यह ट्रेन बिलासपुर तो नहीं आएगी लेकिन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के रायपुर व गोंदिया स्टेशन से होकर गुजरेगी. भारतीय रेल यात्रियों की सुविधा पर ध्यान दे रही है. इसी के तहत ही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की शुरुआत की जा रही है। ब्रह्मपुर से उधना के बीच चलने वाली यह नई ट्रेन ओडिशा से गुजरात तक सीधी लंबी दूरी की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी और पूर्वी, मध्य तथा पश्चिम भारत के अनेक महत्वपूर्ण जिलों और शहरों को जोड़ेगी। इस ट्रेन की विशेषता यह है कि ओडिशा से गुजरात तक सीधी और तेज रेल कनेक्टिविटी हो जाएगी, जिससे यात्रियों की यात्रा का समय घटेगा. इसके अलावा खनिज, वस्त्र, औद्योगिक व व्यापारिक क्षेत्रों को जोड़कर आर्थिक एवं औद्योगिक गतिशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा. आधुनिक एलएचबी कोचों से युक्त, आरामदायक यात्रा अनुभव और बेहतर सीटिंग और आनबोर्ड सुविधाएं होंगी. इस अमृत भारत एक्सप्रेस के प्रारंभ होने से न केवल ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात के यात्रियों को लाभ मिलेगा, बल्कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों से भी यात्रियों की यात्रा और अधिक सहज एवं सुविधाजनक होगी।

49 दिनों में पकड़े 2319 आवारा पशु: निगम

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश और छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आवारा पशुओं के खिलाफ सघन अभियान चलाया। महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर सभी 10 जोनों की स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रतिदिन शहर के विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर निगरानी कर रही हैं। इस अभियान के तहत पिछले 49 दिनों में 2319 आवारा पशुओं को पक?कर काऊकैचर वाहनों से गौठानों में भेजा गया। आज, 20 सितंबर को 41 आवारा पशुओं को पक?ा गया। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ। तृप्ति पाणीग्रही द्वारा की जा रही है। सभी जोन कमिश्नर और स्वास्थ्य अधिकारी मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पशुओं को सुरक्षित गौठानों में पहुंचाया जाए। यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा।

बस्तर दशहरा : अमित शाह को औपचारिक निमंत्रण, भेंट की मां दंतेश्वरी की तस्वीर

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगप्रसिद्ध बस्तर दशहरा और मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए आयोजन समिति ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को औपचारिक निमंत्रण दिया है। बस्तर सांसद एवं दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप के नेतृत्व में पहुंचे मांझी-चालकी एवं मेबरिन ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इस दौरान उन्हें बस्तर दशहरा एवं मुरिया दरबार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया, साथ ही उन्हें मां दंतेश्वरी की तस्वीर भेंट की।

क्यों खास है बस्तर दशहरा : भारत में दशहरा आमतौर पर भगवान राम की रावण पर विजय का प्रतीक माना जाता है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में मनाया जाने वाला दशहरा इससे बिल्कुल अलग और रहस्यमयी है. यह न तो रावण दहन से जुड़ा है, न ही रामलीला से– बल्कि यह मां दंतेश्वरी की आराधना, तांत्रिक विधियों, जनजातीय परंपराओं और गहरे आध्यात्मिक रहस्यों से जुड़ा विश्व का सबसे लंबा दशहरा पर्व है, जो पूरे 75 दिनों तक चलता है।

जनजातीय पुजारियों की भूमिका : बस्तर दशहरा में ब्राह्मणों की जगह जनजातीय पुजारियों (गुड़िया, सिरहा, मांझी) की भूमिका

प्रमुख होती है. रात्रि के समय गुप्त तांत्रिक अनुष्ठान किए जाते हैं, जिनमें कोई बाहरी व्यक्ति शामिल नहीं हो सकता। माना जाता है कि इन रात्रि पूजाओं के माध्यम से अदृश्य शक्तियों को प्रसन्न किया जाता है, जो बस्तर की रक्षा करती हैं।

13वीं शताब्दी में हुई थी शुरुआत

कहा जाता है कि 13वीं शताब्दी में बस्तर के तत्कालीन राजा पुरुषोत्तम देव ने माता दंतेश्वरी की आज्ञा पर इस पर्व की शुरुआत की थी. मान्यता है कि राजा ने जगदलपुर में माता का दर्शन करने के बाद राज्य की रक्षा के लिए दशहरा उत्सव शुरू करने का संकल्प लिया। लेकिन यह दशहरा कोई साधारण उत्सव नहीं था– इसमें तांत्रिक अनुष्ठान, देवी का रथ, रात्रि पूजन और अज्ञात शक्तियों के आह्वान जैसे रहस्यमयी पहलू जुड़े हुए थे।

75 दिनों के दौरान 13 अनुष्ठान

बस्तर दशहरा की शुरुआत हरेली अमावस्या से होती है और इसका समापन 13 प्रमुख अनुष्ठानों के साथ होता है. इन अनुष्ठानों में पट जात्रा (लकड़ी लाने की परंपरा), देवी का निवेदन, काछिन गादी, रथारोहण, मावली परघाव, और अंत में बहराम देव की विदाई शामिल होती है. हर चरण का अपना रहस्य है। विशेषकर मावली यात्रा, जिसमें देवी की प्रतिमा को रात के अंधेरे में जंगल से लाया जाता है।

औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर विशेष जोर

श्रमिक विकास यात्रा की धुरी: साय

■ रजत जयंती पर श्रमिक कल्याण की अनोखी पहल, स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों से हजारों श्रमिक लाभान्वित

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती अवसर पर 12 से 19 सितम्बर 2025 तक माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम विभाग द्वारा राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना, उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाना तथा औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

मानकों को सुनिश्चित करना था। इस अवधि में आयोजित शिविरों में श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा प्रदान की गई, साथ ही कार्यस्थल की सुरक्षा, उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, दुर्घटनाओं से बचाव और प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जानकारी दी गई।

सामुदायिक भवन में 1 हजार 50 श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

राज्य के विभिन्न औद्योगिक जिलों में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। रायपुर जिले के उरला एसोसिएशन भवन एवं सिलतरा स्थित सामुदायिक भवन में 1 हजार 50 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दुर्ग जिले में भिलाई के मंगल बाजार में 300 तथा रसमड़ा के दशहरा मैदान में 200 श्रमिकों ने लाभ लिया। कोरबा जिले में अडानी पावर, बालको और डीएसपीएम में आयोजित शिविरों से कुल 835 श्रमिक लाभान्वित हुए। रायगढ़ जिले में 32 कारखानों में आयोजित शिविरों से 3 हजार 800 श्रमिक लाभान्वित हुए, साथ ही पंजरी प्लांट, नगर निगम ऑडिटोरियम में 1 हजार 200 श्रमिकों का परीक्षण किया गया। बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी स्थित नर्मदा ड्रिंग्स प्रा.लि. में 1 हजार 72 श्रमिकों ने परीक्षण कराया। महासमुंद जिले के बिरकोनी में 254 श्रमिक, बलौदाबाजार जिले के बाबाडीह में 350 एवं कुकुरडीह में 207 श्रमिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसी तरह कवर्धा जिले के राम्हेपुर व पंडरिया स्थित शक्कर कारखानों में 200-200 श्रमिक, जांजगीर-चांपा जिले के बम्नीडीह स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज में 374 तथा अकलतरा स्थित केएसके महानदी पॉवरजेन में 400 श्रमिक, सक्ती जिले में आरकेएम पावरजेन डभरा में 296 तथा डी.बी. पावर बडादरहा में 352 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुंगेली जिले के खम्हारडीह स्थित कुसुम स्मेल्टर्स में 250, सूरजपुर जिले के नयनपुर स्थित यूव्ही वेन्चर्स में 47, बस्तर जिले के जगदलपुर में 85, राजनांदगांव जिले के टेडेसरा व इंदमरा में क्रमशः 60 एवं 133 श्रमिक तथा बेमेतरा जिले के ग्राम सरदा स्थित राईजन इंडस्ट्रीज में कई श्रमिक लाभान्वित हुए।

श्रमिक राज्य की शक्ति व विकास के प्रतीक

रजत जयंती अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे श्रमिक राज्य की शक्ति और विकास के प्रतीक हैं तथा उनका स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस महासम्मेलन के दौरान भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 300 श्रमिकों का परीक्षण किया गया। राज्य शासन का मानना है कि श्रमिकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं, बल्कि राज्य की औद्योगिक उत्पादकता और समग्र विकास को भी सुनिश्चित करते हैं। इस दृष्टि से यह पहल प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं श्रमिक कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

भोपाल से रायपुर डेढ़ घंटे में पूरा होगा सफर

रायपुर/नवप्रदेश। भोपाल से रायपुर के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट शनिवार से नियमित रूप से उड़ान भरेगी. अभी सप्ताह में तीन दिन इसके संचालित होने की वजह से यात्रियों को अपना सफर पूरा करने के लिए इंतजार करना पड़ता है. सातों दिन उड़ान होने के बाद यात्रा आसान हो जाएगी. यह फ्लाइट डेढ़ घंटे की यात्रा में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की राजधानी को जोड़ती है. फ्लाइट के नियमित होने के बाद यात्रियों को किराए में भी थोड़ी राहत मिल सकती है।

विमानन सूत्रों के अनुसार, त्योहारी सीजन की शुरुआत होने से पहले सर्वाधिक घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली विमानन कंपनी इंडिगो अपनी फ्लाइट्स की संचालन अवधि, गंतव्य बढ़ाने के साथ नए सेक्टरों में फ्लाइट संचालन करने की तैयारी में है. इसी कड़ी में भोपाल के बीच रविवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होने वाली फ्लाइट को नियमित किया जाएगा. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ वासियों के बीच काफी पुराने पारिवारिक संबंध हैं।

तीन शहरों का किराया बढ़ा

त्योहार में अभी समय है, मगर कुछ शहरों से रायपुर पहुंचने का फ्लाइट किराया आसमान छूने लगा है. बेंगलुरु से रायपुर का फेयर 24 घंटे में 13 से 18 हजार तक पहुंच गया है. कोलकाता से रायपुर के सफर के लिए 11 हजार से 18 हजार तक खर्च करना पड़ रहा है. आने वाले दिनों में अन्य शहरों से रायपुर आने वाले यात्रियों को भी टिकट में ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे।

नकल प्रकरण में हेमचंद विवि की कार्रवाई, 34 की परीक्षा निरस्त

भिलाई/ नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में नकल कर पास होने की उमीद लगाए बैठे विद्यार्थियों को बड़ा झटका लगा है। विवि ने बीए, बीकॉम और बीएससी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में नकल करते पकड़ाए विद्यार्थियों का फैसला कर दिया है।

हेमचंद विवि ने 48 नकलचियों को पकड़ा था, जिनके प्रकरण यूनिवर्सिटी अनफेयर मींस कमेटी यानी यूएफएम में गए। यूएफएम ने सभी प्रकरणों को देखने के बाद निर्णय दे दिया है। इनमें से 34 नकल प्रकरण ऐसे थे, जिनको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था, इसलिए यूएफएम ने इन तमाम छात्रों की पूरी परीक्षा ही निरस्त कर दी है। इसके अलावा 12 विद्यार्थियों का एक पेपर निरस्त किया गया है, जिसमें उन्हें नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। इन सबमें सिर्फ दो छात्र ऐसे रहे हैं, जिनके प्रकरण को समझने के बाद यूएफएम ने उन्हें क्षमादान दिया है। इनपर कोर्स कार्रवाई नहीं की गई। इनके रिजल्ट में एक छात्र ग्रेस मार्क्स से उत्तीर्ण हुआ है तो दूसरे को एटीकेटी मिली है।

क्यों निरस्त की गई पूरी परीक्षा

परीक्षा कक्ष में कुछ विद्यार्थियों के पास पूरी किताब मिली तो कुछ मोबाइल फोन को देखकर उत्तर लिखते मिले। पर्यवेक्षक ने इन्हें रंगे हाथों पकड़ा। इनके अलावा विद्यार्थी अपने साथ नकल के पर्चे लेकर बैठे। जिन विद्यार्थियों पर सी केटेगरी में कार्रवाई हुई है, उनके प्रकरण गंभीर मिले। कुछ विद्यार्थी अपने कपड़ों पर उत्तर लिखकर परीक्षा देने के लिए पहुंचे थे। इनके अलावा सबसे अधिक नकल प्रकरण मोबाइल को लेकर बनाए गए। विश्वविद्यालय प्रशासन पहले ही साफकर चुका है कि परीक्षा केंद्र में यदि छात्र के पास मोबाइल मिलता है तो इसे नकल प्रकरण मानकर कार्रवाई होगी। दरसअल, बहुत से छात्र परीक्षा केंद्र में मोबाइल लेकर पहुंच जाते हैं, लेकिन उसे बाहर रखने की बजाए कक्ष के भीतर रखकर परीक्षा देने लगते हैं। ऐसे में वीक्षक और उड़नदस्ता की जांच में मोबाइल मिलता है, भले ही वह उपयोग में नहीं है, लेकिन यह नकल साधन माना जाता है। इसलिए कक्ष के भीतर मोबाइल लेकर जाना पूरी तरह से वर्जित है।

नेशनल हाइवे पर बर्थडे सेलिब्रेशन

■ केक कटिंग और आतिशबाजी करते युवकों का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने सड़क पर आधी रात कारें खड़ी करके बोनट पर केक काटते और आतिशबाजी करते हुए हुड़दंग मचाते युवकों का वीडियो वायरल होने के बाद जुर्म दर्ज कर लिया है. खरोरा में मेन रोड पर मसल मनिया जिम चलाने वाले वकार आलम व उसके दोस्त सजल भाटिया समेत आधा दर्जन से ज्यादा युवकों की तलाश भी शुरू कर दी गई है. रिपोर्ट धरसींवा पवनी निवासी रवि धुरी ने लिखाई है. घटना 18-19 सितंबर की रात 12-साढ़े 12 बजे के बीच की है।

जानकारी के मुताबिक मसल मनिया जिम के सामने मेन रोड में वकार आलम का जन्मदिन मनाया गया. वकार और सजल भाटिया समेत उनके अन्य साथियों ने कार खड़ी करके रोड जाम कर दिया. कार के बोनट पर रखकर केक काटा गया. इसके बाद रोड पर ही आतिशबाजी की गई. एक युवक जलते हुए पटाखे की लड़ी लेकर सड़क पर दौड़ते हुए वीडियो में दिख रहा हैं. कई लोग युवकों के हुड़दंग और रोड जाम होने से परेशान हुए।

मामला दर्ज

आरोपियों के खिलाफ धारा 126(2), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच जारी है. वीडियो में दिख रहा वकार जिम चलाता है, जबकि सजल भाटिया कारोबारी परिवार से संबंधित है. कुछ युवक एक निजी विश्वविद्यालय के छात्र बताए गए हैं. एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

युवकों का वायरल वीडियो

इससे पहले बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक को रोककर रहिसजादों ने रील्स बनाई थी. मामले में चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की बेंच ने बिलासपुर पुलिस को ढिलाई बरतने के लिए कड़ी फटकार लगाई थी. जिसके बाद पुलिस ने वेदांत शर्मा और उसके साथियों को गिरफ्तार किया. मामले में लग्जरी कारों के जब्ती की कार्रवाई भी की गई।

गायता ठाकुर जोहारनी में शामिल हुए केदार

रायपुर/ नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप आज कोंडागांव जिले के ग्राम करियाकांटा और मूंगवाल में आयोजित गायता जोहारनी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में वन मंत्री कश्यप ने समाज के ईष्ट देवी देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही उन्होंने ग्राम मूंगवाल में 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित सर्व आदिवासी समाज भवन का लोकार्पण किया और विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति भी दी।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने सभी को गायता जोहारनी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी परम्परा बहुत पुरानी और समृद्ध है। आदिवासियों की खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा की अलग ही पहचान है। उन्होंने कहा कि हमें अपने इस पुरातन संस्कृति और समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करना है और भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासियों के विकास और सशक्तिकरण के लिए भगवान बिरसा मुंडा के नाम से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की गई है। शासन द्वारा आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए पेसा कानून, पांचवी अनुसूची और वन अधिकार सहित कई प्रावधान किए गए हैं।

चलका हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन की घोषणा

वन मंत्री श्री कश्यप ने ग्राम करियाकांटा में 20 लाख रूपए की लागत से डोम शेड और 30 लाख रूपए की लागत से बाजार शेड निर्माण की घोषणा की। इसी प्रकार मूंगवाल में डोम निर्माण, केजंग में माता गुड़ी निर्माण, पेरमा पाल में 2 नग पुलिया निर्माण, राज बेड़ा मार्ग में सी सी सड़क, मूंगवाल में घोटूल भवन, बयानार धान खरीदी केंद्र में शेड निर्माण, हाईस्कूल चलका का हायर सेकेंडरी में उन्नयन और राज बेड़ा मंदिर में सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की।

खरोरा, अभनपुर, गनौद समेत 34 गांवों में भूमि की खरीदी-बिक्री पर रोक हटी

■ मीडिया के हस्तक्षेप से नाबालिग को भेजा गया वापस

रायपुर/नवप्रदेश। खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित 278 किलोमीटर लंबी 5वीं एवं 6वीं रेलवे लाइन के निर्माण कार्य के मद्देनजर पूर्व में जिले के 34 ग्रामों की जमीन पर निर्माण तथा हस्तांतरण पर रोक लगा दी गई थी. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के प्रऐस्ताव के आधार पर जारी पुराने रोक आदेश में संशोधन करते हुए, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने 34 ग्रामों की भूमि नए निर्देश जारी कर दिए है। नए आदेश के तहत अभनपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले गिरोला, (बेलडीह) बेलभाठा, उरला, बकतरा, अभनपुर, सारखी, कोलर, खोरपा, पलौद, ढोढरा, खटटी, परसदा तथा गोबरा नवापारा तहसील के अंतर्गत ग्राम खरखराडीह, नवागांव, तर्रा, थनौद, जामगांव तथा खरोरा तहसील के अंतर्गत छड़िया, ग्राम आलेसुर, पचरी, पथराकुण्डी, नहारबीड व खरोरा, मांठ, बेलदारसिवनी, बुडेनी तथा तहसील मंदिर हसौद के ग्राम खौली, टिकारी, डिघारी, नारा, रीवा, गुजरा, धमनी, गनौद जैसे ग्रामों के चिन्हित खसरा नंबरों के चारों ओर 150 मीटर की परिधि में स्थित सभी भू-भागों पर क्रय-विक्रय, नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन, निर्माण कार्य व अन्य लाभप्रद गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है ।

तेंदुए का आतंक: युवक पर किया

गरियाबंद/ नवप्रदेश। जिले के फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के सोरिद वनलोहझर में तेंदुआ ने घात लगाकर एक युवक पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। साथ ही विभाग ने आसपास के ग्रामीण इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। वन अमले ने बनगवा, सोरीद, करपी, लोहझर, गुंडरदेही, बम्हणदेही और नागझर गांवों में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। ग्रामीणों को घरों से बाहर निकलते समय सतर्क रहने और बच्चों व पशुओं को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है।

नशा मुक्त भारत अभियान बनाने कलेक्टर ने दिलाई शपथ

सशक्त परिवार अभियान के तहत 'वूमेन वेलनेस वॉक' का आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' के तहत आज महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए ''वूमेन वेलनेस वॉक'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी

अधिकारी-कर्मचारियों और महिलाओं को स्वस्थ रहने और अपने परिवार को सशक्त बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के तहत आयोजित वूमेन वेलनेस वॉक में महिलाओं ने लगभग 5 किलोमीटर की दूरी चल कर तय की। यह वॉक दत्तात्रेय गार्डन से शुरू होकर रानी दुर्गावती चौक, तिराहा चौक, सारबहरा जोगीडोंगरी, अनीश चौक होते हुए मड़ना स्थित महफिल रेस्टोरेंट तक संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों में उत्साह और जागरूकता का विशेष उत्साह देखा गया।

वॉक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार की नींव होती है और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ''नशा मुक्त भारत अभियान'' की भी शपथ दिलाई गई। कलेक्टर श्रीमती मंडावी ने कहा कि देश की युवा शक्ति समाज एवं राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com